बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 12, अंक 10, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : हम हार के हकदार थे, विराट कोहली ने दिया बयान



अन्दर : कितनी कारगर साबित होगी असम-अरुणाचल सीमा विवाद को हल करने की पहल?

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# ड्रैगन को भारत की दो टूक

## चीन के रक्षामंत्री से राजनाथ ने कहा, सीमा पर कायम हो अमन-चैन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अपने चीनी समकक्ष ली शांगफू के साथ बातचीत की और माना जा रहा है कि इसमें उन्होंने पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद पर चर्चा की है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए शांगफू के दिल्ली पहुंचने के बाद यह बातचीत हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को दो टूक कहा है कि भारत पड़ोसी के साथ संबंध बेहतर बनाना चाहता है, लेकिन यह तभी हो सकता है जब सीमा पर अमन-चैन बहाल हो।

भारत एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। तीन साल पहले पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद यह चीन के रक्षा मंत्री की पहली भारत यात्रा है। सूत्रों के अनुसार, रक्षा मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग तभी आगे बढ़ सकता है जब सीमा पर अमन-

### खरी-खरी

### एलएसी पर तनाव कम करने को लेकर हुई चर्चा

चैन कायम हो। उन्होंने कहा कि तनाव कम करने की दिशा में डि-एस्क्लेशन होना चाहिए और सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद जताई। भारत चीन के साथ संबंध सुधारना चाहता है लेकिन ऐसा तभी हो सकता है जब सीमा पर अमन-चैन बहाल हो। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच वार्ता से कुछ दिन पहले सीमा विवाद को खत्म करने के लिए भारत और चीन की सेनाओं ने 18वें दौर की सैन्य वार्ता की थी। 23 अप्रैल को हुई कोर कमांडर वार्ता में दोनों पक्ष संपर्क बनाए रखने और पूर्वी लद्दाख में शेष मुद्दों पर जल्द से जल्द पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकालने पर सहमत हुए थे। हालांकि, विवाद खत्म करने के



लिए आगे बढ़ने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला था। भारत का कहना है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

गोवा में एससीओ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीनी विदेश मंत्री छिन कांग भी अगले सप्ताह भारत आने वाले हैं। बैठक चार और पांच मई को होनी है। सिंह ने बृहस्पतिवार को कजाकिस्तान, ईरान और ताजिकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ भी अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। पाकिस्तान को छोड़कर चीन, रूस और एससीओ के अन्य सदस्य देशों के रक्षा मंत्री दिल्ली में हो रही बैठक में भाग ले रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ऑनलाइन माध्यम से बैठक में हिस्सा लेंगे।

## दो किलो सोने के साथ डीआरआई ने दो तस्कर को दबोचा

**डीडीयू नगर।** डीडीयू स्टेशन पर वाराणसी डीआरआई टीम ने बुधवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर दो कैरियरों को दबोच लिया। आरोपितों की तलाशी में दो किलो सोना बरामद बरामद हुआ। बरामद सोना की कीमत लगभग एक करोड़ 16 लाख बताई जा रही है। डीआरआई की टीम आरोपितों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने में जुटी है। वाराणसी डीआरआई के अधिकारियों को बुधवार की देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि बिकानेर दुरंतो एक्सप्रेस से दो कैरियर सोना की खेप लेकर डीडीयू पर पहुंचेंगे। वही दानापुर पूणे एक्सप्रेस में सवार होकर जबलपुर जाएंगे। इसकी जानकारी होते ही डीआरआई की टीम डीडीयू स्टेशन पर पहुंची। तस्कर बिकानेर दुरंतो एक्सप्रेस से उतरकर जैसे ही दानापुर पूणे एक्सप्रेस को पकड़ने के लिए प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंचे। तभी डीआरआई की टीम ने आरोपितों को हिरासत में ले लिया। आरोपितों की तलाशी में दो किलो सोना बरामद हुआ। जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ 16 लाख है। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपित मध्य प्रदेश के जबलपुर निवासी कृष्णा पांडेय व राकेश कुमार है। आरोपितों के खिलाफ डीआरआई के अधिकारी कार्रवाई करने में जुटे है।

# यौन शोषण के आरोपों की बृजभूषण सिंह ने दी सफाई

### लोकसभा टिकट कटने का डर

### बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी से मिले कहा, रेसलर्स लगा रही अनर्गल आरोप

**लखनऊ।** महिला रेसलर्स के यौन शोषण के आरोपों से घिरे गोंडा के बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह ने बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी से मिलकर अपनी स्थिति साफ की। बताते हैं कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने भूपेन्द्र सिंह चौधरी को बताया है कि महिला रेसलर्स उन पर अनर्गल आरोप लगा रही हैं। आरोपों को लेकर केन्द्र सरकार ने एक कमेटी भी गठित की थी। कमेटी ने भी उन्हें क्लीन चिट दे दी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बृजभूषण सिंह इस बात से चिंतित हैं कि इन आरोपों के चलते कहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका टिकट न कट जाए। इसके अलावा बृजभूषण सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि निकाय चुनाव में गोंडा में बागियों के चुनाव मैदान में डटे रहने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। बृजभूषण सिंह पर यह आरोप लग रहा था कि उनके मनचाहे प्रत्याशियों को नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर नगर पंचायतों के अध्यक्ष और सभासद





का टिकट न मिलने पर उनके (बृज भूषण सिंह) उकसावे पर ही गोंडा में बागी चुनाव मैदान में उतर गए हैं। इसीलिए बृजभूषण सिंह मंगलवार को अवध क्षेत्र की बैठक में शिरकत कर रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी से मिलने पहुंच गए थे। तब भूपेन्द्र सिंह ने उनसे अकेले में मिलने के लिए कहा था। इसीलिए बुधवार को बृजभूषण सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की।







# मंडलीय अस्पताल की पानी टंकी में मिली लाश, हड़कंप

**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में गुरुवार को परिसर में पानी की सप्लाई होने वाली टंकी में बदबू आने से कर्मचारी जब टंकी पर पहुंचे तो उसमें लाश देखकर अवाक रह गये। इसकी सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। मौके पर कोतवाली पुलिस के अलावा डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम भी पहुंचे। उन्होंने मौके पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मंगायी और डेडबॉडी को अपनी मौजूदगी में नीचे उतरवाया और पीएम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार एसएसपीजी मण्डलीय अस्पताल के पूरे परिसर में पानी की आपूर्ति को 25 हजार लीटर पानी की टंकी है। इसी टंकी से पूरे परिसर में पानी की सप्लाई होती है। गुरुवार को टंकी के पानी से बदबू आने पर कुछ कर्मचारी

### सनसनी

### 25 हजार लीटर क्षमता की टंकी से पूरे अस्पताल में होती है पानी की सप्लाई

### पानी में बदबू आने पर हुई जानकारी, तीन साल पहले भी अस्पताल में मिली थी लाश

ने किसी जानवर के मरने की आशंका में करीब छह मंजिल ऊपर बने टंकी में झांका तो उसमें लाश देखकर अवाक रह गया। इसकी सूचना अधिकारियों की दी। सूचना पर आई पुलिस ने बाद में कुछ कर्मचारियों को टंकी पर चढ़ाया तो देखा कि आधी भरी टंकी में लाश उतराई है, फिर पानी की टंकी ने पानी भरकर शव ऊपर लाया गया। कइयों से पूछताछ के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। डेडबॉडी एक सप्ताह पुरानी बतायी गयी। अस्पताल के एसआईसी



डॉ एसपी सिंह का कहना है कि पानी में बदबू की शिकायत पर कमचार्री को टंकी की जांच के लिए भेजा गया, जहां लाश का पता चला। उधर, इसी अस्पताल में करीब तीन वर्ष पहले भी अस्पताल परिसर के नये ओपीडी के पीछे दवा की दुकान पर काम करने वाले राजन यादव नामक व्यक्ति की भी लाश मिली थी।

# खरगे की फिसली जुबान, फिर मांगी माफी

## कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-जहरीले सांप जैसे हैं मोदी, जहर चखेंगे तो आप मर जाएंगे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जुबान फिसल गई। उन्होंने पीएम मोदी को लेकर एक विवादित बयान दिया है। दरअसल, खरगे राज्य में पार्टी का चुनाव प्रचार करने के लिए कलबुर्गी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पहले पीएम मोदी को अच्छा इंसान बताया और फिर उनकी भाषा अभद्र होती चली गई। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं। यदि आप इसके संपर्क में आते हैं तो आपकी जान चली जाएगी।

हालांकि, खरगे ने इस पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी के लिए नहीं बोल रहा था। मेरा मतलब था कि बीजेपी की विचारधारा सांप की तरह है। मैंने पीएम मोदी के लिए व्यक्तिगत रूप से यह कभी नहीं कहा। मैंने जो कहा था कि उनकी विचारधारा सांप की तरह है और यदि आप इसे छूने की कोशिश करते हैं, तो आपकी मृत्यु

### सियासी जंग

### गुजरात चुनाव में बोला था रावण, अमित मालवीय ने किया पलटवार

### सत्ता के लिए बौखला रही है कांग्रेसः अनुराग ठाकुर

निश्चित है। मामले में जब विवाद बढ़ता चला गया तो खरगे ने ट्विटर के जरिए भी स्पष्टीकरण दिया और माफी भी मांगी। खरगे ने कहा कि भाजपा की विचारधारा विभाजनकारी, वैमनस्यपूर्ण और गरीबों व दलितों के प्रति नफरत व पूर्वाग्रह से भरी है। मैंने इसी नफरत व द्वेष की राजनीति की चर्चा की। मेरा बयान न व्यक्तिगत तौर से प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए था, ना किसी और व्यक्ति विशेष के लिए। प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारी लड़ाई निजी लड़ाई नहीं है। वैचारिक लड़ाई है। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा किसी की भावना आहत करने का नहीं था और अगर जाने



अनजाने में किसी की भावना आहत हुई तो ये मेरी मंशा कदापि नहीं थी और न ही यह मेरे लंबे राजनीतिक जीवन का आचरण है। मैंने सदा दोस्तों व विरोधियों के प्रति राजनीतिक शुचिता की मर्यादाओं और परंपराओं को निभाया है और जीवन के आखिरी सांस तक निभाउंगा। उन्होंने कहा कि मैं बड़े पदों पर बैठे लोगों की तरह व्यक्तियों और उनकी तकलीफों का मजाक नहीं उड़ाता, क्योंकि मैंने गरीबों व दलितों का दुख दर्द देखा भी है और सहा भी है। मेरी राजनीतिक लड़ाई उनकी राजनीति के खिलाफ थी, है और हमेशा रहेगी। उन्होंने पीएम को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस पार्टी को आत्ममंथन करने की सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्तर दिन पर दिन गिरता जा रहा है। पीएम को लेकर उनकी भाषा दिन पर दिन अभद्र होती जा रही है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रमुख की खिंचाई की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी अध्यक्ष बनाया, लेकिन कोई भी उन्हें ऐसा नहीं मानता, इसलिए उन्होंने ऐसा बयान देने के बारे में सोचा, जो सोनिया गांधी की ओर से दिए गए बयान से भी बदतर हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बार-बार चुनावों में हार और कांग्रेस की बौखलाहट ये कहीं न कहीं कांग्रेस की मजबूरी बन जाती है पीएम मोदी को अपमानित करने की, गालियां निकालने की।

# अंगदान के लिए 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बड़ी सर्जरी के बाद ठीक होने में लगने वाले समय को देखते हुए अपने कर्मचारियों को अंगदान के लिए 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश देने का फैसला किया है। फिलहाल इसके लिए 30 दिन के विशेष अवकाश का प्रावधान है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि दानकर्त्ता से अंग निकालना एक बड़ी सर्जरी है जिससे ठीक होने में समय लगता है। विशेष आकस्मिक अवकाश में अस्पताल में भर्ती होने और भर्ती होने के बाद की अवधि दोनों शामिल हैं।आदेश में कहा गया है कि इसके अलावा, दूसरे इंसान

### सुविधा

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए सरकार ने लिया फैसला

### अंगदान को बढ़ावा देने की कवायद

की मदद करने और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बीच अंगदान को बढ़ावा देने की नेक गतिविधि को ध्यान में रखते हुए जनहित में एक विशेष कल्याणकारी उपाय के रूप में अब यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र सरकार के एक कर्मचारी को किसी अन्य मानव को



अपना अंगदान करने के लिए अधिकतम 42 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाए। आदेश में कहा गया है कि दानकर्त्ता के अंग को निकालने के लिए किसी भी प्रकार की सर्जरी के बावजूद विशेष आकस्मिक अवकाश की अवधि सरकारी पंजीकृत चिकित्सक/ चिकित्सक की संस्तुति के अनुसार अधिकतम 42 दिन होगी। यह अवकाश सभी जीवित दाताओं को प्रदान की जाएगी बशर्ते कि दाता को मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के अनुसार सरकारी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा अंगदान के लिए विधिवत रूप से अनुमोदित किया गया हो।

कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि वह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परामर्श से प्राप्त कई संदर्भों या प्रश्नों के आलोक में अंगदाताओं को विशेष आकस्मिक अवकाश देने पर विचार किया गया है।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे यूपी के तीन आईपीएस

**लखनऊ।** यूपी के तीन आईपीएस अफसरों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती दी गई है। आईपीएस सुजाता सिंह को राष्ट्रीय जांच एजेंसी में एसपी के पद पर तैनाती दी गई है। उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। इसी तरह आईपीएस सत्येंद्र सिंह और आईपीएस डॉ. मीनाक्षी कात्यायन को भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा। इस संबंध में केंद्र से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। केंद्र ने दोनों ही अफसरों का जल्द ही भेजने का अनुरोध किया है।

**आईपीएस सुजाता सिंह एनआईए की एसपी बनीं**

# बागियों को मनाने में भाजपा ने लगाया जोर

### यूपी निकाय चुनाव

### न माने तो होगी कड़ी कार्रवाई सूची हो रही तैयार

**लखनऊ।** यूपी निकाय चुनाव में भाजपा के बागियों को मनाने और चुनाव प्रबंधन कर सभी 17 नगर निगम में जीत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पार्टी के नेताओं ने पूरा जोर लगा दिया है। निकाय चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन वापसी का बृहस्पतिवार को अंतिम दिन था। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह सहित सरकार के मंत्रियों ने बुधवार को बागियों से संपर्क साधा।



बागी उम्मीदवारों को भविष्य में सरकार या संगठन में समायोजन का वादा करते हुए मैदान छोड़ने का आग्रह किया। विभिन्न जिलों से जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों ने भी बागियों से संपर्क कर उनकी फोन पर चौधरी और धर्मपाल सिंह से बात कराई। सूत्रों का कहना है कि निकाय चुनाव के बाद भी जिन बागियों के कारण भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में नुकसान होगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पार्टी की ओर से चुनाव में जिलाध्यक्षों की भूमिका पर भी नजर रखी जा रही है। जिन विधायक, सांसद या मंत्री के रिश्तेदार सहित अन्य करीबी चुनावी मैदान में बगावत कर रहे हैं उनकी भी सूची तैयार की जा रही है।

# सूडान से अब तक 1100 भारतीयों का रेस्क्यू

## जंगी जहाज तरकश सूडान में तैनात, सूडान में 3500 भारतीय फंसे हैं

**नई दिल्ली।** सूडान में सिविल वॉर के बीच ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीयों को निकाला जा रहा है। इसके तीसरे दिन गुरुवार दोपहर को 246 भारतीयों के दूसरा बैच को आईएएफ के सी17 ग्लोबमास्टर से मुंबई लाया गया। इससे पहले बुधवार देर रात 367 नागरिकों का पहला बैच सऊदी अरब के जेद्दाह से नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। एयरपोर्ट पर पहुंचे लोगों ने 'भारत माता की जय, इंडियन आर्मी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए। रेस्क्यू की गई एक बच्ची ने कहा- हम वहां किसी भी पल मारे जा सकते थे।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को मिशन कावेरी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद जल्द से जल्द अपने लोगों को सेफ जगह भेजकर उन्हें भारत लाना है। सूडान में हालात बेहद खराब हैं, हम हर भारतीय को वहां से बाहर निकालेंगे।क्वात्रा के मुताबिक वहां

### राहत

### एयरफोर्स का ग्लोबमास्टर 246 लोगों को लेकर मुंबई पहुंचा

### दिल्ली लौटे भारतीयों की आपबीती- हम नहीं जानते थे कि हम में से कौन जिंदा रहेगा

अभी 3500 भारतीय और 1000 इंडियन ओरिजिन यानी भारतीय मूल के लोग फंसे हुए हैं। उन्हें वहां से निकालने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंनो ने बताया कि भारतीयों को लाने के लिए क्ठर तरकश भी पोर्ट सूडान पहुंच चुका है।

सूडान से अब तक 1100 भारतीयों को समुद्री और हवाई रास्ते से सऊदी अरब लाया जा चुका है। इनमें से 367 भारतीय बुधवार रात जेद्दाह से नई दिल्ली पहुंचे। बाकी सभी जेद्दाह में हैं। इन्हें भी जल्द भारत लाया जाएगा।



सूडान में सिविल वॉर के पहले तक भारतीयों की संख्या 4,000 से ज्यादा थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर सूडान से आईं ज्योति ने बताया, 'हमें नहीं पता था कि हम में से कौन जिंदा रहेगा। हमने घरों को बमों से उड़ते देखा। ऑफिस के साथियों को बंदूक की नोक पर बंधे देखा। हम अपने साथ पैसे भी नहीं लाए, क्योंकि वहां की सेना हमें लूट और मार सकती थी।' कुछ लोगों का कहना था कि हमारी आंखों के सामने फायरिंग हो रही थी। सूडान सैन्य बल के धड़े आरएसएफ का टेंट हमारी कंपनी के पास लगाया गया था। सुबह ही सुरक्षाबल कंपनी में घुस गए और हमारे साथ लूटपाट की। उन्होंने हमें 8 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। हमारे सीने पर राइफल रखी और हमें लूट लिया। हमारे मोबाइल-पैसे छीन लिए।

एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि हम दूतावास के संपर्क में रहे और उन्हें बसों की व्यवस्था करने के लिए कहा; क्योंकि हमारे पास डीजल था। इसके बाद हमारे पास भारतीय नौसेना के लोग पहुंचे। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, 'ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से 1100 भारतीयों को अब तक निकाला जा चुका है।' इस रेस्क्यू ऑपरेशन को नेवी के जहाज आईएनएस सुमेधा और भारतीय वायु सेना के सी-130जे एयरक्राफ्ट के जरिए अंजाम दिया जा रहा है। सूडान से पहले बैच में 278 लोगों को रेस्क्यू किया गया था। दूसरे और तीसरे बैच में 121 और 135 लोगों को निकाला गया। चौथे और पांचवें बैच में 136 और 297 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। वहीं गुरुवार सुबह छठे बैच में 128 लोगों को सूडान से जेद्दाह लाया गया है।

## बीएसपी प्रत्याशी ने थामा भाजपा का दामन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में मतदान दूर है, लेकिन राजनीतिक उठापटक और जोड़तोड़ अभी से शुरू हो गई है। इसमें सबसे पहला नाम बसपा प्रत्याशी का जुड़ गया है, जिन्होंने भाजपा में शामिल होकर चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया है। ऐनवक्त पर लिए गए इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है। बहुजना समाज पार्टी ने प्रशांत गुप्ता (पीजी) की पत्नी पूजा गुप्ता को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 24 अप्रैल को टिकट दिया था, जिसके बाद उन्होंने नामांकन पत्र जमा भी कर दिया। इसके बाद पार्टी नेता व कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में जुट गए थे। वहीं मतदान से पहले पूजा गुप्ता ने बसपा को बड़ा झटका देते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। ये खबर जब बसपा नेताओं को मिली तो उनके पसीने छूट गए।प्रशांत गुप्ता (पीजी) अपनी पत्नी पूजा गुप्ता के साथ बृहस्पतिवार को भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद पूजा गुप्ता ने चुनाव से अपना पर्चा वापस ले लिया।

# 12 मई तक सिसोदिया की हिरासत बढ़ी

### शराब घोटाला

### कोर्ट ने ई चार्जशीट देने का सीबीआई को दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े घोटाले के सीबीआई के मामले में कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को न्यायिक हिरासत खत्म होने पर सिसोदिया को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। मनीष सिसोदिया के वकील ने राउज एवन्यू कोर्ट को बताया कि सीबीआई मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को चार्जशीट की ई कॉपी मनीष सिसोदिया को देने का निर्देश दिया। बता दें कि इससे पहले 25 अप्रैल को सीबीआई ने शराब घोटाले के मामले में पहली बार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। जांच एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए



पहले पूरक आरोप पत्र में सिसोदिया के साथ ही शराब कारोबारी अमनदीप सिंह ढल, अर्जुन पांडे व हैदराबाद के सीए बुच्ची बाबू गोरंटला का भी नाम शामिल है। इसके अलावा शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट 28 अप्रैल को शाम चार बजे निर्णय सुनाएगा। निर्णय तैयार नहीं होने के कारण बुधवार को फैसला नहीं सुनाया गया। 18 अप्रैल को अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

संक्षेप

### चुनाव को लेकर सभासद प्रत्याशियों ने कसी कमर घर-घर दे रहे हैं दस्तक

**प्रयागराज।** आगामी सभासद चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में जोर शोर से चुनाव प्रचार प्रसार की ताकत बढ़ा दी है। युवाओ मे भी काफी जोश देखने को मिल रहा है। प्रयागराज मे इस बार काफी संख्या मे युवा प्रत्याशियों चुनाव मैदान मे दिखे। युवाओं मे राजनीती के प्रति तेजी से बढ़ रहा क्रेज,वही संवादाता ने युवा सभासद प्रत्याशी आदर्श कुमार उर्फ अंशू से जन सम्पर्क के दौरान बात चीत की युवा प्रत्याशी अपने क्षेत्र के लोगों से जन सम्पर्क करते नजर आये उन्होंने ने बताया की मेरी पहली प्राथमिकता जनता की समस्या को दूर करना उनकी हर छोटी बड़ी दिक्कतों दूर करने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा। हमारे क्षेत्र मे हर वर्ग के लोग रहते है सभी मेरे भाई बंधु है अगर क्षेत्र माता बहन, भाई बंधु मुझे आशीर्वाद देते है तो जरूर मेरा जीवन उनके प्रति समर्पित कर दूंगा। अंशू चलते चलते वोट की अपील करते रहे औ? वादा पर अटल रहे कहा जीतने के बाद क्षेत्र के लोगों ने शिकायत का मौका नहीं दूंगा हर वक्त दुःख सुख मे क्षेत्र वासियों के साथ खड़ा रहूंगा।

# परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन ने मनाई खुशी

## श्रीकाशी प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज कठौली के बेहतर अंक पाने वाले छात्र सम्मानित


बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते अजीत सिंह

**मेजा।** श्रीकाशी प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज कठौली में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक अजीत सिंह ने कहा कि यह परीक्षा जो आप उत्तीर्ण किए हैं यह सिर्फ. आपकी परीक्षा नहीं थी यह परीक्षा विद्यालय के अध्यापकों की भी परीक्षा थी जब आप पूरे वर्ष पठन पाठन के बाद परीक्षा देते हैं उसके बाद परीक्षा फल का जितना इंतजार आपको रहता है उतना इंतजार अध्यापकों को भी रहता है कि मैंने अपने छात्रों को जो पढ़ाया है उसका क्या परिणाम आता है उसके परिणाम पर ही अध्यापकों को भी खुशी होती है इस बार का परीक्षा परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जो छात्र छात्रायें सर्वाधिक अंक प्राप्त किए है वे कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहते थे इसलिए मैं छात्रों से यह जरूर कहना चाहता हूँ की आप विद्यालय में अगर नियमित आते हैं तो आपको कभी भी परिणाम से निराशा नहीं प्राप्त होगी विद्यालय आने पर पाठ्यक्रम के साथ साथ छात्रों का सर्वांगीण विकास भी होताहै है इस अवसर पर हाईस्कूल सुधीर यादव 523/600 87.16%, वैभव शुक्ला 512/600 85.33%, संस्कृति मिश्रा 504/600 84%, सृजल शुक्ला 488/600 81.33%, अनीश 475/600 79.16% इण्टर सेजल शर्मा 418/500 83.6%, सुमित तिवारी 410/500 82%, रोशनी गुप्ता 395/500 79%।

इन छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कीर्ति प्रकाश द्विवेदी,श्री माधवेन्द्र नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माँड़ा के श्री कृष्ण मुरारी तिवारी,एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।


परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ विद्यालय प्रबंधन

## राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज लखनपुर के छात्रों ने परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन


**मेजा।** क्षेत्र के राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज के छात्र –छात्राओं ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन से अभिभावक सहित विद्यालय प्रबंधन में भी काफी उत्साह देखने को मिला। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों में मीनाक्षी पटेल 81%,ऋषभ जायसवाल, 79%, सौम्या प्रजापति 78%, नंदिनी सरोज 76%, प्रत्यक्ष तिवारी 76%, कमलराज पटेल 75%, रामकृष्ण प्रजापति74%, काजल यादव 74%, अंजू पटेल 74% रही। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों ने को बधाई दी है, प्रबंधक नीलम तिवारी ने कहा कि बच्चों ने अधिकतम मार्क प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है , उन्होंने बताया कि सभी 100 प्रतिशत छात्र व छात्राएं पास हुए है।


## यू पी बोर्ड हाई स्कूल, इंटर में मऊआइमा स्टैंडर्ड इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया मान


### इण्टरमीडिएट के होनहार


मो0 अब्बास (88.6%)



प्रदीप सोनी (87%)



अरूण सिंह (86.6%)



फारिया बानो (84.2%)


मो0 अयान (83.2%)



सलोनी (82.6%)


तहसीन बानो (82.4%)


अल्शिफा जावेद (82.4%)



मो0 हुसैफा (82.2%)



अक्शानाज (81.6%)


अवंतिका पाण्डेय (81.4%)



सर्जील अंसारी (81.4%)


### हाईस्कूल के होनहार


अबूहस्सान (92%)


सयद अहमद (88.67%)


एहतेशाम (87%)


आरिफ अली (85.67%)


रंजना (85%)


मो0 शारिक (81%)

(अनुराग-82.3%) (मुस्कान-81.8%) (प्रियंका यादव-81.5%)

## अबू हस्सान अंसारी ने हाई स्कूल में मऊआइमा के बने टॉप, इन्टर में मोहम्मद अब्बास ने बाजी मारी

### परिवारजनों में खुशी की लहर पास पड़ोस के लोगों ने भी बधाई दी


अबू हस्सान अंसारी

**मऊआइमा।** यूपी बोर्ड प्रयागराज हाई स्कूल एंव इंटरमीडिएट परिक्षा का परीणाम अभी हाल ही में आया। जिसमें बहुत से छात्र और छात्राओं ने अपनी मेहनत के जरिए अपने माता-पिता और गुरुजनों और स्कूल का नाम रोशन किए। इसी क्रम में मऊआइमा विकासखंड स्थित स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र अबू हस्सान अंसारी ने हाई स्कूल के परिणाम में 552 नंबर हासिल कर मऊआइमा टॉप किया। अबू हस्सान अंसारी मऊआइमा कस्बे के मोहल्ला आजमपुर के रहने वाले हैं। परिवारजनों में खुशी की लहर है, इस मौके पर युवा आलिम मुफ्ती फजलुर रहमान इलाहाबादी ने मुबारकबाद पेश की, उन्होंने कहा शिक्षा अत्यंत जरूरी है, समद अहमद ने दूसरा स्थान हासिल किया उन्होंने 532 नंबर हासिल किया आरिफ अली ने 514 नंबर हासिल किया जबकि पांचवां स्थान पर रंजना 510 रही। इन्टर मीडिएट में मोहम्मद अब्बास ने 88 % नंबर हासिल कर स्टैंडर्ड का नाम किया, उन्होंने 443 नंबर हासिल किया दूसरे स्थान पर प्रदीप सोनी रहे। जिन्होंने 435 नंबर हासिल किए तीसरे स्थान पर अरुण सिंह रहे जिन्होंने 433 नंबर हासिल किया चौथे स्थान पर फरिया बानों रहीं, उन्होंने 421 नंबर हासिल किया, पांचवा स्थान पर मोहम्मद अमान रहे जिन्होंने 416 नंबर हासिल किए , इस प्रकार हाईस्कूल में 98% इन्टर मीडिएटर में 99 % स्टैंडर्ड इंटरमीडिएट ने हासिल किया, प्रधानाचार्य राकेश यादव, प्रबंधक मोहम्मद युनुस और तमाम शिक्षकों ने सभी को बहुत-बहुत बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, अबू हसन अंसारी के मऊआइमा टॉप करने पर पूर्व चेयरमैन हाजी शोएब अंसारी ने बहुत-बहुत बधाई दी इसी तरह सालिम अंसारी, समाजसेवी उमैर जलाल, शमीम अहमद, फरोग महमूद आदि ने बधाई दी ।

संक्षेप

### यूपी बोर्ड परीक्षा मे उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**उतरांव।** धनुपुर ब्लाक के मिरापट्टी निमिथरिया गांव स्थित आर एन सिंह पटेल इंटर मीडियट कालेज का राजल्ट रहा शत प्रतिशत। बोर्ड परीक्षा परिणाम मे सफल हुए हुए छात्र छात्राओं को कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया सम्मानित। 25 अप्रैल को यूपीबोर्ड परीक्षा का परिणाम दोपहर बाद आया तो छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी गई।वहीं आर एन सिंह पटेल इंटर कालेज के प्रतिमा 92.8%,शिवानी यादव 91.8%,श्रद्धा पटेल 91.4%, शिवानी मौर्या 89. 6%,ममता पटेल 87.8%,,रुजदा बानो 87.8%,ऐमन बानो 87.2%,शिवराज पटेल 85.6%,आतिश कुमार84%, दिग्विजय सिंह 83.2% और हाईस्कूल की कीर्ति पटेल 93.6%, विवेक कुमार 93.16%, अंकुर पटेल 93 %,प्राची पटेल 92.66%, दीक्षा पटेल 92.5%,दिव्यांश सिंह 92.5%विश्व जीत 91.8%शत प्रतिशत अंक पाकर आर एन सिंह पटेल कालेज का नाम रोशन किया गया है। आर एन सिंह पटेल के प्रबंधक राधेश्याम पटेल,इंटर मीडियट और हाईस्कूल को छात्र छात्राओं को शबशी देते हुए सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कमाना की। और प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को कहा की पढ़ाई लिखाई मन लगाकर करना चाहिए मन लगाकर किया गया कार्य मे सफलता जरूर मिलती है।और आगे कहा की शिक्षक और छात्र के बीच मधुर समन्ध से ही कोई अच्छा परिणाम सामने आ सकता है।जिससे वे अपना तथा विद्यालय का इस देश का गौरव बढ़ा सकते है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त अध्यापक और अध्यापिका मौजूद रहे।

### प्रभात फेरी निकाल कर दिया पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश



**नैनी।** पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आरआरबी कान्वेंट स्कूल एडीए कालोनी की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यार्थी पृथ्वी पर पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए सड़कों पर निकले। स्कूल के प्रबंधक राजेश मिश्र व पिंकेश मिश्र ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है। प्रधानाचार्या सुलेखा मिश्रा ने बच्चों को पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने पर्यावरण को सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त और अपनी पृथ्वी को हरा–भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### चित्रगुप्त वंशज सभा के उपाध्यक्ष को भ्राता शोक

**नैनी।** चित्रगुप्त वंशज सभा की एक शोक सभा चित्रगुप्त वंशज सभा के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव के निवास स्थान पर हुई, जिसमे वंशज सभा के उपाध्यक्ष संजीव सक्सेना के बड़े भाई राजीव सक्सेना की असामयिक मृत्यु होने पर दुख व्यक्त किया गया, सभा के सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई और यह प्रार्थना की गई की ईश्वर मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान एवम् परिवारजनों को इस दुखद समय को सहने की शक्ति प्रदान करे। सभा में विनोद श्रीवास्तव, आर एन श्रीवास्तव, सी एम सर, जीत श्रीवास्तव, सलिल श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, मयंक सक्सेना व अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे ।

### दिवंगत देवराज बडुगु की स्मृति में शुआट्स में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रयागराज।** ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्धाटन 26 अप्रैल, 2023 को शुआट्स के बैडमिंटन कोर्ट में किया गया। निदेशक शोध प्रो. (डॉ.) शैलेश मार्कर ने टूनार्मेंट का उद्धाटन किया। कार्यवाहक रजिस्ट्रार और एथलेटिक्स समिति के अध्यक्ष, डॉ. सी. जॉन वेस्ले ने विश्वविद्यालय में खेल और खेल गतिविधियों में स्वर्गीय डॉ. देवराज बडुगु के योगदान के लिये टूनार्मेंट को उनके नाम पर समर्पित किया। उद्धाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) शैलेश मार्कर को एथलेटिक समिति के अध्यक्ष डॉ. सी. जॉन वेस्ले द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों से सच्ची खेल पुरुष भावना से खेलने और आपसी सदभाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से उच्च मनोवृत्ति रखने और खेल को सकारात्मक तरीके से खेलने का आग्रह किया। उन्होंने आगे छात्रों के व्यक्तिगत, शारीरिक और सामाजिक कल्याण में खेल और खेलों के लाभों और प्रभावों पर जोर दिया। उद्धाटन सत्र के दौरान छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य पेश किया। स्वर्गीय डॉ. देवराज बडागू और स्वर्गीय प्रो. (डॉ.) रॉबिन एल. प्रसाद की स्मृति में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। पुरुष युगल वर्ग में उद्धाटन मैच डॉ. सी. जॉन वेस्ले और दिव्या देव कीर्ति बनाम सत्यम गौर और वीरेंद्र कुमार ने खेला। यह मैच डॉ. सी. जॉन वेस्ली और दिव्या देव कीर्ति ने 21–15, 12–21, 21–19 के स्कोर से जीता। बैडमिंटन कोच श्री तनवीर अहमद ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के आयोजन सचिव थे। इस अवसर पर डॉ. इंद्रेश रजवाडे, श्री यशब कुमार सहित शारीरिक शिक्षा स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं भी उपस्थित थे।

## शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर्य : डीसीपी गांगानगर

**मऊआइमा।** यदि किसी ने भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किया तो उसकी खैर नहीं है। जेल जाना तय है।उक्त बातें प्रत्याशियों की बैठक में डी सी पी गंगानगर अभिषेक भारतीय ने कही। मौजूद सभी प्रत्याशियों को आगाह किया कि पैसा बांटते, शराब बांटने ,धमकाने तथा जबरियन धमका कर वोट लेने की कोशिश करने आदि की सूचना मिलते ही प्रत्याशी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। बैठक में ए सी पी मनोज सिंह, इंस्पेक्टर सुरेश सिंह सहित समस्त थाने के स्टाप के साथ पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी, मोहम्मद आलम, मो शमीम, अय्यूब अंसारी, तौकीर अहमद, रिजवान, रवि साहू, प्रदीप केसरवानी, सहित समस्त प्रत्याशी गण मौजूद थे।

# उज्वला गैस सिलेंडर लेकर रफू चक्कर, गरीब परेशान

धोखाधड़ी

### आदिवासी बस्ती में महीनों से लकड़ी के चूल्हे पर बना रही रोटी, आग से गृहस्थी जलने का संकेत

**लालापुर।** जहाँ एक तरफ सरकार ने हर गांव में सभी गरीब परिवार को उज्वला गैस सिलेंडर दिया था।ताकि किसी भी गरीब के घर मे मिट्टी के चूल्हे पर खाना न बन सके। इससे जहां एक तरफ प्रदूषण होता था वही दूसरी तरफ चूल्हे की आग की चिंगारी से कई घरों की गृहस्थी जलकर राख हो जाती थी।

उज्वला गैस योजना के तहत ब्लाक जसरा अंतर्गत ग्राम सोनौरी के आदिवासी बस्ती परिवार में लगभग 15 कनेक्शन सहित सिलेंडर वर्ष भर पहले राज लक्ष्मी इंडियन गैस एजेंसी महेवा नैनी के द्वारा दिया गया था।सभी घरों में गैस चूल्हा पर खाना बनने लगा गरीबो ने सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा की। वही सरकार की छवि धूमिल करने की भरपूर कोशिस किया। राजलक्ष्मी इंडियन गैस एजेंसी महेवा नैनी लालापुर के गाड़ी द्वारा गैस डिलवरी संचालन करने वाले कर्मचारी ने बीते अक्टूबर में लगभग 15 गैस सिलेंडर निहायत गरीब आदिवासी महिलाओं से ये कहकर उठा ले गया कि माननीय प्रधामनंत्री मोदी जी के तरफ से आदेश है दीपावली त्यौहार पर भरा हुआ उज्वला गैस सिलेंडर मिलेगा। सीधी साधी आदिवासी महिला ग्राम सोनौरी की पानकली, शांति देवी, श्याम कली, खुसबू, उर्मिला, संगीता, ममता, बेला, राधा देवी, बिमल देवी ने खाली सिलेंडर दे दिया उसके बाद आज तक वाहन डिलेवरी संचालन कर्मचारी ने गरीबो का गैस सिलेंडर वापस नही किया। दर्जनों घर मे मिट्टी के चूल्हे पर आग जलाकर लकड़ी से बन रहा है खाना। कइयो के घर मे होनी है सादी आदिवासी महिलाएं सिलेंडर न मिलने से बहुत परेशान है। डिलेवरी गाड़ी आती है रुकता नही फोन करने पर फोन भी उठाना बन्द कर दिया है जिससे काफी परेशान है।


मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाती महिला

वही एजेंसी संचालिका विजय लक्ष्मी का कहना है मुझे पता नही है अगर इस तरह कार्य मेरे कर्मचारी के द्वारा किया गया है तो तत्काल सभी का सिलेंडर वापस करवा दूंगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मऊआइमा के शोएब अंसारी के अभेद किले को ढहाना आसान नहीं?

### अध्यक्ष पद का चुनावी पारा चढ चुका है हर प्रत्याशी पूर्व चुनावों की तरह अपनी बढत बता रहे हैं

### हैट्रिक मार चुके सपा के शोएब अंसारी को हराना आसान नहीं है?




**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। हर प्रत्याशी अपनी जीत का गुणगान कर रहे हैं ।मगर सपा से लगातार हैट्रिक मार चुके शोएब अंसारी के अभेद किले को ढाना किसी के बूते से बस की बात नहीं है।

मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में सपा से शोएब अंसारी, बसपा से अय्यूब अंसारी ,भाजपा से मोहम्मद आलम राजनीतिक दलों से उम्मीदवार हैं। शेष डमी के रूप में चुनाव में हैं। डमी महज एजेंट बनने के लिए उम्मीदवार बने हुए हैं। डमी अपना वोट न मांग कर भाजपा के लिए मतों की भीख मांग रहे हैं। जहां तक बसपा के अय्यूब अंसारी के चुनाव का प्रश्न है। वह कई बार चुनाव लडे परन्तु जीत से कोसों दूर रहे हैं। भाजपा से जहां तक मोहम्मद आलम का सवाल है वह पहली बार चुनावी अखाड़े में कूदें हैं। इसके पूर्व मऊआइमा के इतिहास में आज तक कमल नहीं खिल पाया है।चूंकि मुस्लिम बहुल्य इस नगर पंचायत क्षेत्र से आज तक मुस्लिम समुदाय के ही चेयरमैन रहे हैं। इस बार पहली बार भाजपा ने मुस्लिम चेहरे पर दांव खेला है। । युवा मतदाताओं के अनुसार वह कभी मोहम्मद आलम को नहीं देखें हैं। अब इस चुनाव में देख रहे हैं। हालांकि मोहम्मद आलम इसी कस्बे के मोहल्ला कजियाना कलां के निवासी हैं। एक व्यापारी होने के कारण कभी भी चुनाव में दिल चस्पी नहीं देखाए। जबकि वह हमेशा प्रत्याशियों के चुनाव में दूर से समर्थन दिए हैं। पहली बार चुनाव लडने के कारण नगर क्षेत्र के भौगौलिक स्थिति के बारे में अनजान हैं। उनहें पहले क्षेत्र के हर वार्डों के गली, कूचों को जानने फिर अपना परिचय देने में काफी देर हो सकती है? जहां तक सपा के शोएब अंसारी का सवाल है वह भी एक बहुत बडे व्यापारी हैं।एंव राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं। चुनाव जीतने के बाद भी रोजमर्रा नगर पंचायत का बाइकों से हर गली ,कूचों में समस्या सुनते मिल जाएगें। सफाई व्यवस्था में जिले में नम्बर दो पर लाने में श्रेय उन्ही को मिलता है। यही नहीं नगर पंचायत में जगह जगह सुलभ शौचालय, पार्क, जहां पानी नहीं पहुंच पाता समरसेबल के जलिए पानी मुहैया कराया , हर स्थान पर सोलर लाईटें, हर खम्बे में मर्करी, पीएम आवास के तहत लगभग डेढ हजार मुफ्त आवास ,रिश्वतखोरी पर कर्मचारी को हटाना, गमी खुशी में शामिल होने के अलावा कोरोना काल में हर गरीबों के यहां खाधान्न आदि बहुत से श्रेय शोएब अंसारी को जाता है। उन्हें बच्चों के अलावा महिलाएंगे भी जानती हैं। बताते हैं कि शोएब अंसारी पांच साल चुनाव लडते हैं। चुनाव के समय अपने कामों के दम पर जीत लेते हैं? शोएब अंसारी को हराना किसी के बस की बात नहीं हैं? चूंकि लोग उन्हें गरीबों का मसीहा भी कहते हैं। बाइक से सुबह शाम पांच वर्षों तक नगर पंचायत की समस्याओं पर सोचते हैं जब तक काम नहीं होता सकून से नहीं बैठते। बहरहाल इस बार भाजपा से मोहम्मद आलम का चेहरा क्या गुल खिलाए?। यह समय बताएगा मुस्लिम समुदाय को कमल पसंद आता है कि अथवा हमेशा की तरह साइकिल दौड़ाता है? यह समय बताएगा।

# राजवन्ती बालिका इण्टर कालेज के टॉपर छात्र

**बहरिया।** स्थानीय क्षेत्र के सराय मदन गांव में स्थित राजवन्ती बालिका इण्टर कालेज के हाईस्कूल में कार्तिकेय तिवारी 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्तकर विद्यालय की सूची में शीर्ष स्थान पर अखिलेश वर्मा 91.2 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर संजना गुप्ता 88.8 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे । इण्टर में अमूल्य पटेल 92.5 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की सूची में प्रथम स्थान पर राज पटेल 91.6 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रोहन 90.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक शिव बहादुर पटेल ने टापर छात्रध्छात्राओं को उत्तम सफलता के लिये हार्दिक बधाई दी। उक्त अवसरपर अनीता वर्मा प्रधानाचार्या प्रदीप पटेल रामआसरे अजय यादव आदि।

# मेधावी विद्यार्थियों को प्रबंधन तंत्र ने किया सम्मानित


मेधावियों को सम्मानित करते हुए

**करछना।** करछना के जीएस साईस एकेडमी इंटर कॉलेज मझुआ भिटरिया का यूपी बोर्ड का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। बुधवार को 10वीं व 12वीं कक्षा में अव्वल रहे सभी छात्र व छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक डॉ एल एन सिंह व प्रधानाचार्य अवनीश श्रीवास्तव की ओर से बच्चों का मुंह मीठा कराकर व माला पहना करके उनका अभिनंदन किया गया। वहीं हाई स्कूल में आशीष शुक्ला ने 94 फीसदी व इंटर में लाइका दुबे ने 90 फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय में टापर रहे। और विद्यालय समेत अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है । इसी प्रकार हाई स्कूल में कीर्ति पांडेय 92 फीसदी आयुष पांडेय 91 फीसदी सौरभ पटेल 90 तनु शुक्ला 90 फीसदी अभिषेक यादव 90 रिया पांडेय 89 प्रियंका विश्वकर्मा 89 पलक सिंह 88 फीसदी आंचल निषाद 88 गगन यादव 88 अर्पित तिवारी ने 85 फीसदी अंक अर्जित किया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में प्रिया सिंह 88 संजना यादव 87 आकांक्षा पांडेय 85 आंचल 85 कोमल कुशवाहा 83 प्रियांशी केसरवानी 83 साक्षी बिंद 83 आंचल शुक्ल 82 साक्षी श्रीवास्तव 81फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर शिक्षक व शिक्षिकाओं में शीनू शुक्ला योगेश विश्वकर्मा माधुरी पाल गायत्री शर्मा निधि सिंह शिफा खां ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### यशस्वी तिवारी की सिविल सेवा में जाने का सपना है परीक्षा परिणाम से माता-पिता में खुशी

**करछना।** मुंगारी गांव निवासी अजितेश तिवारी की पुत्री यशस्वी तिवारी ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में 91.66 फीसदी अंक अर्जित कर के विद्यालय समेत माता-पिता का गौरव बढ़ाते हुए नाम रोशन किया है । यशस्वी तिवारी गजराज सिंह एचएस हाई स्कूल नैनी की छात्रा है । यशस्वी तिवारी का सिविल सेवा में जाने का सपना है। पिता अजितेश तिवारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष है। और माता पूनम देवी गृहिणी हैं। पुत्री के परीक्षा परिणाम से माता-पिता दोनों खुश हैं।

## कटरादयाराम में बालीवाल क्लब का गठन, आज से आयोजित हो रहा मैच

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के कटरादयाराम में बालीवाल क्लब का गठन किया गया।जिसमें मैच का भी आयोजन किया गया है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम में बालीवाल क्लब का गठन किया गया है। जिसमें मैच का आयोजन भी होगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्या, अंकेश पटेल जिला पंचायत सदस्य, इस्तेमाज हाफिज, विशिष्ट अतिथि शारदा प्रसाद मंडल अध्यक्ष, हरिश्चन्द्र मंडल उपाध्यक्ष, मैच के आयोजक डाक्टर अजय मौर्या, अध्यक्ष रविना मौर्या, उपाध्यक्ष राजेश गौतम, व्यवस्थापक कमला प्रसाद , बच्चा भगत मौर्या, धर्मेंद्र, जगन्नाथ, बृजेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।


## ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

### गाड़ी सं. 01121/01122 पुणे-दानापुर अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

पुणे से गाड़ी संख्या 01121, प्रत्येक रविवार, दिनांक : 30.04.23 से 21.05.23 तक
दानापुर से गाड़ी संख्या 01122, प्रत्येक मंगलवार, दिनांक : 02.05.23 से 23.05.23 तक
गाड़ी संरचना : सामान्य श्रेणी - 20, एसएलआरडी - 2

| गाड़ी सं.01121 पुणे-दानापुर आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं.01122 दानापुर-पुणे आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| —— | 16:15 | पुणे | 12:05 | —— |
| 14:23 | 14:25 | मानिकपुर | 10:55 | 10:57 |
| 15:48 | 15:50 | प्रयागराज छिवकी | 08:35 | 08:37 |
| 22:45 | —— | दानापुर | —— | 00:15 |

### गाड़ी सं. 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मि.-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मि. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

लोकमान्य तिलक टर्मि. से गाड़ी संख्या 01123, प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक : 28.04.23 से 19.05.23 तक
गोरखपुर से गाड़ी संख्या 01124, प्रत्येक शनिवार, दिनांक : 29.04.23 से 20.05.23 तक
गाड़ी संरचना : एसएलआर - 01, एसएलआरडी - 01, सामान्य श्रेणी - 20

| गाड़ी सं.01123 लोकमान्य तिलक टर्मि.- गोरखपुर आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं.01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मि. आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| —— | 12:15 | लोकमान्य तिलक टर्मि. | 07:25 | —— |
| 05:10 | 05:15 | बीना | 12:30 | 12:35 |
| 07:15 | 07:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 10:00 | 10:05 |
| 08:28 | 08:30 | उरई | 07:18 | 07:20 |
| 12:05 | 12:10 | कानपुर सेन्ट्रल | 05:25 | 05:30 |
| 18:55 | —— | गोरखपुर | —— | 21:15 |

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

[illegible] 644/23(AH)



आगामी निकाय चुनाव के मद्देनजर मऊआइमा कस्बे में फ्लैग मार्च करती पुलिस

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 39.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## मऊआइमा पुलिस ने किया गली गली घूम कर फ्लैग मार्च

**मऊआइमा।** आगामी निकाय के मद्देनजर डी सी पी गंगानगर अभिषेक भारतीय, ए सी पी मनोज सिंह, मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत मऊआइमा में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्वक चुनाव के लिए लोगों से अपील किए इस दौरान मऊआइमा थाने का समस्त स्टाप ग्लैग मार्च में मौजूद रहे।

# ईवीएम मशीनों के कमिशिनंग के बारे में सभी आर.ओ. एवं एआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

### जिलाधिकारी की उपस्थिति में दिया गया प्रशिक्षण

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री की उपस्थिति में गुरूवार को संगम सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सम्पन्न कराये जाने हेतु ईवीएम मशीनों की कमिशिनंग किए जाने के सम्बंध में इंजीनियरों के द्वारा सभी आरओ, एआरओ, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम मशीनों, सीयू एवं बीयू के संचालन की प्रक्रिया के बारे में भी इंजीनियरों के द्वारा जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी आरओ एवं एआरओ व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग के साथ सूक्ष्मता से ईवीएम मशीनों के कमिशिनंग करने के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप लोग जितनी बारीकी एवं मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उतनी ही सहजता एवं सुगमता के साथ कमिशिनंग व निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल ढंग से सम्पन्न करा सकेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम सिटी श्री मदन कुमार, एडीएम नजूल श्री प्रदीप कुमार यादव, सभी आरओ, एआरओ, उप जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित जिलाधिकारी

## अतीक के ऑफिस में मिला खून शाहरुख का

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के चकिया स्थित दफ्तर में मिले खून के धब्बे शाहरुख के थे। खुल्दाबाद पुलिस ने शाहरुख को पकड़ा है। शाहरुख नशे की हालत में अतीक के दफ्तर गया था और सरिया लगने से घायल हो गया था। पुलिस के मुताबिक, शाहरुख चक निरातुल चकिया का रहने वाला है।शाहरुख नशे की हालत में अतीक के दफ्तर में घुस गया था। दूसरी मंजिल पर सोने जा रहा था, तभी उसके हाथ में सरिया लग गया। जिससे हाथ कट गया। काफी खून निकलने लगा। कमरे में उसे जो कपड़ा मिला, उससे खून पोंछकर उसे वहीं फेंक दिया।

एसओ खुल्दाबाद ने बताया कि शाहरुख नशे का आदी है। उसे जहां जगह मिलती है, वहीं सो जाता है। रविवार को शाहरुख ने चौफटका पुल के नीचे नशा किया। इसके बाद वह अतीक के दफ्तर में सोने गया था। घायल होने के बाद वहां से निकल गया। आस-पास के क्लीनिक और लोगों से पूछताछ करने पर शाहरुख को चोट लगने के बारे पता चला। चूंकि शाहरुख के हाथ में सरिया लगा था। इसलिए उसने क्लीनिक में इलाज कराया था। इसके बाद शाहरुख को खुल्हाबाद थानाक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने खुद के वहां जाने के बारे में बताया।


## संक्षेप

### निःशुल्क प्याऊ प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने किया उद्घाटन



**मेजा।** भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए तहसील परिसर में योगदान फाउंडेशन की तरफ से निःशुल्क प्याऊ लगवाया गया। गुरुवार को संस्था के डायरेक्टर अनूज तिवारी निवासी बिसहिजन कला द्वारा मेजा तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं तथा वादकारियों के लिए निशुल्क प्याऊ लगवाया गया। उमस भरी भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं तथा वादकारियों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। गुरुवार को निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद प्रमुख प्रतिनिधि ने अनुज तिवारी तथा उनकी टीम की जमकर प्रशंसा किया उन्होंने की गर्मी के मौसम में यह पुनीत कार्य कराया गया है इसकी जितनी तारीफ किया जाय कम है। उद्घाटन के बाद संस्था के चेयरमैन अनुज तिवारी ने कहा कि यह शिविर पूरी गर्मी चलेगा क्षेत्र के अलग-अलग चौराहो पर जल्द ही यह व्यवस्था कराई जाएगी। इस अवसर पर तुलसी दास तिवारी, मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, डाक्टर अमरेश तिवारी, मुन्ना तिवारी,शमी शुक्ला, अमित मिश्रा सिलयारी, मुकेश तिवारी अजय शुक्ला,अनिल शुक्ला सुनील मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### हर्षिता का डॉक्टर बनने का सपना



**झूंसी।** बच्चा राम इंटर कालेज में पढ़ने वाली हर्षिता इंटर की परीक्षा में प्रदेश में छठ स्थान हाशिल किया है। हर्षिता यादव का सपना डॉक्टर बन लोगो की सेवा करने का है। जिसकी तैयारी में वो लगी है। हर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ गुरुजनों को दिया। हर्षिता की माँ बीबू यादव ब्रिज वर्ड कंपनी की डायरेक्टर है पिता अजय यादव ठेकेदार है। हर्षिता ने बगैर कोचिंग के 500/482 अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हर्षिता प्रति दिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने ने छात्र-छात्राओं को सफलता का टिप्स देते हुए कहा कि मछली की आँख की तरह आप अपने लक्ष पर ध्यान दे तो आप अवश्य सफल होंगे। गुरुवार को बृजलाल यादव, जगवंती देवी, जय प्रकाश, विजय कुमार यादव, विवेक सिंह आदि ने हर्षिता का स्वागत कर बधाई दी।

### मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**शशि सिंह व वैष्णवी उपाध्याय ने हाईस्कूल में 92% एवं इंटर में प्रिया गुप्ता और निकिता चौधरी ने 85% अंक प्राप्त किया**



**लालापुर।** क्षेत्र के मां शिवकुमारी शुक्ला इंटर कालेज भटपुरा-लालापुर के छात्रों ने एक बार फिर यूपी बोर्ड की परीक्षा में अपना परचम लहराकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।विद्यालय के कक्षा 10 (हाईस्कूल) व 12 (इण्टरमीडिएट) के विद्यार्थी यूपी बोर्ड परीक्षा में विगत वर्षों की तरह एक बार फिर अपना परचम लहराकर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ने में कामयाब हुए।विद्यालय के बच्चों ने अधिक प्रतिशत में रिजल्ट लाकर संस्था का नाम ऊँचा किया। कक्षा 10 के शशि सिंह पुत्री धर्म सिंह ग्राम डेराबारी और वैष्णवी उपाध्याय पुत्री देवेन्द्र उपाध्याय उर्फ राजू प्रधान अमिलिया ने 550 अंक प्राप्त कर लगभग 92% अंक प्राप्त कर संयुक्त रुप से टाप किया तो , दीपांजलि यादव पुत्री अभयराज यादव चिंतापुर , मुस्कान तिवारी पुत्री रुद्रमणि तिवारी अमिलिया, रागिनी पाल पुत्री दुर्गेश पाल अमिलिया 91% अंक प्राप्त कर संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर रहीं और छवि गुप्ता पुत्री हीरामणि गुप्ता डेराबारी और मांशी पाण्डेय पुत्री कमलेश पाण्डेय गोइसरा ने 89% अंक प्राप्त कर संयुक्त रुप से तीसरा स्थान अर्जित किया। नीशू पुत्री शिवनारायण नौड़िहा और आरती देवी पुत्री प्रदीप कुमार नौड़िहा तरहार ने 88% से ज्यादा अंक अर्जित कर के संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहीं ,वहीं निर्भय कुमार पुत्र मुन्नीलाल नौड़िहा और श्वेता यादव पुत्री दिनेश यादव अश्वनीपुर और आशीष पाल पुत्र रामबली इछौरा ने 87% अंक प्राप्त कर संयुक्त रुप से पांचवा स्थान प्राप्त कर टॉप फाइव में जगह बनाई।कक्षा 12 की छात्रा प्रिया गुप्ता पुत्री सरोज गुप्ता अमिलिया, और निकिता चौधरी पुत्री कंचन लाल चौधरी अमिलिया ने 425 अंक प्राप्त कर लगभग 85% अंकों के साथ टाप किया तो आशुतोष कुमार पुत्र कृपाशंकर शंकरगढ़ 84% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे और अंकित मिश्रा पुत्र रवींद्र मिश्रा कचरा ने 82% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान अर्जित किया, अभिषेक मिश्रा पुत्र सुशील कुमार मिश्रा महेरा 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहे ,वहीं आशीष कुमार पुत्र अजय कुमार सिंह मानपुर ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त कर टॉप फाइव में जगह बनाई।

### भाजपा ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में झोंकी ताकत

**भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा मतदाताओं का भरपूर समर्थन : विधायक**



**कोरॉव।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद का मतदान होने में अभी 1 सप्ताह शेष है चुनाव प्रचार को लेकर सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी नरसिंह केसरी के समर्थन में पार्टी के नेता बिदुप अग्रहरि ने मतदाताओं से नगर में जनसंपर्क करते हुए पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की। स्थानीय विधायक राजमणि कोल लगातार सुबह से लेकर शाम तक पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में मतदाताओं से डोर टू डोर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं। विधायक का कहना है कि भाजपा प्रत्याशी विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे हैं नगर के मतदाताओं का भाजपा प्रत्याशी को भरपूर समर्थन मिल रहा है। ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल भी पार्टी प्रत्याशी को लेकर लगातार दिन-रात प्रचार में जुटे हुए देखे जा रहे हैं । गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ विधायक ने बैठक की। बैठक में सभी पदाधिकारियों को जनसंपर्क अभियान के तहत एक-एक घर जाकर मतदाताओं से मिलने की बात कही। विधायक ने कहा कि जनता के बीच जाकर भारतीय जनता पार्टी सरकार की उपलब्धियां बताने की जरूरत है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष शिवदत्त पटेल, अखंड पांडे ,राजेश मिश्रा, अखिलेश जायसवाल,बबुआन द्विवेदी, सुनील मिश्रा, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जनता का दुःख दर्द बांटने वाला हो चैयरमैन , विकास को दे प्राथमिकता





सुरेश तिवारी

**कोरॉव।** निकाय चुनाव की जंग में प्रत्याशियों की फौज खड़ी है। मतदाताओं के सामने यह सवाल है कि वे आखिर किस को चुने। चुनावी जंग में कूदा हर प्रत्याशी वादों का पिटारा लेकर जनता के बीच घूम रहा है। लोक लुभावने वादे करके मतदाताओं पर डोरे डाले जा रहे हैं। सबकी कोशिश है कि वह ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का समर्थन अपने पक्ष में जुटाए। डोर टू डोर संपर्क ,गलियों, नुक्कड़ों,चौराहों पर बैठकों का दौर तेजी के साथ चल रहा है। ऐसे में मतदाता प्रत्याशियों को चुनने के लिए हर किसी को कसौटी पर खरा परखना चाहते हैं। मतदाता चाहते हैं कि जो भी प्रत्याशी कुर्सी संभाले वह जनता की समस्याओं का निदान कर सके। लोगों को लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के साथ-साथ गरीबों की आर्थिक मदद भी करें। नगर में स्वच्छता का वातावरण बन सके। जल निकासी गलियों में सड़कों की दशा सुधर वास्ते ऐसे व्यक्ति को मतदाता चेयरमैन चाहते हैं।



नगर पंचायत का अध्यक्ष बनने को तमाम प्रत्याशी लालायित हैं लेकिन इस बार चेयरमैन की कुर्सी पर वही बैठे जो अपनी बात का धनी हो जनता के दुख दर्द में साथ खड़ा हो।

**-पंकज द्विवेदी**



ईमानदार, कर्मठ अपनी बात पर कायम रहने वाला और धरातल पर रहकर आम जन मानस की मूलभूत समस्याओं को दूर करने वाला प्रत्याशी ही वोट का हकदार होगा।

**-दीनानाथ मोदनवाल।**



इस बार हम ऐसे प्रत्याशी को वोट देना चाहते हैं जिसको सही मायने में विकास की परख हो। जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास को प्राथमिकता पर रखें।

**-दिनेश मोदनवाल**



नगर की मूलभूत समस्याओं को दूर करने की सोच रखने वाला, आम जनमानस के लिए हमेशा उपलब्ध रहने वाला, जनता का दुख दर्द समझने वाला प्रत्याशी ही चेयरमैन बने।

**-भोलानाथ पांडेय**

# भूमाफिया रिजवान का अवैध कब्जा ध्वस्त किया गया

**ध्वस्तीकरण**

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद उमरपुर गांव में पहुंची पुलिस फोर्स ने हटवाया कब्जा, ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के 48 घंटे में रिहायशी प्लाट से भू-माफिया रिजवान का अवैध कब्जा हटवाने के आदेश के बाद पुलिस उमरपुर नींवा पहुंच गई है। पीडीए के अधिकारियों ने इस दौरान बुलडोजर लगवाकर अवैध निर्माण ध्वस्त करा दिया। भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई में अवैध कब्जा भी कटवा दिया गया।

कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि प्लॉट संख्या 410 रकबा 290 वर्गमीटर पर विपक्षी? द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। प्लॉट में सीमेंटेड रोड व लोहे का गेट भी बना लिया गया था। हाईकोर्ट ने अवैध कब्जे को 48 घंटे में हटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि जमीन कब्जाने की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई करें। विपक्षी भूमाफिया हसन एखलाक उर्फ रिजवान अहमद व परिवार के खिलाफ गुंडई से याची की जमीन को हथिया लेंगे व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।



ध्वस्तीकरण के दौरान मौजूद पुलिस बल

### प्लॉट में बना दी थी सीमेंटेड सड़क

यह आदेश जस्टिस एसपी केशरवानी तथा जस्टिस अनीस कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने मोहम्मद जकी की याचिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को दिया था। याची अधिवक्ता शशिभूषण मिश्र व आशीष कुमार मिश्र का कहना है कि याची ने रिहायशी प्लाट खरीदा है, जिसपर विपक्षी हसन ने जबरन कब्जा कर लिया और सड़क बनाकर गांव सभा की जमीन बेच रहा है। याची ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की किंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। दुबारा शिकायत की तो एसडीएम से जांच रिपोर्ट मांगी गई। जिसमें दो स्वतंत्र गवाहों ने आरोपों की पुष्टि की। रिपोर्ट में कहा विवाद सिविल प्रकृति का है। सिविल वाद दायर करें।याची ने फिर आयुक्त से शिकायत की जिसपर राजस्व अधिकारियों, लेखपाल व धूमनगंज थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर व? उमरपुर नीवां चौकी इंचार्ज से जांच कराई गई। अपर सिटी मजिस्ट्रेट ने लोगों के बयान लेकर रिपोर्ट दी। कहा याचीविवादित प्लाट का स्वामी है। विपक्षी का कहना था याची की सहमति से सीमेंटेड सड़क बनाई है। जबकि कोर्ट ने कहा ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है।विपक्षी ने जबरन कब्जा किया है, जिसे हटाया जाए।

# लखन केशरी के पक्ष में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने की पद यात्रा, मांगा समर्थन



सिरसा में कार्यक्रम के अवसर पर योगेश शुक्ल साथ प्रेमशंकर सिंह व जयशंकर पाण्डेय

**मेजा।** सिरसा नगर पंचायत में भारतीय जनता के प्रत्यासी लखन केशरी और सभासद प्रत्यासी के समर्थन में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व सदस्य राष्ट्रीय युवा आयोग भारत सरकार योगेश शुक्ल ने पद यात्रा कर जनसमर्थन मागा । इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा स्मार्ट सिटी के तर्ज पर सिरसा का विकसित होना जरूरी है, सिरसा नगर पंचायत गंगा तट पर स्थित होने के कारण सिरसा नगर पंचायत मेजा और कोराव दोनो तहसीलों के लिए एक महत्वपूर्ण, धार्मिक, सांस्कृतिक शैक्षणिक एवं व्यापारिक केंद्र के रूप मे विकसित होने की संभावनाओं से भरा हुआ है, भविष्य में प्रयागराज महानगर पर बढ़ते जनसंख्या दबाव को ध्यान में रखते हुए सिरसा को एक व्यवस्थित उप नगर के रूप में विकसित किया जा सकता है ।इसके लिए जरूरी है कि नए सपनो के साथ एक कल्पनाशील नेतृत्व इस टाउन एरिया का नेतृत्व करे । सिरसा को एक स्मार्ट टाउन एरिया बनाने के लिए भाजपा के चेयर मैन प्रत्याशी लखन केशरी और सभी सभा सद प्रत्याशियों का जीतना आवश्यक है।इस अवसर पर भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने लखन केशरी को जिताने की पुरजोर अपील किया । इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष जय शंकर पांडेय, कृष्ण दास गुप्ता,बीना मिश्र,भानु अग्रवाल, गोपी निषाद, आशीष मिश्रा, रमेश केशरी, राजेश शुक्ल, अमर सिंह पटेल, मंजेश सेठ, सिंटू सेठ , जगत नारायण पाण्डेय,अमरेश तिवारी,कल्लू केशरी, हरी मोहन पांडेय, हरी कांत, भोले सिंह, उमा शंकर पाठक सहित सैकड़ों लोग रहे।

## रेलवे सुरक्षा बल कानपुर पोस्ट द्वारा पकड़ा गया फरार अपराधी

**बरामद किया गया 13 लाख का सामान**

**प्रयागराज।** गुरूवार को एक आरोपी व्यक्ति को गाड़ी सं0 12816 से उतार कर सिविल हिमाचल पुलिस थाना नहान को डिप्टी एस0पी0 नहान जिला सिरमौर हिमांचल प्रदेश द्वारा निरीक्षक बुधपाल सिंह, निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल कानपुर पोस्ट के मोबाईल पर सूचना दिया गया कि गाड़ी सं0 12312 से एक अभियुक्त भागकर जा रहा है। इसके सम्बंध में ह्वाटसऐप के माध्यम से उपरोक्त अभियुक्त का फोटों एवं एफ0आई0आर0 की प्रति भेजी गई। इस पर निरीक्षक बुधपाल सिंह हमराह स्टाफ एवं सी0आई0बी0 कानपुर के निरीक्षक अर्जुन कुमार यादव हमराह को साथ लेकर तथा उक्त के द्वारा उपलब्ध कराई गई लोकेशन को चेक किया तो पाया गया कि वह गाड़ी सं0 12816 नन्दन कानन एक्स0 में बैठा हुआ है। गाड़ी सं0 12816 के पी0एफ0 सं0- 04 पर समय-13.46 बजे आने पर गाड़ी की सघन चेकिंग की गई, तो फरार व्यक्ति कोच सं0 बी-2 के बर्थ सं0 36 पर मिला। उसे उतारकर रे0सु0ब0 पोस्ट कानपुर सेन्ट्रल पर लाकर नाम पता पूछा गया तो वह अपना नाम- Ranjit Kumar Kar S/o Shachindranath Kar R/o-Khalore College Para Khalore Bagnan-I Howrah West Bengol 711303 बताया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास उपलब्ध बैग से कई आभूषण/सामान प्राप्त हुये।

## दो महीने में तीन हजार पदों पर शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) अगले दो महीने में 3055 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। ये पद विभिन्न विभागों के हैं और आयोग मई व जून में इन सभी पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर देगा। इसके साथ ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।सिर्फ यही नहीं, यूपीपीएससी 31 मार्च 2023 तक 5103 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर चुका है और इन पदों पर चयन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में आयोग एक वर्ष के दौरान कम से कम 8158 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। जून के बाद कई अन्य विज्ञापन भी जारी होंगे, सो आने वाले दिनों में आयोग 10 हजार से अधिक बेरोजगारों को नौकरी देने जा रहा है।आयोग का पिछले वर्ष का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा। एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक आयोग ने 13110 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया और इनमें 12236 पदों पर चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली। इनमें लिखित परीक्षाओं से होने वाली भर्तियों के साथ सीधी भर्तियां भी शामिल हैं। आयोग ने वर्ष 2022-23 के कैलेंडर में 21 परीक्षाओं को शामिल किया था और 22 परीक्षाएं करा लीं। यानी कैलेंडर से हटकर एक अतिरिक्त परीक्षा भी कराई। 22 में से 10 परीक्षाओं से जुड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके साथ ही आयोग ने एक वर्ष में 12655 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू कराए। वहीं, विभिन्न विभागों में डीपीसी के माध्यम से 3668 के सापेक्ष 2438 अधिकारियों का प्रमोशन भी किया। अप्रैल से ओटीआर के बाद ही कर सकेंगे आवेदन यूपीपीएससी ने एक अप्रैल के बाद जारी होने वाले विज्ञापनों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में अगर कोई अभ्यर्थी किसी परीक्षा के लिए आवेदन करता है तो पहले उसे ओटीआर कराना पड़ेगा। अगर अभ्यर्थी ने ओटीआर नहीं कराया है तो ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भी नहीं खुलेगा। ओटीआर नंबर डालने पर ही आवेदन हो सकेगा। ओटीआर की व्यवस्था लागू होने के बाद अब तक 378632 अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं और इनमें से 192958 अभ्यर्थियों को ओटीआर नंबर जारी हुआ है। ओटीआर की कोई अंतिम तिथि नहीं है। यह प्रक्रिया अभी चलती रहेगी।

# महिलाओं का सम्मान और उत्थान भाजपा की सरकार में ही सम्भव : डॉ. कृतिका अग्रवाल

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के आर्यराम वाटिका मे महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया महिला। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ.कृतिका अग्रवाल मौजूद रही। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब मां और बहनों को उचित सम्मान मिले। भाजपा की जबसे केन्द्र मे मोदी सरकार व राज्य में योगी सरकार बनी है तब से प्रदेश में महिलाओं का सम्मान सुरक्षा सुनिश्चित हो गई है। महिलाएं निडर होकर आत्मनिर्भर बन रही है। भाजपा की सरकार निरंतर महिलाओं के उत्थान और विकास की योजनाओं को धरातल पर लागू कर रही है। बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के साथ साथ हजारों लाखों शौचालय निर्माण कराकर महिलाओं को खुले मे शौच से छुटकारा दिलाया।

उज्जवला योजना से हम महिलाओं के आंसू पोंछने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया। डॉ कृतिका अग्रवाल ने सरकार की तमाम योजनाओं की चर्चा करते हुए महिलाओं के विकास के लिए त्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए कमल के फूल पर मतदान करने की अपील किया। बैठक को ब्लाक प्रमुख शंकरगढ निर्मला देवी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सविता मिश्रा, जिला मंत्री कुसुम पांडेय,भाजपा मंडल अध्यक्ष बंदना सिंह आदि ने सम्बोधित किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने मतदान के दौरान बरतने वाले सावधानी के बारें मे विस्तार से महिलाओं को बताया। अतिथियों का स्वागत नगर पंचायत प्रत्याशी अंजू देवी ने करते हुए सभी से हाथ जोड़ कमल के फूल पर मतदान करने की अपील किया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमा वर्मा की अध्यक्षता में किया गया तथा संचालन जिला महामंत्री अधिवक्ता गीता सिंह ने किया। इस अवसर पर रीता केसरवानी, वैशाली केसरवानी, रंगीता केसरवानी, पूजा साहू, अनिता केसरवानी, मीरा केसरवानी, पूनम, शालिनी श्रीवास्तव, नगर पंचायत प्रभारी सुबोध सिंह,संयोजक राजेश्वरी तिवारी,मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल,आईटी संयोजक सतीश विश्वकर्मा,भाजपा नेता रोहित केसरवानी आदि के साथ भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।



महिला सम्मेलन को संबोधित करतीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ.कृतिका अग्रवाल

## अतीक के वकील खान सौलत की कोर्ट में पेशी

**14 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर हुई सुनवाई, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा**

**प्रयागराज ।** उमेश पाल अपहरण केस में उम्रकैद की सजा काट रहे माफिया अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ की प्रयागराज के सीजेएम कोर्ट में आज पेशी हुई। कोर्ट में पुलिस रिमांड की अर्जी पर सुनवाई हुई। जज ने फैसला सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि पुलिस को कस्टडी रिमांड मिल सकती है। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 28 मार्च को माफिया अतीक अहमद, उसके वकील खान सौलत हनीफ, दिनेश पासी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अशरफ समेत 7 आरोपी सुबूतों के अभाव में बरी हो गए थे।

## संक्षेप

### 29 अप्रैल को चरवा चैराहा में गरजेंगे सपा राष्ट्रीय महासचिव

**कौशाम्बी।** जिले के दो नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में चुनावी रंग पूरी तरह चढ़ चुका है। इतना ही नहीं चुनाव में भाजपा व सपा के प्रत्याशी आमने सामने हैं। चरवा नगर पंचायत क्षेत्र के चरवा चैराहा में 29 अप्रैल को सपा के राष्ट्रीय महासचिव व सदर विधायक इंद्रजीत सरोज कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

बता दें कि नगर पंचायत चरवा में समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं का महा सम्मेलन 29 अप्रैल को आयोजित होगा। कार्यक्रम में चायल विधायक पूजा पाल, मानसिंह यादव (स्नातक एमएलसी) इलाहाबाद-झाँसी खण्ड और सामाजिक न्याय के अगुआ ददुआ के सुपुत्र पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल सहित अन्य सपाई दिग्गज नेता कार्यक्रम में शिरकत कर सकते हैं। हालांकि चरवा नगर पंचायत बनने पर इस क्षेत्र के मतदाता पहली बार नगर निकाय चुनाव में मतदान करेंगे।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

कौशाम्बी। चरवा थाने की पुलिस ने नया तालाब के समीप से चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए युवक शिवम निवासी दारागंज प्रयागराज, भोला निवासी धूमनगंज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने अफसरों के साथ किया चुनावी समीक्षा

**समीक्षा**

**सम्वेदनशील मतदेय स्थलों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता का निर्देश**

**अवैध शराब एवं कच्ची शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जाय : पुलिस महानिरीक्षक**



कार्यक्रम में मौजूद मंडलायुक्त व आईजी जोन व बैठक में मौजूद अफसर

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव पूरे शांति पूर्ण व निष्पक्ष पारदर्शी सम्पन्न हो इसके लिए बृहस्पतिवार को मंडलायुक्त के साथ पुलिस महानिरीक्षक ने कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में अफसरों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त एवं पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अब तक की गयी तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को निष्पक्षता एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सम्पादित करें। इतना ही नहीं सम्वेदनशील मतदेय स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाय। इसके साथ ही मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाय, जिससे मतदाता भयमुक्त होकर मतदान कर सकें। निर्वाचन के दौरान कन्ट्रोल रूम और सक्रियतापूर्वक कार्य करें तथा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थलों पर आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग एवं पेजयल सहित आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित रखी जायं। उन्होंने कहा कि मतदान एवं मतगणना स्थलों पर भी सभी आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित किया जायं। सम्वेदनशील एवं अति सम्वेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जाय। मतगतणना स्थल पर बैरीकेटिंग एवं मतगतणना टेबल आदि व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि नगर निकाय निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवश्कतानुसार निरोधात्मक पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। आदर्श आचार-संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय, यदि किसी के द्वारा आचार-संहिता का उल्लघन किया जाता है तो उसके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति निर्वाचन में गड़बड़ी करने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब एवं कच्ची शराब के विरूद्ध और तेजी से सक्रियतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने एफ.एस.टी एवं एस.एस.टी टीमों को भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। कहा कि जनपद की सीमा पर विशेष निगरानी रखी जाय तथा और अधिक फूट पेट्रोंलिंग किया जाय।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक को अब तक की गयी तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जायेंगा। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक को अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि निरोधात्मक पाबन्द की कार्यवाही की जा रही है। सम्वेदनशील एवं अति सम्वेदनशील मतदेय स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जायेंगी। फूट पेट्रोलिंग किया जा रहा है तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सहित आदि कार्यवाही की जा रहीं हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित तीन मतदान कार्मिकों पर कार्यवाही का निर्देश



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मतदान कार्मिक

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज एम.वी. कॉन्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।

मतदान कार्मिकों को दो पालियों-प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 56 पोलिंग पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों एवं द्वितीय पाली में 56 पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें द्वितीय पाली में कुल 03 मतदान कार्मिक यथा-सहायक अध्यापिका रीतु विश्वकर्मा, सहायक अध्यापिका शिवाजी इण्टर कॉलेज रचना एवं प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य विकास धिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।

## छात्र दाखिले में दूसरे स्थान पर जनपद

**कौशाम्बी।** राज्य सरकार ने स्कूल चलो अभियान के माध्यम से परिशदीय स्कूलों में दो करोड़ छात्र-छात्राओं का दाखिला कराएगी। यह अभियान 10 मई को समाप्त होगा। मुख्य सचिव दुर्गा षंकर मिश्र ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को यह निर्देष दिया। महानिदेषक स्कूल षिक्षा ने बताया कि दाखिले के मामले में पीलीभीत 2023 में सबसे आगे है। पीलीभीत में कुल 1,69,874 छात्रों का दाखिला हुआ है, जिसमें से 85.35 प्रतिषत का आधार सत्यापन हो चुका है। 1,65,793 छात्रों (85.31 प्रतिषत छात्र आधार सत्यापित) का पंजीकरण कर कौषाम्बी दूसरे स्थान पर है। मुख्य सचिव ने निर्देष दिया कि अभियान के तहत प्रचार-प्रसार कार्य में तेजी लाते हुए दाखिले के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। स्पोर्ट्स फष्र स्कूल (एसएफएस) कार्यक्रम के तहत स्कूलों में खेल की स्थिति को बेहतर करते हुए खेल संस्कृति को विकसित किया जाए। इसका मकसद सभी विद्यार्थियों को षारीरिक गतिविधियों व खेलों से जोड़ना है। पहले चरण में 11 खेलों के लिए 21 हजार टीमें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हर स्कूलों में टीमों का गठन कराया जाए। उन्होंने कहा कि खेल विभाग, स्थानीय संस्थाओं, सीएसआर के सहयोग से खिलाड़ी छात्रों के लिए खेल किट, ट्रैक सूट उपलब्ध कराया जाए। माध्यमिक स्कूलों में खेल एकेडमी की सिापना कराई जाए। प्रषिक्षकों की उपलब्धता व दक्षता सुनिष्चित कराते हुए स्कूलों में पहले से उपलब्ध खेल सुविधाओं को बेहतर किया जाए। खेल कैलेंडर के अनुसार ग्राम, ब्लष्क, जिला, मंडल एवं प्रदेष स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए।

## 121 लीटर शराब के साथ सात लोग गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले की पुलिस ने बुधवार की रात अभियान चलाकर सात लोगों को पकड़ते हुए उनके कब्जे से 121 लीटर महुआ की शराब बरामद की है। सैनी पुलिस ने ककराली पर छापेमारी करते हुए गांव के शिवसिंह के कब्जे से 17 लीटर शराब बरामद किया। इसी तरह सरायअकिल पुलिस ने गुड्डू निवासी रक्सवारा करारी के पास से 20 लीटर, कड़ाधाम पुलिस ने सूरज निवासी जहांगीराबाद के पास से 14 लीटर, कोखराज पुलिस ने शुकरू निवासी बम्हरौली के कब्जे से 20 लीटर, दुर्गा प्रसाद निवासी कोखराज के कब्जे से दस लीटर, पश्चिमशरीरा पुलिस ने बनवारी निवासी पुनवार के कब्जे से दस लीटर व मंझनपुर पुलिस ने जुगराज निवासी भेलखा के कब्जे से दस लीटर शराब बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# सैनी पुलिस ने अवैध तमंचा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए लोग व बरामद अवैध तमंचा

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस को बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्षेत्र के कुरामुरीदन गांव के बाहर संचालित ईंट भट्टे के समीप अवैध तरीके से संचालित की जा रही तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। हालांकि मौके से दो लोग भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के कुरामुरीदन गांव के बाहर संचालित ईंट भट्टे के समीप काफी दिनों से अवैध तमंचा फेक्ट्री का संचालन हो रहा था। पुलिसिया नेटवर्किंग में मुखबिर ने सटीक जानकारी दिया तो सैनी कोतवाली मय फोर्स मौके पर जा धमके। मौके से 10 तमंचा, 5 कारतूस,शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुआ है। हालांकि इस दिनों पुलिस के हत्थे बरकत अली,पुत्र रज्जब अली निवासी वार्ड नंबर 17 भरवारी थाना कोखराज व रामगोपाल उर्फ नाते पुत्र शिवलाल निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज चढ़े हैं। पुलिस ने पकड़े गए लोगों के खिलाफ लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय कर दिया है।

## सरायअकिल बाजार से युवक की बाइक चोरी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कुम्हारन का पुरवा निवासी अमित कुमार मंगलवार की शाम स्थानीय बाजार गया था। बाजार जाने के बाद बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दुकान पर सामान खरीदने लगा। इसी दौरान चोरों ने युवक की बाइक पार कर दी। थोड़ी देर बाद वह दुकान से बाहर निकला तो बाइक गायब देख अवाक रह गया। थाने में पीड़ित ने मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विद्यालय टापर किए गए सम्मानित



कार्यक्रम में मौजूद लोग

**कौशाम्बी।** रामअधीन रामदास शर्मा इंटर कॉलेज दौलतपुर कसार में यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक अनिल कुमार शर्मा, प्रबंधक कृपाशंकर, प्रधानाध्यापक श्यामसुंदर तिवारी, महेश शर्मा, इंद्रजीत, शहरीन बानो शशि शर्मा, शशि कुमारी सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय संचालक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय के जिन बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है, उन सभी को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं भविष्य में आगे बढ़े और विद्यालय का नाम रोशन करें।

## पैरामिलिट्री की निगेहबानी में होगा नगर निकाय का चुनाव

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का मैप तैयार कर लिया है। सुरक्षा के मद्देनजर मतदेय स्थलों को दस जोन व 32 सेक्टर में बांटा गया है। मतदेय स्थल की सुरक्षा का जिम्मा पैरामिलिट्री के साथ पीएसी के जवानों के हाथ होगा।

दोआबा की दो नगर पालिका परिषद के साथ आठ नगर पंचायतों में चार मई को मतदान कराया जाएगा। 153 वार्डों का मतदान कराने के लिए 122 मतदेय स्थल व 302 बूथ बनाए गए हैं। जहां दो लाख 76 हजार 592 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा का मैप भी तैयार कर लिया है। मतदान केंद्र के सुरक्षा का जिम्मे पैरामिलेट्री के साथ पीएसी के जवानों को सौंपा जाएगा। वहीं 32 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 10 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। जो अपने-अपने सेक्टर व जोन के बूथों पर कड़ी नजर रखेंगे। फोर्स की तैनाती पर एक नजर, पैरामिलिट्री एक कंपनी, पीएसी एक कपंनी दो प्लाटून,सीओ तीन, इंस्पेक्टर 10, उपनिरीक्षक 125, हेड कांस्टेबल 625, होमगार्ड 550, महिला कांस्टेबल 300, 200 मीटर के घेरे में होगी बूथ की सुरक्षा मतदान के दौरान बूथ से दो सौ मीटर तक पुलिस बल की कड़ी पहरेदारी रहेगी। जहां पर अर्धसैनिक बल के साथ पीएसी व पुलिस के उपनिरीक्षकों को तैनात किया जाएगा। जो बूथ से दो सौ मीटर दूर तक सुरक्षा के घेरे पर पहरेदारी करेंगे।

### धोखाधड़ी में चार लोगों पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के पन्नोई गांव के एक युवक ने जमीन बेचने के नाम पर फजीर्वाड़ा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जालसाजों ने युवक को बेची गई जमीन दूसरे के नाम बैनामा कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार फरेबियों के खिलाफ मारपीट और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पन्नोई निवासी बलवंत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने एक जमीन का सौदा करते हुए बैनामा कराया था। जमीन बैनामा होने के बाद आरोपित ने उसी जमीन को दूसरे के हाथ बेच दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपित मारपीट पर अमादा हो गए। परिजनों को आपबीती बताते हुए पीड़ित युवक संदीपनघाट थाना पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित प्रदीप कुमार निवासी महमूदपुर मनौरी, मोहम्मद साबिर निवासी अरई सुमेरपुर्र शंकर निवासी मनौरी व अजय निवासी चिल्ला शहबाजी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# विधायक निधि से सुधरेगी हैंडपंपों के हालात

**सदर विधायक ने पेयजल परियोजना के लिए आवंटित किया धनराशि**

**कौशाम्बी।** सदर विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 2022-23 की निधि का लगभग दो तिहाई हिस्सा हैंडपंप के लिए जारी कर दिया है। इस धनराशि से विधानसभा क्षेत्र के तीनों ब्लॉकों में हैंडपंपों को लगाने का काम भी तेजी से शुरू हो गया है।

समाजवादी पार्टी से सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने विधायक निधि से मोटी रकम पेयजल परियोजना के लिए आवंटित किया है। सरकारी आंकड़ों पर जाएं तो विधानसभा क्षेत्र में आने वाले मंझनपुर, सरसवां व कौशाम्बी ब्लॉक क्षेत्र की जनता के लिए उन्होंने 100-100 हैंडपंप वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिया है। इन हैंडपंपों को ठेकेदार की ओर से जरूरतमंदों के दरवाजे पर लगवाया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने तीन करोड़ की विधायक निधि से दो करोड़ 11 लाख रुपये हैंडपंप के लिए जारी किया। धनराशि मिलने के बाद तीनों ब्लॉक क्षेत्र के ठेकेदार हैंडपंपो की लगवाने में जुटे हैं।

### तीन पुलिया व आठ इंटरलॉकिंग पर खर्च होंगे 84 लाख

**कौशाम्बी।** विधायक निधि के 89 लाख रुपये चालू वित्तीय वर्ष में बचे थे। इस धन से विधानसभा क्षेत्र में तीन पुलिया व आने-जाने के लिए आठ रास्तों में इंटर लॉकिंग कराने का निर्णय लिया। उन्होंने 11 परियोजनाओं के लिए लागत अनुरूप धनराशि संबंधित विभाग को जारी कर दिया है।

# चौकी में हुई प्रत्याशियों की बैठक, जरूरी निर्देश




अझुवा चौकी में आयोजित बैठक में शामिल लोग

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव आदर्श चुनाव संहिता का कड़ाई से पालन हेतु अझुवा चौकी इंचार्ज अभिषेक गुप्ता ने पुलिस चौकी प्रांगड़ में अध्यक्ष एवं सभासद प्रत्याशियों की एक आवश्यक बैठक बुलाई। इस बैठक में चैकी इंचार्ज ने क्रमवार महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों में कोई भी प्रत्यासी अपना पोस्टर नही चिपकायेगा। हर हाल में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करेगा। मोटरसाइकिल जुलूस में सीमा से अधिक लोग सवारी नही करेंगे, जबरिया किसी के घर प्रतिष्ठान में पोस्टर नही लगाएंगे, हाइवे को किसी तरह बाधित नही करेंगे, कोई अवैध कार्य करता है उसकी सिफारिश नही करेंगे। रैली जुलूस बिना परमिशन के कोई प्रत्यासी नही निकलेगा। किसी प्रत्यासी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया तो सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख पार्टी भाजपा, सपा, बसपा के प्रतिनिधि सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधि एवं अधिकतर सभासद प्रत्यासी मौजूद रहे।

### दिन में जल रहीं स्ट्रीट लाइट

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद के वीरांगना दुर्गा भाभी नगर भड़ेसर में दिन-रात स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं। लाइटों को जलाने व बंद करने के लिए आज तक कोई इंतजाम नहीं किया गया है। दिन-रात जलने के कारण लाइटें आए दिन खराब हो रही है। कभी-कभी मोहल्ले के लोगों को कई दिनों तक अंधेरे में रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइटों को जलाने व बंद करने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। जिसे लेकर लोगों में रोष है।

## सात जुआरियों को पकड़ा, भेजा जेल

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाने की पुलिस ने छापामारी कर जुए की फड़ से सात जुआरियों को पकड़ लिया। फड़ से 1500 रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया है। पकड़े गए जुआरी राम भरोसे निवासी फताहीपुर, रहमत अली निवासी बैशकांटी, शाहिद निवासी फैजीपुरी, राजेन्द्र निवासी फताहीपुर, रोशन निवासी फैजीपुर, प्रमोद निवासी बैशकांटी, उमाशंकर निवासी फैजीपुर हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

## पड़ोसी ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के टिकरा गांव की रन्नो देवी ने बताया कि पड़ोसी से उसका जमीन का विवाद चल रहा है। जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर आरोपित आग बबूला हो गया। कहासुनी के बाद उसे पीट दिया। पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मतदाताओं को रिझाने में जुटे प्रत्याशी



जुलूस की शक्ल में मतदान की अपील करते लोग

**जुलूस की शक्ल में पहुंच निर्दलीय प्रत्याशी ने मांगा समर्थन**

**अझुवा,कौशाम्बी।** जिले के दो नगर पालिका सहित आठ नगर पंचायतों में इन दिनों निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। बृहस्पतिवार को निर्दल प्रत्याशी प्रीती साहू पत्नी सुनील साहू अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से मतदान करने की अपील किया।

हालांकि बताना जरूरी होगा कि इन दिनों निकाय चुनाव में अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रत्याशी व उनके समर्थक मतदाताओं को रिझाने में जुटे देखे जा रहे हैं। जिसमें अझुवा से निर्दलीय प्रत्याशी प्रीति साहू पत्नी सुनील साहू द्वारा नगर में रैली निकाली गई। इस दौरान व्यापारियों के साथ साथ आम जनमानस से उन्होंने समर्थन मांगा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र अग्रहरी, पूर्व चेयरमैन राजाराम वैश्य, अनिल कुमार, भारत साहू अपने समर्थकों के साथ शामिल रहे। बहरहाल कुछ भी हो अझुवा नगर पंचायत का चुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है।

## संक्षेप

### कुएं में मिला युवक का शव

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के ईशीपुर गांव में गुरूवार की सुबह कुएं में युवक का शव मिलने से ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची हन्ड्रेड डायल व थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव की पहचान नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुंआ बीस फीट गहरा है। शव कुंएं में एक सप्ताह से अधिक समय का प्रतीत हो रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग न बस्ती में किया छिड़काव

**प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जामताली ग्राम सभा के हर बस्ती में एंटी लारवा का छिड़काव कराया। इसके अलावा जामताली बाजार, पंडितान, सतगड़ी, श्रीपुर, हुलासी का पुरवा, हरीवा, डंड़वा में छिड़काव कराया गया। संचारी रोग से लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस अवसर पर राधा कृष्ण मिश्र, महेश मिश्र, राहुल तिवारी, राकेश दत्त मिश्र, महेश सिंह, अरुण सिंह, अरुण दुबे, इंद्रजीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**प्रतापगढ़।** लालगंज के लीलापुर थाना के ताला सिरिस्ताबाद में दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। गुरुवार को बच्चे खेलने के लिए गांव से बाहर नदी के किनारे गए थे। धूप होने पर गर्मी से परेशान बच्चे नदी में नहाने गए जहां दो बच्चे गहरे पानी में जाने से डूब गए। गुरुवार की सुबह लीलापुर थाना क्षेत्र के ताला सिरिस्ताबाद गांव के बच्चे अबि सिंह (11) पुत्र सर्वजीत सिंह और सिद्धि सिंह (12) पुत्री राजेश सिंह सईं नदी में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए। जिनकी चीख-पुकार सुन आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण बचाने को दौड़े। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी बच्चे पानी में समा गए थे। घटना के समय साथ नहा रहे बच्चों के शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने आनन-फानन बच्चों



रोते बिलखते मृतकों के परिजन

को नदी से बाहर निकाला। बाहर निकालने के दौरान दोनों अचेतावस्था में थे। दोनों बच्चों को लेकर परिजन व ग्रामीण लालगंज स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन दोनों मासूमों का शव लेकर घर चले गए। नदी में डूबने वाली बच्ची सिद्धि





मृतकों की फाइल फोटो

मुंबई में अपने परिवार के साथ रहती थी। छुट्टियां मनाने वह अपने परिवार के साथ घर आई थी। परिजन एक-दो दिनों में वापस मुंबई जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था। जिसके चलते दुखद घटना में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी राम सूरत सोनकर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिजनों से बातचीत की जा रही है। उसके बाद ही कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# साक्ष्यों की गुणवत्तापूर्वक समीक्षा करके त्वरित फैसला सुनाने के लिए चर्चित हुए पंकज श्रीवास्तव

**फैसला**

**जिले में त्वरित न्याय की बड़ी लकीर खींच दिया पंकज श्रीवास्तव ने**

**दुष्कर्म के मामले में सिर्फ 10 दिन के विचारण में सुना दी उम्रकैद**

**सुर्खियों में रहे फैसले**

- 2021 में शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष शोभनाथ मिश्रा की हत्या के पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास
- छह वर्ष की बच्ची के आरोपितो को मात्र 10 दिन में आजीवन कारावास
- नवंबर 2022 में नवाबगंज में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म, आंख फोड़ देने की घटना में दो अभियुक्तों को फांसी

**प्रतापगढ़।** समय बीत जाने के पश्चात प्राप्त वस्तु से कोई लाभ नहीं होता। सिर्फ पछताना ही होता है। हमारी न्यायपालिका को लेकर भी यही धारणा आम तौर पर है। तारीख दर तारीख मिलती रहती है न्याय नही मिलता। धीरे-धीरे यह धारणा टूटती हुई दिखाई दे रही है। न्यायिक अधिकारी की नई पीढ़ी मामलों में त्वरित गति से फैसले सुनाकर न्याय की नई कहानी लिख रहे है। हाल ही में जिले से शाहजहांपुर के लिए स्थानांतरित अपर जिला जज व सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव का नाम ऐसे ही न्यायिक अधिकारियों में गिना जाएगा। उन्होंने अपने कार्यकाल में चर्चित मामलों में कम समय में फैसले देकर लोगों का न्यायालय के प्रति विश्वास बढ़ाया है। कहते है कि उन्होंने ऐसी लकीर खींच दी है कि अब इससे बड़ी लकीर खींचने वाले का इंतजार रहेगा। बच्चों के साथ हैवानियत के मामले जिस समय चैंकाते है उस दौर में यहां पाक्सो कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के रूप में पंकज कुमार श्रीवास्त उम्मीद की किरण बनते दिखे। दुष्कर्म के मामले में मात्र 10 दिन के विचारण के बाद आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला संभवतः प्रदेश में सबसे कम दिन में सुनाया जाने वाला फैसला है। सितंबर 2022 में बच्ची से दुष्कर्म हुआ था। एक अन्य बच्ची से दुष्कर्म के आरोपित को 20 दिन में आजीवन कारावास की सजा अगस्त 2022 में सुनाई। दो अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्तों को फांसी की सजा भी पंकज श्रीवास्तव के अहम फैसले में शामिल है। गजेहड़ा के चर्चित दुष्कर्म कांड में चारो आरोपितों को मात्र 110 दिन में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपने कार्यकाल में 126 परीक्षणों का निस्तारण करते हुए प्रकीर्ण जमानत व अपील का भी निस्तारण किया, जो कि रिकार्ड है। उनकी पहली नियुक्ति भी प्रतापगढ़ में हुई थी। कार्यकाल 2022 से लेकर 2023 के अप्रैल तक रहा। उन्होंने झूठे मुकदमे लिखने वालों पर कार्यवाही भी की। न्यायिक जगत से जुड़े लोग पंकज श्रीवास्तव के कार्यकाल को गर्व बताते है।

**इनका कहना है**

"साक्ष्यों की गुणवत्तापूर्वक समीक्षा करके जज पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा त्वरित फैसला सुनाया जाता था। वह पीड़िताओं का बयान और जिरह स्वंय लिखते थे।"

**-देवेश चंद्र त्रिपाठी, विशेष लोक अभियोजक**

"पाक्सो जज का फैसला न्यायसंगत और विधि के अनुरूप होता था। अधिवक्ताओं की बहस की समीक्षा भी उनके नीर-क्षीर विवेकी निर्णय का हिस्सा बनती थी।"

**-आचार्य ओम प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता फौजदारी**

# जमीनी विवाद में चचेरे भाई ने मारी गोली, प्रयागराज रिफर

**लालगंज।** जमीनी विवाद के चलते गुरुवार को घर जा रहे युवक को चचेरे भाई ने गोली मार दी। हालत गंभीर होने पर युवक को प्रयागराज रेफर किया गया है। पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारियों ने फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचकर घटना का जायजा लिया। लीलापुर थाना क्षेत्र के घरौरा गांव निवासी अशोक वर्मा और चचेरे भाई समरजीत वर्मा के बीच करीब सात माह से जमीन का विवाद चल रहा है। गुरुवार को अशोक अपने भाई राजेश और गांव के अरविन्द के साथ बाइक से लालगंज जा रहे थे। गांव के समीप अशोक बाइक से उतर गया और राजेश से अरविंद को अजगरा स्थित टेंट हाउस की दुकान पर छोड़ कर आने को कहा। इस बीच यहां चचेरा भाई समरजीत पहुंचा और अशोक पर ताबड़तोड़ छह गोलियां दाग दीं। सीने और पीठ में चार गोली लगने से अशोक मौके पर गिरकर तड़पने लगा। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग समेत घरवाले पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी

ने तत्काल घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस से मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, एडिशनल एसपी रोहित मिश्र, सीओ सदर अमरजीत गुप्ता के साथ ही फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जमीनी विवाद का मामला देखते हुए घटना स्थल पर उपजिलाधिकारी लालगंज उदयभान व राजस्व की टीम भी पहुंची। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल का कहना है कि लीलापुर पुलिस को जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को शीघ्र ही जेल भेजा जाएगा।

## शिकायत के लिए कन्ट्रोल रूम नम्बर पर करें फोन : सीडीओ

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने नगर निकाय चुनाव में समस्याओं के निदान के लिए कंट्रोल रूम खुलवाया है। जहां पर हर वक्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लोगों की समस्याएं कंट्रोल रूम में दर्ज होगी। इसके लिए जिला सेवायोजन कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नम्बर 05342-220431 एवं 7390015088 है। सीडीओ ने कहा कि किसी को भी चुनावों से सम्बन्धित शिकायत या समस्या हो तो कन्ट्रोल रूम नम्बरों पर फोन करके अपनी समस्या और शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत और समस्या का निस्तारण शीघ्र किया जायेगा।

# बॉबी बने बसपा के जिलाउपाध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** कई वर्षों से पार्टी के प्रति निष्ठावान सिपाही बसपा नेता बिजय मिश्र उर्फ बॉबी को जिला संगठन में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके पहले उमाकांत पाण्डेय उर्फ बबलू इस पद पर रहते पार्टी संगठन की कमान संभाल रहे थे। बबलू पर पार्टी से भितरघात करने का आरोप है। जिन्हें पार्टी संगठन के शीर्ष नेताओं ने उन्हें इस पद से हटा दिया। बसपा नेता बॉबी ने बुद्धवार को पार्टी में संगठन के बड़े नेता से लखनऊ में मुलाकात कर यह जिम्मेदार ग्रहण की।



लखनऊ में नेता से मुलाकात करते बसपा नेता विजय मिश्र उर्फ बॉबी

# बीएसएफ जवानों का माला पहनाकर किया स्वागत



बीएसएफ जवानों का माला पहनाकर स्वागती करती पुलिस

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव कराने आए बीएसएफ जवानों का जेठवारा पुलिस द्वारा गुरूवार को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जवानों के ठौर ठिकाने के लिए थाना क्षेत्र के मैनाथी कुँवर चन्द्रावती डिग्री कालेज में व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर जिले में चुनाव के लिए आबंटित बीएसएफ फोर्स के जवानों को रिसीव करने के लिए जेठवारा एसओ को प्रयागराज जंक्सन भेजा था। टीम के साथ पहुचें एसओ ने जवानों को माला पहनाकर स्वागत किया। उनकी अगुवाई करते हुए जवानों को थाना क्षेत्र के डिग्री कालेज में ठहराकर जलपान आदि की व्यवस्था की।

# वाहन दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** वाहन दुर्घटना में गुरुवार को युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। लालगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी गौसपुर निवासी स्व0 जोखूराम का पुत्र रामचंद्र यादव (38) बुधवार की रात करीब साढे ग्यारह बजे निमंत्रण से लौट रहा था। नेशनल हाइवे रायबरेली लखनऊ पर एक होटल के समीप बाइक सवार रामचंद्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना मे मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर एम्बुलेंस पहुंची और इलाज के लिए घायल को ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक



मृतक की फाइल फोटो

की पत्नी गीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। मृतक अपने पीछे पत्नी गीता तथा बारह वषीर्या पुत्री शैलजा एवं आठ वर्षीय पुत्र अंकित को निराश्रित छोड गया है। मृतक लालगंज बीओबी बैंक में संविदाकर्मी के रूप में तैनात था।

# स्थानांतरण पर सिविल जज को दी गई विदाई



सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी के स्थानांतरण पर सम्मान समारोह में शामिल लोग

**प्रतापगढ़।** लालगंज दीवानी न्यायालय सभागार में गुरूवार को सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी के स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर जिले में सिविल जज के पद पर स्थानांतरित कुंवर दिव्यदर्शी को संयुक्त अधिवक्ता संघ की ओर से स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जज कुंवर दिव्यदर्शी ने कहा कि बार एवं बेंच द्वारा पीडितों को समय से न्याय दिलाना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होने अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी व उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने किया। महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, उमेश नारायण तिवारी, सतेश सिंह, वीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रमेश पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, संजय ओझा, इरफान, जितेन्द्र सिंह, आरबी सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 21 मई को

**प्रतापगढ़।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया है कि जिला जज प्रदीप कुमार सिंह के आदेश पर राष्ट्रीय लोके अदालत अब 21 मई को आयोजित होगी। पहले यह 13 मई आयोजन की तिथि निर्धारित की गई थी। अब 21 मई यानी रविवार को सुबह 10 बजे से जिला मुख्यालय के साथ ही सभी तहसील मुख्यालयों पर आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर तिथि परिवर्तन का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। सचिव ने वादकारियों से कहा है कि सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठाये।

# मरीजों की देखभाल व बेहतर उपचार के लिए चिकित्सा सेवा की आदर्श थी डा. अलका

**पुण्यतिथि**

**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर अलका तिवारी की मनाई गई समारोहपूर्वक पुण्यतिथि**

**लालगंज।** तहसील स्थित बार एसोशिएसन के लाइब्रेरी सभागार में गुरूवार को मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर एवं राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की धर्मपत्नी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की मां डा. अलका तिवारी की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गयी। सभागार मे हुये चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में डा. अलका के योगदान एवं अनुसंधान पर आयोजित व्याख्यान माला का शुभारंभ सेवानिवृत्त मण्डलीय यूनानी अधिकारी डा. वकील अहमद एवं पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी तथा प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने डा. अलका के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप



डा. अलका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि

प्रज्ज्वलन कर किया। व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए पूर्व मण्डलीय यूनानी अधिकारी डा. वकील अहमद ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि चिकित्सा क्षेत्र मे मरीज के बेहतर उपचार व देखभाल को लेकर डा. अलका तिवारी की सेवा आज के दौर मे चिकित्सा जगत के लिए नजीर है। वहीं उन्होनें लालगंज में ट्रामा सेण्टर की स्थापना को लेकर भी डा. अलका के दूरदर्शी चिंतन को क्षेत्र के गरीब तबके के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का अप्रतिम योगदान कहा। अध्यक्षता करते हुए पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को मानव जीवन रेखा को संरक्षित करने मे डा. अलका तिवारी का शोध मानव स्वास्थ्य को संरक्षित करने में चिकित्सा पद्धति के लिए दिशा बोधक है। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि चिकित्सा जगत को ईश्वरीय प्रतिनिधायन का तात्पर्य कमजोर और गरीब तबके के लिए डॉक्टर का शत प्रतिशत समर्पण होना चाहिये। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने अपने संबोधन मे डा. अलका तिवारी के चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र मे मानव स्वास्थ्य संवर्धन को लकेर किये गये शोध प्रबन्धों को मेधावियों के लिए वरदान ठहराया। कार्यक्रम के संयोजक रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डा. अलका तिवारी के चिकित्सा क्षेत्र की विशिष्ट सेवाओं का दर्शन रखते हुए बीमार के लिए उनकी सेवाओं को स्वास्थ्य सेवा का आदर्श ठहराया। कार्यक्रम मे विषय प्रवर्तन सह संयोजक समाजसेवी पप्पू तिवारी व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी एवं उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह ने संघ की ओर से कोरोना काल में योगदान देने के लिए डा. अरूण कुमार द्विवेदी समेत चिकित्सा क्षेत्र से जुडी हस्तियों को सम्मानित किया। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने आभार जताया। कार्यक्रम को पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, छोटे लाल सरोज, इं. सुनील पाण्डेय, पवन शुक्ल ने भी संबोधित करते हुए डा. अलका के वृहद व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, प्रभात ओझा, अनूप पाण्डेय, शहजाद अंसारी, शेष तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, रामलोचन त्रिपाठी, राहुल मिश्र, अशोक मिश्र, कुलभूषण शुक्ल, नामवर सिंह, घनश्याम संवरिया, ज्ञानप्रकाश वर्मा, दिनेश मिश्र, प्रमोद तिवारी, आईपी मिश्र, संजय सिंह, सिंटू मिश्र, तौफीक अंसारी आदि रहे।

## जनसंपादकीय

# कितनी कारगर साबित होगी असम-अरुणाचल सीमा विवाद को हल करने की पहल?

**दिनकर कुमार**



केंद्र सरकार द्वारा असम-मेघालय सीमा पर विवादित क्षेत्रों को आंशिक रूप से हल करने के लिए एक समझौते को मंजूरी देने के एक महीने से भी कम समय के बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके असम के समकक्ष हिमंत बिस्वा सरमा ने अंतर्राज्यीय सीमा विवादों को सुलझाने के लिए जिला-स्तरीय समितियों का गठन करने का फैसला किया है। उन्होंने असम और मेघालय के ₹फिफ्टी-फिफ्टी₹ या ₹गिव-एंड-टेक₹ मॉडल के आधार पर इस मुद्दे को हल करने के लिए दोनों राज्यों के लिए शर्तें निर्धारित की है, और 12 विवादित क्षेत्रों में से छह में विवादों को हल करने के लिए अपनाया गया है।

असम का उन सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों के साथ सीमा विवाद रहा है जो इससे अलग हुए थे। जबकि नागालैंड 1963 में एक राज्य बना, मेघालय पहली बार 1970 में एक स्वायत्त राज्य बना और 1972 में एक पूर्ण राज्य बना। अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम 1972 में केंद्र शासित प्रदेशों और 1987 में राज्यों के रूप में असम से अलग हो गए। नए राज्यों में से किसी ने भी सीमा निर्धारण स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि ₹संवैधानिक सीमा₹ अविभाजित असम के पक्षपातपूर्ण प्रशासन द्वारा जनजातीय हितधारकों से परामर्श किए बिना तय की गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि विवादित क्षेत्र पारंपरिक रूप से असम से पहले जनजातीय सरदारों के नियंत्रण में थे।

मेघालय में विरोध जताए जाने के बाद अरुणाचल प्रदेश के कुछ सीमावर्ती निवासियों ने 20 अप्रैल को हस्ताक्षरित असम के साथ सीमा समझौते का विरोध किया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनके अरुणाचल प्रदेश के समकक्ष पेमा खांडू ने गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 804 किलोमीटर की अंतर-राज्यीय सीमा के साथ 123 गांवों से संबंधित 50 साल पुराने विवाद को समाप्त करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग पीपुल्स फोरम (टीसीएलपीएफ) ने ₹एकतरफा, पक्षपातपूर्ण₹ सीमा समझौते के खिलाफ ₹असम में रहने वाले अरुणाचल के तांगसा लोगों और चांगलांग जिले के प्रभावित गांवों के हितों के खिलाफ₹ अदालत जाने की धमकी दी है।

तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग अरुणाचल प्रदेश के सबसे पूर्वी जिले हैं।

समझौते पर टीसीएलपीएफ की आपत्ति चांगलांग और असम के तिनसुकिया जिले के संबंध में है। इसने सीमा सौदे में एक खंड का उल्लेख किया: ₹स्थानीय आयोग के समक्ष 2007 में चांगलांग-तिनसुकिया के लिए कोई दावा नहीं किया गया था। इसलिए, चांगलांग-तिनसुकिया क्षेत्र में दोनों राज्यों द्वारा एचपीटीसी (उच्च-शक्ति प्राप्त त्रिपक्षीय समिति) की सीमा का पालन किया जाएगा।

फोरम ने एक बयान में कहा कि सीमा के दोनों ओर के 13 गांवों के लोगों ने 24 अप्रैल को सीमा समझौते का कड़ा विरोध करने के लिए एक बैठक बुलाई थी।

₹सर्वे ऑफ इंडिया ने 27 नवंबर, 2010 को नई दिल्ली में पिछली सुनवाई के दौरान अपने मानचित्रों पर विवादित गांवों के स्थान पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में बताया गया कि सबसे अहम पहलू यानी जमीनी सर्वे नहीं किया गया। केवल एक विस्तृत जमीनी सर्वेक्षण ही गांवों/क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान कर सकता है।'

फोरम ने यह भी कहा कि 2006 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एक स्थानीय आयोग ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में फील्ड का दौरा किया, लेकिन चांगलांग जिले में कोई सर्वेक्षण नहीं किया। ₹परिणामस्वरूप, यह संकेत दिया गया था कि 2007 में चांगलांग-तिनसुकिया जिले के लिए कोई दावा किया गया गांव नहीं था।₹

ह्लस्थानीय आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 1951 की अधिसूचना द्वारा क्षेत्रों के जिलेवार हस्तांतरण और सीमा समायोजन के प्रस्ताव के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश द्वारा दावा किए गए क्षेत्रों को दिखाया।₹ फोरम ने कहा, चांगलांग के लोगों की सहमति के बिना लगभग 330 वर्ग किमी चांगलांग जिले से तिनसुकिया जिले में स्थानांतरित कर दिया गया।

असम और मेघालय के बीच विवादित गांव खंडुली के लोगों द्वारा 24 अप्रैल को असम की एक आदिवासी परिषद द्वारा स्थापित टैक्स गेट के खिलाफ एक रैली के साथ अरुणाचल प्रदेश सीमावर्ती ग्रामीणों की बैठक हुई।

मेघालय का दावा है कि खंडुली राज्य के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले में है, जबकि असम का दावा है कि यह कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद के भीतर है।

कुछ दिन पहले मेघालय के लोगों ने इसे तोड़कर टैक्स गेट को फिर से बनाया था।

1954 में नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी या नेफा (पूर्व नाम जो अब अरुणाचल प्रदेश है) को असम से अलग करने से पहले, असम के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई की अध्यक्षता वाली एक उप-समिति ने नेफा के प्रशासन के संबंध में कई सिफारिशें की और 1951 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट की सिफारिशों के अनुसार बालीपारा और सादिया के ₹मैदानी₹ क्षेत्र के लगभग 3,648 किलोमीटर को नेफा से असम के तत्कालीन दरंग और लखीमपुर जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया था।

1972 में जब अरुणाचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया, तो उसने तर्क दिया कि मैदानी इलाकों में कई जंगली इलाके जो परंपरागत रूप से पहाड़ी आदिवासी प्रमुखों और समुदायों से संबंधित थे, एकतरफा रूप से असम को स्थानांतरित कर दिए गए थे।

**(लेखक पूर्वोत्तर स्थित वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## प्रश्न रोटी के

वाक्य में शब्द पहले सम्हाले गये/ फिर वो सिक्कों के जैसे उछाले गये!
वक्त का यूं बदलना अचानक हुआ/ रास्ते में पड़ा एक अंधा कुआं
एक सूखा गला थोड़ा घायल हुआ/आंत में तब कहीं कुछ निवाले गये!
एक धड़कन थी सीने में कमजोर-सी/वो भी चलती थी जैसे किसी चोर-सी
नफरतों पर सदन देर तक था चला/ प्रश्न रोटी के जितने थे, टाले गये!
चाय पर चाय का दौर चलता रहा/ देख उनको ये घर भी मचलता रहा
हम बने केतली, आग पर चढ़ गये/ वो हमीं थे जो हरदम उबाले गये!
कुछ थीं मजबूरियाँ, बंदिशें थीं कठिन/ एक लेकिन में जुड़ते गये रोज लेकिन
कुछ जरूरी थे कागज, दीमकें खा गयीं /आँख में मकड़ियों के भी जाले गये!
उनके कमरे में हँसना गुनाहों में था/ हर परिंदा उन्हीं की पनाहों में था
एक दिन भूल से बंद कमरा खुला/ दौड़ कर सब अलीगढ़ के ताले गये!
हाथ पर हाथ रखकर थी खायी कसम/ मेरा गम-तेरा गम, तेरा गम-मेरा गम
रात जिद पर अड़ी, रुक गयी देर तक/ हार कर फिर वहाँ से उजाले गये!
हमने टोका तो हम पर बरसने लगे/ बात कहने को अपनी तरसने लगे
सबने मिल कर यही फैसला कर लिया/ उस सभा से हमीं बस निकाले गये!



**- सुधांशु उपाध्याय**
**संपर्क 94152 84652**

# नक्सलियों का फन कुचलना होगा

नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा जिले में जिला रिजर्व गार्ड के 11 जवानों की हत्या कर फिर साबित किया है कि वे हद दर्जे के नीच, कायर और राष्ट्र विरोधी हैं। उन्होंने अपने कृत्यों से फिर ध्वनित किया है कि वे सामाजिक परिवर्तन के नुमाइंदे नहीं बल्कि राष्ट्रविरोधी अराजक तत्व हैं जिनका राष्ट्र व समाज निर्माण से कुछ भी लेना-देना नहीं है। गौर करें तो नक्सलियों ने अपने इस कायराना कृत्य को तब अंजाम दिया जब जवान नक्सल विरोधी अभियान से लौट रहे थे। उन्होंने घात लगाकर जवानों की गाड़ी को आईईडी ब्लास्ट कर उनकी जान ले ली। गौर करें तो दंतेवाड़ा समेत सात जिलों में शामिल बस्तर अभी भी नक्सलियों का सबसे बड़ा पनाहगाह बना हुआ है। यह जानते हुए भी कि नक्सली मार्च और जून के बीच जवानों को अक्सर निशाना बनाते हैं बावजूद इसके उनकी सुरक्षा को लेकर सावधानी क्यों नहीं बरती गयी। यह पहली बार नहीं है जब इन महीनों में नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाया हो। याद होगा 3 अप्रैल 2021 को नक्सलियों ने सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर हमला कर 22 जवानों की जान ली। 21 मार्च 2020 को सुकमा के मिनपा इलाके में हमला बोल 17 सुरक्षाकर्मियों की जान ली। 9 अप्रैल 2019 को दंतेवाड़ा में विस्फोट कर भाजपा विधायक भीमा मंडावी समेत चार सुरक्षाकर्मियों की हत्या की। 24 अप्रैल 2017 को सुकमा जिले में ही बुरकापाल में हमला कर सीआरपीएफ के दो दर्जन जवानों को मौत की नींद सुला दी। यह बेहद चिंता का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के घने जंगलों में पिछले चार दशक से नक्सली अपनी जड़ें जमाए हुए हैं और उन्हें अभी तक खत्म नहीं किया जा सका है। तमाशा यह कि एक ओर नक्सली सरकार से शांति वार्ता का प्रस्ताव देते रहते हैं वहीं दूसरी ओर आतंकियों जैसी गतिविधियां चलाकर जवानों की जान ले रहे हैं। सवाल लाजिमी है कि आखिर उन पर किस तरह भरोसा किया जाए? आंकड़ों पर गौर करें तो विगत पांच वर्षों में नक्सली हिंसा की लगभग 6000 से अधिक घटनाएं हो चुकी है। इन घटनाओं में तकरीबन 1300 नागरिक और तकरीबन 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी शहीद हो चुके हैं। हां, यह सही है कि जवानों की सतर्कता के कारण पिछले कुछ समय से नक्सलियों पर नकेल कसा है और उनकी आक्रामकता कुंद हुई है। पिछले कई मुठभेड़ों के दौरान वे भारी संख्या में मारे भी गए हैं। लेकिन उनके कृत्यों से साफ है कि उनका हौसला अभी टूटा नहीं है। हालांकि गौर करें तो जवानों की सतर्कता के कारण छत्तीसगढ़ को छोड़ नक्सल प्रभावित 10 राज्यों में नक्सली घटनाओं में कमी आयी है। नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई में तकरीबन दो दर्जन से अधिक शीर्ष नक्सली मारे जा चुके हैं। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल में इस साल नक्सली हिंसा की एक भी घटना नहीं हुई। इसी तरह बिहार में भी कम हिंसक घटनाएं दर्ज हुई हैं। लेकिन मौजूदा घटनाओं से साफ है कि उनके फन को पूरी तरह कुचला नहीं जा सका है। वे अभी भी देश के कई राज्यों में अपहरण और फिरौती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। घातक हथियार खरीद रहे हैं। झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे प्राकृतिक संसाधनों

**समय- संदर्भ**



**अरविंद जयतिलक**

वाले राज्यों में काम करने वाली कंपनियों से रंगदारी वसूल रहे हैं। यही नहीं वे इन क्षेत्रों में चलने वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा भी हड़प रहे हैं। नक्सल प्रभावित जनता नक्सलियों की जबरन वसूली से तंग आ चुकी है। अब जब सरकार द्वारा हाशिए पर पड़े लोगों को रोजगार कार्यक्रमों के जरिए दो वक्त की रोटी का इंतजाम किया जा रहा है तो यह उन्हें रास नहीं आ रहा है। दरअसल नक्सली एक खास रणनीति के तहत सरकारी योजनाओं में बाधा डाल रहे हैं। वे नहीं चाहते हैं कि ग्रामीण जनता का रोजगारपरक सरकारी कार्यक्रमों पर भरोसा बढ़े। उन्हें डर है कि अगर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकारी योजनाएं फलीभूत हुई तो आदिवासी नौजवानों को रोजगार मिलेगा और वे नक्सली संगठनों का हिस्सा नहीं बनेंगे। यही वजह है कि नक्सली समूह सरकारी योजनाओं में रोड़ा डाल बेरोजगार आदिवासी नवयुवकों को अपने पाले में लाने के लिए किस्म-किस्म के लालच परोस रहे हैं। अकसर सुना जाता है कि वे अपने संगठन से जुड़ने वाले युवकों और युवतियों को सरकारी नौकरी की तरह नाना प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने का एलान करते हैं। नक्सली आतंक की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब वे कंप्युटर शिक्षा प्राप्त ऐसे नवयुवकों की तलाश कर रहे हैं, जो आतंकियों की तरह हाईटेक होकर उनके विध्वंसक कारनामों को अंजाम दे सके। नक्सली अब परंपरागत लड़ाई को छोड़ आतंकी संगठनों की राह पकड़ लिए हैं। अगर शीघ्र ही सरकार उनके खतरनाक विध्वंसक प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगायी तो उनके कंप्युटराइज्ड और शिक्षित गिरोहबंद लोग जंगल से



निकलकर शहर की ओर रुख करेंगे। ऐसी स्थिति में उनसे निपटना आसान नहीं होगा। पर अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार नक्सलियों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास कर रही है। उन्हें विश्वास में ले रही है। लेकिन नक्सली अपनी बंदूक का मुंह नीचे करने को तैयार नहीं हैं। खतरनाक बात यह कि नक्सलियों का संबंध आतंकियों से भी जुड़ने की खबरें उजागर होती रहती हैं। याद होगा गत वर्ष पहले पूर्वोत्तर के आतंकियों से उनके रिश्ते-नाते उजागर हुए थे। गत वर्ष पहले आंध्र प्रदेश पुलिस बल और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने एक संयुक्त कार्रवाई में आधा दर्जन ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया था जो नक्सलियों को लाखों रुपए मदद दिए थे। खबर तो यहां तक थी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ नक्सलियों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए अंडवर्ल्ड की मदद से उन्हें आर्थिक मदद पहुंचा रही है। यह तथ्य है कि नक्सलियों के राष्ट्रविरोधी कृत्यों में नेपाली माओवादियों से लेकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन भी रुचि ले रहे हैं। गत वर्ष पहले आईएसआई और नक्सलियों का नागपुर कनेक्शन देश के सामने उजागर हो चुका है। नक्सलियों के पास मौजूद विदेशी हथियारों और गोला बारुदों से साफ है कि उनका संबंध भारत विरोधी शक्तियों से है। आज की तारीख में नक्सलियों के पास रुस-चीन निर्मित अत्याधुनिक घातक हथियार मसलन एके छप्पन, एके सैतालिस एवं थामसन बंदूकें उपलब्ध हैं। इसके अलावा उनके पास बहुतायत संख्या में एसएलआर जैसे घातक हथियार भी हैं। याद होगा कुछ साल पहले नक्सलियों ने बिहार राज्य के रोहतास जिले में बीएसएफ के शिविर पर राकेट लांचरों से हमला किया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर नक्सलियों को ऐसे खतरनाक देशी-विदेशी हथियारों की आपूर्ति कौन कर रहा है? कहीं ऐसा तो नहीं कि देश के तथाकथित अर्बन बुद्धिजीवी ही उनकी मदद कर रहे हैं? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसा इसलिए कि इन बुद्धिजीवियों द्वारा अकसर दलील दिया जाता है कि नक्सलियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को रोककर ही नक्सल समस्या का अंत किया जा सकता है। पर वे यह नहीं बता पाते हैं कि जब सरकार द्वारा बातचीत के लिए आमंत्रित किया जाता है तो वे सकारात्मक रुख क्यों नहीं दिखाते ? विडंबना यह भी कि नक्सली समर्थक बुद्धिजीवी जमात नक्सलियों को मुख्य धारा में लाने के प्रयास के बजाए इस बात पर ज्यादा बहस चलाने की कोशिश करता है कि नक्सलियों के साथ सरकार अमानवीय व्यवहार कर रही है। यही नहीं वे नक्सली आतंक को व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई बताने से भी नहीं चूकते हैं। दुखद यह है कि इन बौद्धिक जुगालीकारों को विद्रुप, असैद्धांतिक और तर्कहीन नक्सली पीड़ा तो समझ में आती है लेकिन नक्सलियों द्वारा बहाए जा रहे निर्दोष जवानों के खून और हजारों करोड़ की संपत्ति का नुकसान उनकी समझ में क्यों नहीं आता है। जब भी अर्द्धसैनिक बलों द्वारा नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया जाता है तो इस जमात द्वारा अपनी छाती धुनना शुरू कर दिया जाता है। वे न सिर्फ मुठभेड़ को फर्जी ठहराने की कोशिश करते हैं बल्कि सुरक्षाबलों की शहादत का भी अपमान करते हैं। यह कृत्य देश के विरुद्ध है। उचित होगा कि केंद्र व छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार नक्सलियों का फन तो कुचले ही साथ ऐसे लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करे जो नक्सली हिंसा का समर्थन करते हैं।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**वे अभी भी देश के कई राज्यों में अपहरण और फिरौती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। घातक हथियार खरीद रहे हैं। झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे प्राकृतिक संसाधनों वाले राज्यों में काम करने वाली कंपनियों से रंगदारी वसूल रहे हैं। यही नहीं वे इन क्षेत्रों में चलने वाली केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का एक बड़ा हिस्सा भी हड़प रहे हैं। नक्सल प्रभावित जनता नक्सलियों की जबरन वसूली से तंग आ चुकी है। अब जब सरकार द्वारा हाशिए पर पड़े लोगों को रोजगार कार्यक्रमों के जरिए दो वक्त की रोटी का इंतजाम किया जा रहा है तो यह उन्हें रास नहीं आ रहा है। दरअसल नक्सली एक खास रणनीति के तहत सरकारी योजनाओं में बाधा डाल रहे हैं।**

# सिर्फ आबादी में चीन से आगे होना पर्याप्त नहीं

स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनकर चीन को पीछे छोड़ चुका है। इसके अलावा, भारत में करीब 50प्रश आबादी 25 वर्ष से कम उम्र की है और इसलिए पूरी तरह से महसूस करने के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश की संभावना, युवा लोगों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण नौकरियों में निवेश किया जाना चाहिए।जनसांख्यिकीय लाभांश आर्थिक विकास क्षमता को संदर्भित करता है जो जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप हो सकता है, मुख्य रूप से जब कामकाजी आयु की आबादी (15 से 64) का हिस्सा आबादी के गैर-कार्य-आयु के हिस्से से बड़ा होता है।

बतादें कि संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 19 अप्रैल को 142 I86 करोड़ की आबादी के साथ भारत अब चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो गया है। चीन अब 142 I57 करोड़ की जनसंख्या के साथ दूसरे नंबर है। भारत की आबादी चीन से अधिक होने की बात की है, उसी दिन से हम फूल रहे हैं। सोच रहे हैं कि आबादी के बूते हम चीन को मात दे देंगे। लेकिन सिर्फ आबादी ही सब कुछ नहीं है। हेडकाउंट और क्वालिटी वाली आबादी में अंतर होता है। चाहे भारत हो या चीन, दोनों की यात्रा लगभग साथ शुरू हुई है। भारत को स्वतंत्रता 15 अगस्त 1947 को मिली तो चीन को एक अक्टूबर 1949 को। उस समय भारत कई मायनों में चीन से बेहतर था। यहां अंग्रेजों ने रेलवे लाइन से पूरे देश को एक तरह से जोड़ दिया था।

शिक्षा के भी कई मशहूर केंद्र बन गए थे। जबकि, चीन में इस तरह का कोई ठोस काम भी नहीं हुआ था। पर चीन ने स्वतंत्रता के बाद जो सबसे बेहतर काम किया वह था सामाजिक विकास का। उसने शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया। 'सबको शिक्षा और सबको स्वास्थ्य' का पक्का इंतजाम किया। सिर्फ नाम का नहीं, क्वालिटी वाला, वह भी निःशुल्क। वहां आजादी के बाद ही भूमि सुधार हुआ। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। नौकरी की सबको गारंटी थी। इसके कई दशक बाद वहां औद्योगिक विकास की शुरूआत हुई। भारत में आजादी के बाद इन सब चीजों की सिर्फ जुबानी चर्चा हुई। कुछ राज्यों में इस दिशा में काम भी हुआ, लेकिन कागजों पर ज्यादा, धरातल पर कम।

भारत में आजादी के बाद से ही औद्योगिक विकास का खाका खींचा गया जो आज तक चल रहा है। लेकिन हम चीन के मुकाबले किसी भी क्षेत्र में नहीं ठहर रहे हैं। आर्थिक अवसर पैदा करने और जनसांख्यिकीय लाभांश की क्षमता का एहसास करने के लिए किए जाने वाले उपाय जैसे रोजगार के

**सामयिकी**



**डा. प्रियंका सौरभ**

अवसर पैदा करना देश के सामने सबसे बड़ी विकास चुनौती रोजगार सृजन है। भारत को 2030 तक 100 मिलियन और रोजगार सृजित करने की आवश्यकता है। औपचारिक रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाना चाहिए, विशेष रूप से श्रम प्रधान क्षेत्रों और निर्यातोन्मुखी उद्योगों जैसे कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न, आभूषण आदि में।

शिक्षा लैंगिक अंतर को पाटने में सहायक है। भारत में लड़कियों की तुलना में लड़कों के माध्यमिक और तृतीयक विद्यालयों में नामांकित होने की संभावना अधिक है। फिलीपींस, चीन और थाईलैंड में इसका उल्टा है। इस प्रवृत्ति को भारत में उलटने की जरूरत है। कौशल विकास को देखते हुए कि भारत का कार्यबल कम उम्र में शुरू होता है, माध्यमिक शिक्षा से सार्वभौमिक कौशल और उद्यमिता में परिवर्तन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने कौशल भारत पोर्टल बनाया है और कौशल विकास के लिए संकल्प और स्ट्राइव योजनाओं की शुरूआत की है। कृषि क्षेत्र से संक्रमण हटाने के लिए भारत को कृषि पर निर्भर जनसंख्या के अपने हिस्से को कम करने की भी आवश्यकता है।

कम कमाई वाले कृषि श्रम के हिस्से को खींचकर बेहतर कुशल उच्च कमाई वाले श्रम में बदलने करने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था में महिला कार्यबल की भागीदारी 2019 तक, 20.3 प्रश महिलाएं काम कर रही थीं या काम की तलाश कर रही थीं, 2003-04 में यह आंकड़ा 34.1 प्रश था। दक्षिण कोरिया से सबक लिया जा सकता है, जहां 50 प्रश की महिला कार्यबल भागीदारी दर कानूनी रूप से अनिवार्य लिंग बजट और अंशकालिक काम के लिए कर प्रोत्साहन को बढ़ावा देने जैसे उपायों द्वारा निर्मित की गई है। जबकि भारत एक युवा देश है, राज्यों के बीच आबादी की उम्र बढ़ने की स्थिति और गति भिन्न होती है। दक्षिणी राज्य, जो जनसांख्यिकीय संक्रमण में उन्नत हैं, में पहले से ही वृद्ध लोगों का प्रतिशत अधिक है।

हालाँकि, यह राज्यों को एक साथ काम करने के असीम अवसर भी प्रदान करता है, विशेष रूप से जनसांख्यिकीय संक्रमण पर, भारत के कार्यबल के जलाशय के रूप में उत्तर-मध्य क्षेत्र के साथ। भारत में सेवा क्षेत्र का सापेक्षिक आकार बड़ा है और रोजगार सृजन की संभावना बहुत अधिक है। उदाहरण के लिए: भारत अपने लागत लाभ के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का निर्यात कर सकता है। इसके अलावा, जैसे-जैसे आय बढ़ती है, मनोरंजन, कला/मनोरंजन और आवास जैसे क्षेत्रों में नौकरियां तेजी से बढ़ेंगी। शासन में सुधार कर के राज्यों के बीच नीति समन्वय के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश के लिए शासन सुधारों के लिए एक नए संघीय दृष्टिकोण को लागू करने की आवश्यकता होगी।

उचित नीति कार्यान्वयन के लिए नौकरशाही लालफीताशाही को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। एक जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने का अवसर एक परिमित खिड़की के दौरान होता है जो धीरे-धीरे कार्यशील पीढ़ी की आयु के रूप में बंद हो जाता है। केंद्र और राज्य सरकारों को उभरते हुए जनसंख्या के मुद्दों जैसे प्रवासन, वृद्धावस्था, कौशल विकास, महिला कार्यबल भागीदारी और शहरीकरण से निपटने के लिए एक साथ आना चाहिए। जनसांख्यिकीय लाभांश को पूरी तरह से समझने के लिए बच्चों, युवाओं और महिलाओं पर अधिक ध्यान देना समय की मांग है।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## क्या चीनी आक्रामकता के विरोध का खामियाजा भुगत रहा है जापान

**चेतनादित्य आलोक**



पिछले दिनों जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हुए जानलेवा हमले को लेकर खूब चर्चा होती रही। राजनीतिक गलियारों में जारी चर्चा के केंद्र में शामिल एक पक्ष को यह संदेह है कि इस हमले में चीन का हाथ हो सकता है। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल शनिवार की सुबह जापानी प्रधानमंत्री पर यह हमला तब हुआ, जब वे जापान के पश्चिमी भाग में वाकायामा शहर में स्थित एक बंदरगाह के दौरे पर थे, जहां उन्हें एक चुनावी रैली को संबोधित करना था।


अभी बहुत दिन नहीं हुए हैं, जब चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को गोली मार दी गयी थी। पिछले वर्ष 08 जुलाई को हुए उक्त हमले में आबे की जान चली गयी थी, जिसके बाद समूचा विश्व स्तब्ध रह गया था।

फिलहाल जापान की सुरक्षा एजेंसियां इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि जापानी प्रधानमंत्री किशिदा पर हुए हमले का उद्देश्य क्या था तथा इसके पीछे कौन-सी ताकतें काम कर रही थीं? सुरक्षा एजेंसियां विशेष रूप से इस बात की भी जांच कर रही हैं कि कहीं इस हमले के पीछे चीन का हाथ तो नहीं है? दरअसल, जापान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है। वह चाहता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी आक्रामकता पर लगाम लगायी जाये। गौरतलब है कि जापान ताइवान तथा दक्षिण चीन सागर के अतिरिक्त अन्य तमाम देशों एवं क्षेत्रों में चीन के द्वारा की जाने वाली कब्जे की कोशिशों का मुकाबला करने के लिए तमाम प्रभावित एवं पीड़ित देशों को एक साथ लाने और उस समूह में अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने का इच्छुक प्रतीत होता है। इसके लिए उसने हाल ही में अपनी नीतियों में आवश्यक बदलाव भी किया है। सामान्यतः अब तक मित्र देशों एवं चीन से जुड़े मुद्दों को लेकर उसकी नीति यह रही है कि आपदा राहत के अतिरिक्त सैन्य उद्देश्यों एवं मुद्दों के लिए वह अपने मित्र देशों को सहायता उपलब्ध नहीं करायेगा, जबकि इस बार उसने अपनी इस नीति में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए अप्रैल महीने की शुरूआत में ही कुछ दिशा-निर्देश घोषित कर दिये थे। उन दिशा-निर्देशों में आधिकारिक सुरक्षा सहायता मुहैया कराकर समान विचार वाले देशों की सेना को मजबूत करने का एक नया कार्यक्रम भी शामिल है।

जापानी सरकार के इस कदम से चीन का चिंतित होना बिल्कुल स्वाभाविक है, क्योंकि उसे मालूम है कि जापान के इस कदम से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अनवरत जारी उसकी दादागिरी को कठिन चुनौती मिलने वाली है। बहरहाल, बताया जा रहा है कि जापान का विदेश मंत्रालय फिलीपीन को सुरक्षा सहायता प्राप्त करने वाला प्रथम लाभार्थी देश बनाना चाहता है। इनके अतिरिक्त मलेशिया, बांग्लादेश और फिजी को भी वह लाभार्थी देशों की सूची में शामिल करने पर विचार कर रहा है। जाहिर है कि जापान की इस नयी नीति के कारण उसका निकट पड़ोसी देश चीन बेहद बौखलाया हुआ है। बहरहाल, दोनों ही जापानी प्रधानमंत्रियों प्रधानमंत्री शिंजो आबे एवं प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हुए जानलेवा हमलों के बीच एक समानता पायी गयी कि दोनों ही नेता हमले के बाद भी बिना भयभीत हुए अपना वक्तव्य देते रहे, जब तक वे या तो गोली खाकर गिर नहीं गये अथवा उनका वक्तव्य पूरा नहीं हो गया।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**व्यंग्य**



## बन गए पढ़ाई के दही बड़े!

**रामविलास जांगिड़**

आपने-हमने, इसने-उसने, हर किसी ने-सबने सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के दही-बड़े बनते हुए देखे होंगे। आखिर ये सरकारी स्कूल पढ़ाई के दही बड़े कैसे बनाते हैं? आपने कभी गौर किया है? आप गौर करेंगे ही क्यों? आप हम सबको इसकी जरूरत ही क्या है? पढ़ाई के दही बड़े शिक्षा अधिकारी ही बनाते हैं और शिक्षक-छात्र मिलकर खाते खिलाते हैं। फिर उन्हीं दही बड़ों को कागजों में सूचना-सूचना बनाकर उछलते हैं। चलिए इस रहस्य से पर्दा उठा देते हैं। सबसे पहले शिक्षा को स्कूलों से साफ करके सूचनाओं के डिजिटल पोर्टल पर भिगोया जाता है। उसके बाद उस भीगी हुई शिक्षा को कागजों व व्हाट्सएपीय शिक्षा समूहों में बारीकी से पीसा जाता है। सारे टीचरों को इसी काम में लगा दिया जाता है। इस पिसी हुई शिक्षा को थेप-थेप कर सरकारी कायदे कानूनों का ऐसा आकार दिया जाता है, जिससे किसी पार्टी विशेष को वोटों की आय होती हो। फिर उसके बाद इन शैक्षिक थेपलों को शिक्षा अधिकारियों की खोपड़ियों में तला जाता है। एक अच्छे खासे खुर्राट शिक्षक की मदद से इन्हें अच्छी तरह से पकाया जाता है। जब ये शैक्षिक थेपले अच्छी तरह से पक जाते हैं, तो इन्हें सरकारी शिक्षा अधिकारियों की कागजी कड़ाही से बाहर निकालकर स्कूलों के बरामदों में डाला जाता है। थोड़ी देर बच्चों के खोपड़ों में भिगोने के बाद इन्हें निचोड़ लिया जाता है और परीक्षा की कॉपियों में डालकर परोसा जाता है। लो साब जी! बन गए पढ़ाई के दही बड़े! मुझे पता है। आप कहेंगे इसमें दही कहां है? लेकिन हुजूर आप तनिक खोजबीन करेंगे तो आपको दही ही दही दिखाई देगा। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से लेकर शिक्षकों तक के दिमाग का इतना दही बना दिया जाता है कि बेचारी शिक्षा अपने आप को दही-बड़े बनाने से नहीं रोक सकती। इतनी सारी कठिन तपस्या से गुजरने के पश्चात तब कहीं जाकर बड़े बनते हैं। इसी प्रकार जीवन में भी बड़े बनने के लिए इन सब प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ता है। तब कहीं जाकर आदमी बड़ा बनता है। ऐसे आदमी को दही में डुबोकर मजे से खाया जा सकता है। ऐसी शिक्षा का रायता फैला पड़ा है। स्कूलों में सब कुछ है। शिक्षा का रायता, शिक्षा का दही बड़ा, शिक्षा का कोफ्ता, शिक्षा समोसा; सब कुछ! बस शिक्षा ही नहीं है। स्कूलों में शिक्षा का क्या काम! शिक्षा अधिकारी बैठे-बैठे शिक्षा को रगड़ने का काम करते हैं। शिक्षा हथेली में रखा हुआ जर्दा है, जिसे शिक्षा अधिकारी रगड़ते रहते हैं। कार्यालयों में बैठकर थपकियां देते रहते हैं। चूंटी से पकड़ते हैं। बची-खुची शिक्षा को फूंक मारकर हवा में उड़ाते रहते हैं। चूंटी की गिरफ्त में आई शिक्षा को वे अपने निश्चित स्थान पर, पूर्व में तय की गई दाढ़ की जड़ में रख देते हैं। फिर ऐसी जुगाली करते रहते कि अच्छी खासी भैंस भी इनके आगे पानी भरती रहे। फिर स्कूलों में इसको शानदार ढंग से थूकने का काम करते रहते हैं। पिच्च पिच्च! स्कूलों की दीवारों पर शानदार पोपले मुंह की दुर्गंध युक्त शानदार पिच्चकारी की धार छोड़कर पच्चीकारी कर रहे हैं। मुंह से तो कुछ बोल नहीं पाते। केवल खों-खों की आवाज करते हुए, हाथों से शिक्षा के दही बड़े बनाते-उछालते शिक्षा अधिकारियों का कारवां चलता चला जा रहा है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# रेलवे का पेन्ड्रोल क्लिप चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**कामयाबी**

### कब्जे से 7 बोरी पेन्ड्रोल क्लिप, छेनी हथौड़ी बरामद

### दोनों पर था 25-25 हजार का इनाम



पत्रकारवार्ता कर चोरी का खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** रेलवे की पटरियों में लगी क्लिप की चोरी कर बिक्री करने वाले गैंग का पुलिस ने पुलिस लाइन में खुलासा कर 25-25 हजार के ईनामियां 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की रेलवे की सामान सहित अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया गया।

पड़री थाना में रेलवे विभाग के अमरजीत सिंह ने रेलवे की पटरियों से क्लिप इत्यादि चोरी होने की लिखित तहरीर दी थी।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ किया। रेलवे की पटरियों से क्लिप चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी करने के लिए थानाध्यक्ष पड़री को निर्देश दिया था। पड़री, स्वाट/सर्विलांस व रेलवे की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना पड़री क्षेत्र से रेलवे की पटरियों में लगी लोहे की पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी की चोरी करने वाले गैंग के 25-25 हजार के ईनामियां 2 शातिर चोर संदीप सिंह व प्रियांशू उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अभियुक्त संदीप सिंह के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर थाना पड़री क्षेत्र में पहाड़ी नदी के किनारे 6 बोरियों में रखा 117 रेलवे की पटरियों में लगने वाली लोहे की पेन्ड्राल क्लिप जलेबी तथा एक हथौड़ी व 2 छेनी बरामद किया गया । मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी पड़री अजीत कुमार उपनिरीक्षक राजेश जी चौबे प्रभारी सर्विलांस/स्वाट टीम एवं रेलवे सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक अशोक कुमार शामिल थे।

## बाइक चोरी कर होती थी मस्ती पुलिस ने 4 को भेजा जेल

**कार्रवाई**

### अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश

### चोरी की 7 बाइक बरामद जवानी के साथ ही बहके कदम



चोरी का खुलासा करते कप्तान

**मीरजापुर।** अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का जनपद पुलिस ने भण्डाफोड़ करते हुए वाहन चोर गैंग के 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। साथ ही उनके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया हैं। पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने 15 हजार रुपये इनाम घोषित किया। कोतवाली देहात व स्वाट सर्विलांस पुलिस टीम को संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। देहात कोतवाली पुलिस बल को मुखबिर से सूचना मिला कि क्षेत्र में कुछ व्यक्ति चोरी की मोटर साईकिल की खरीद एवं बिक्री की बात कर रहे हैं। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात व स्वाट सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने बताये गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर चोरी की 4 मोटर साईकिल के साथ 4 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम आकाश त्रिपाठी, धनन्जय पटेल, आशीष पटेल व रोहित पटेल बताया। गिरफ्तार आरोपियों की निशान देही पर कोतवाली देहात क्षेत्र से छिपाकर रखी हुई अन्य 3 चोरी की मोटर साईकिलों को बरामद किया गया। इस प्रकार चोरी की कुल 7 मोटर साईकिलें बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि इनका एक संगठित गैंग है, जो मोटर साईकिलों की चोरी कर बिक्री करने का काम करता है। गिरफ्तार आरोपी आकाश त्रिपाठी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद मीरजापुर, जौनपुर, प्रयागराज, भदोही व मध्यप्रदेश प्रान्त के सीमावर्ती क्षेत्र से मोटरसाईकिल की चोरी करते हैं। चोरी की मोटरसाईकिलों का नम्बर प्लेट बदलकर उन्हें धनन्जय पटेल, आशीष पटेल व रोहित पटेल के माध्यम से ग्राहकों को कम दाम पर बेच देते हैं। जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते हैं। सभी आरोपी लालगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जिनकी उम्र महज 19 और 20 वर्ष हैं।

## दशकों से जमीन पर बसने वाले को दिया जाय मालिकाना हक



प्रदर्शन करते ग्रामीण मजदूर सभा के लोग

**जमालपुर।** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पर धरना देने के बाद राष्ट्रपति से संबोधित मांग पत्र खंड विकास अधिकारी अशोक यादव को सौंपा। पत्रक के माध्यम से बताया गया कि बुलडोजर पर तत्काल रोक लगाई जाय, दशकों से जिस जमीन पर बसे हैं उनको मालिकाना हक दिया जाय। न्यूनतम दैनिक मजदूरी दर 429 रुपए किया जाय। विधवा एवं विकलांग पेंशन 3000 रुपए किया जाय। प्रधानमंत्री आवास सहायता की राशि पांच लाख, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की ब्याज दर कम से कम हो, गरीब दलित को 200 यूनिट बिजली फ्री किया जाय। विकास खंड के सभी गांवों का हैंडपंप मरम्मत, मानिकपुर पंचायत भवन से घमहापुर तक जर्जर रास्ते की मांग किया है। इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य रामकृत बियार, राम प्यारे, प्रभू बियार, अतिउल्ला, राजनाथ, इंकलाबी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष सतीश यादव, राधिका देवी, राहुल, समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अनियंत्रित कंटेनर व बाइक में टक्कर, बाइक सवार दो घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित हरसड़ गांव में गुरुवार दोपहर कंटेनर और बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वही घटना में बाइक पर पीछे बैठी युवती बाल बाल बच गई। जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद से चूड़ी लादकर हलिया बाजार से ड्रमंडगंज की तरफ जा रहा कंटेनर जैसे ही हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के हरसड़ गांव पहुंचा कि अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक 30 वर्षीय राजू मौर्य निवासी बंजारी कलां व 20 वर्षीय श्याम लाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक पर पीछे बैठी 19 वर्षीया दत्ती देवी बाल बाल बच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक श्याम लाल ने घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया भिजवाया जहां बाइक चालक राजू के पैर में गंभीर चोट व श्याम बाबू के सिर में गंभीर चोट को देखते ही चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।


## चकरोड के निर्माण में मानक के विपरीत कराया जा रहा कार्य

**मनमानी**

### जेएसवी में भस्सी की जगह मिट्टी, मोरंग, का धड़ल्ले से हो रहा प्रयोग

### चकरोड निर्माण में काम कर रहे मजदूरों का भी नहीं किया गया भुगतान

**जनसंदेश न्यूज**



घटिया सामग्री से बनाई जा रही सड़क

**राजगढ़।** विकासखंड राजगढ़ के धौरहां ग्राम पंचायत में बनाए गए चकरोडों के निर्माण में मानक की अनदेखी एवं मजदूरों के भुगतान से संबंधित शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की गई है। शिकायतकर्ता ने वर्तमान ग्रामप्रधान व उनके प्रतिनिधि पति जितेन्द्र कुमार यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत धौरहां में तीन वर्ष से निर्माणाधीन चकमार्ग पर मनरेगा के तहत मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है, जो अभी तक पूरा नहीं किया जा सका। तथा मजदूरों का भुगतान भी नहीं किया गया। ऐसे में धौरहां ग्राम पंचायत में मनरेगा अधिनियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गांव के तालाब से सुभाष सिंह के खेत तक निर्माणाधीन चकमार्ग में भस्सी की जगह मिट्टी व मोरंग का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे न केवल सरकारी मानक को दरकिनार किया जा रहा है बल्कि गांव की जनता को गुमराह कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्रार्थी सतीश कुमार सिंह ने प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार यादव एवं ब्लाक अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि 11 सितंबर 2022 को गांव के तालाब एवं सवैया नाला पर बनाए गए पुलिया निर्माण में जेसीबी मशीन का धड़ल्ले से उपयोग किया गया है। जिसकी शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रधान प्रतिनिधि का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में ब्लाक अधिकारियों की उदासीनता या संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है।

## मतदान पार्टी प्रस्थान, वापसी और मतगणना कराये जाने के लिए भवन अधिग्रहित

**मीरजापुर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) दिव्या मित्तल ने जारी अपने एक आदेश तहत कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु कार्यक्रम निर्गत किया गया है। मीरजापुर द्वितीय चरण के अन्तर्गत 11 मई को मतदान एवं 13 मई को मतगणना कार्य किया जायेगा। मतदान पार्टी प्रस्थान एवं वापसी व मतगणना का कार्य जिला मुख्यालय (नगर पालिका परिषद मीरजापुर एवं नगर पंचायत कछवां) पर राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया एवं तहसील मुख्यालय (नगर पालिका परिषद चुनार एवं नगर पालिका परिषद अहरौरा हेतु स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार को चिन्हित किया गया है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु मतदान पार्टी प्रस्थान एवं वापसी तथा मतगणना कराये जाने हेतु राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार को एक मई से 15 मई तक के लिए अधिगृहित किया जाता है।

### 100 मीटर की परिधि में उम्मीदवारों, अभिकर्ताओं व मतदाताओं का प्रवेश रहेगा निषेध

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) शिव प्रताप शुक्ल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतदान दिवसों पर उम्मीदवारों, उनके अभिकर्ताओं और मतदाताओं का मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतदान स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रवेश निषेध रहेगा। मतगणना की पूरी अवधि के दौरान उम्मीदवारों और उनके अभिकर्ताओं का मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतगणना स्थल पर भी प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। उक्त प्रतिबन्ध ड्यूटी पर लगे कार्मिकों पर लागू नहीं होगा।

### उप चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया रूटमार्च

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में छानवे विधान सभा के उपचुनाव के मद्देनजर बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह की मौजूदगी में क्षेत्र के अदवा, अहुँगीकला, तथा क्रिटिकल मतदान केंद्र राजपुर सोनगढा, पवारीखुर्द, आदि संबंधित गांवों मे थाना स्थानीय आवंटित फोर्स एस एस बी की 18 वीं वाहिनी, 20वीं वाहिनी, 48वी वाहिनी ,51वीं वाहिनी की एक-एक कंपनी कुल कम्पनियों के साथ एरिया डोमिनेशन तथा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से जनसंपर्क होने के दौरान सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। थानाध्यक्ष ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की है।

## मान मनौवल के बाद निर्दल प्रत्याशी ने नामांकन लिया वापस

**जनसंदेश न्यूज**

**चुनार।** भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए टिकट नही मिलने से नाराज होकर बागी प्रत्याशी के रुप में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले विजय कुमार वर्मा ने वृहस्पतिवार को अपने सैकड़ों समर्थकों सहित जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह व विधायक अनुराग सिंह के काफी मानमनौवल के साथ तहसील पहुँच कर निर्वाचन अधिकारी नगरपालिका परिषद चुनार नवनीत सेहरा के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना नामांकन पत्र वापस लिया।

इसके बाद भाजपा कार्यालय से नगर में जुलूस लेकर भ्रमण किया। इस दौरान आलोक सिंह, नगर अध्यक्ष चन्द्रहाश गुप्ता, महामंत्री अभिलाष राय, आलोक श्रीवास्तव अखिलेश मिश्रा, रमेश चन्द्र साहू ,मनीष राय, रामवृक्ष पाल, विजय कुमार गुप्ता सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में लगी आग

**हलिया।** ड्रमंडगंज वन क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह वनक्षेत्र के सगहा जंगल में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर ड्रमंडगंज वी के तिवारी, वनरक्षक संजीव पटेल, सर्वेश पटेल वाचरों के साथ जंगल में पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। चार हेक्टेयर क्षेत्र में फैली आग पर कड़ी मशक्कत के बाद वनकर्मियों ने शाम तक आग पर काबू पा लिया। लेकिन जगह जगह सुलग रही आग को बुझाने में वनविभाग की टीम लगी हुई है। तेज हवाओं के कारण आग धीरे धीरे जंगल में फैलने लगी जिसे बुझाने में वनकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जंगल में लगी आग पर काफी हद तक काबू पाने के बाद ग्रामीणों तथा वनकर्मियों ने राहत की सांस ली। आग से हरे भरे पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। वनविभाग की टीम ने ग्रामीणों को वनों की सुरक्षा को देखते हुए सतर्कता बरतने के लिए कहा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज वी के तिवारी ने बताया कि बबुरा रघुनाथ सिंह वनक्षेत्र के सगहा पहाड़ पर आग लग गई थी ग्रामीणों की सूचना पर वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। छिटपुट जगहों पर सुलग रही आग को बुझाने के लिए प्रयास जारी है। रेंजर ने बताया कि संभवतःजंगल में चरवाहों के बीड़ी आदि पीकर फेंकने या बांस के पेड़ों में रगड़ होने से आग लगी होगी।



जंगल में लगी आग

## संक्षेप

### बीएसएफ व पुलिस फोर्स ने किया रूट मार्च

**लालगंज।** थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया के निर्देशन में बीएसएफ व पुलिस फोर्स के बीच रूट मार्च का कारवां दिनों दिन प्रत्येक बूथ तक बढ़ता जा रहा है। जिसके क्रम में बृहस्पतिवार को लहंगपुर से रेही गांव तक किया गया। रूट मार्च में जगह जगह ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि प्रशासन पूरी तरह से संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर गड़ाए हुए हैं। किसी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। इसके लिए संदिग्ध व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा रही है। पूरे विधानसभा में 10 हजार व्यक्तियों को पाबंद किया जा चुका है। चट्टी चौराहों पर रूट मार्च के दौरान ग्रामीणों को निर्भय व निडर होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस व प्रशासन ने स्वतंत्र वातावरण बनाने में लगी हुई ?है। इस दौरान लहंगपुर व रेही गांव के ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था देखकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत मान रहे हैं।

### सिपाहियों में मारपीट पर 3 पदच्युत, 6 पर निलम्बन की गाज

**मीरजापुर।** थाना संतनगर में गत रविवार को पुलिस के जवानों में मारपीट के मामले में एसपी संतोष मिश्र ने 3 जवानों को बर्खास्त करने के साथ ही 6 सिपाहियों को निलम्बित कर दिया। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने संज्ञान लिया। जाँच के बाद एसपी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही की है। एसपी ने शराब पीकर हंगामा और मारपीट करने के मामले में मुख्य आरक्षी नामवर सिंह यादव तथा मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह को पदच्युत कर दिया। इसके साथ ही 32 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के मुख्य आरक्षी देव प्रकाश पाण्डेय के विरूद्ध पदच्युत की कार्यवाही के लिए सेनानायक 32 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ से पत्रचार किया गया है। एसपी ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसके सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी लालगंज से जांच करायी गयी। जांच में कतिपय आरोपों के प्रमाणित होने पर दोषी पाये गये पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उपनिरीक्षक मनोज उपाध्याय, मुख्य आरक्षी उपेन्द्र सिंह, करन सिंह यादव, आरक्षी विमलेश सिंह, लखन रावत तथा नागेन्द्र कुमार यादव को निलम्बित कर दिया गया है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग सात पर पड़री थाना क्षेत्र के कम्हारी गांव के पास बुधवार की देर रात ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार 30 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना के सम्बंध में बताया गया कि कम्हारी गांव निवासी पिंटू गुप्ता उम्र 30 वर्ष पुत्र अशोक कुमार गुप्ता बुधवार की देर रात अपनी मोटर साईकिल द्वारा मोहनपुर से घर जा रहा थे। जैसे ही कम्हारी गांव के पास पहुंचा की सामने से आ रही वाहन ने धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर होकर सड़क पर गिर पड़ा और पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर रौदते हुए चली गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर सड़क के किनारे घर बना कर रह रहे लोग इकट्ठा हो गए। जिसकी सूचना तत्काल पीआरबी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत्यावस्था में पड़े पिंटू के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक के दो पुत्री व एक पुत्र है। मृतक दो भाइयों में बड़ा भाई था तथा मृतक पिंटू गुप्ता हलवाई का काम करता था।

### प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित

**अदलहाट।** सत्यसांई इण्टर कालेज नरायनपुर परिसर में गुरुवार को आयोजित सम्मान समारोह में इण्टरमीडिएट व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा में 82 व इण्टर में 55 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। समारोह में हाईस्कूल के अनमोल विश्वकर्मा 93.5 प्रतिशत, रुपाली, कुशमाण्डा व निधि सिंह तथा इंटर में आजाद अनुपम सिह को श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रबंधक डा.ऊषा रानी व प्रधानाचार्य मुन्नू राव ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान डा.ऊषा रानी, डा.सुमनलता, प्रधानाचार्य मुन्नू राव, राजकुमार शर्मा, डा. प्रभाकर यादव, राजेश कुमार सिंह, गणेश प्रसाद, रामनरायण विश्वकर्मा, अजय कुमार विश्वकर्मा आदि अध्यापक गण उपस्थित रहें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से अधेड़ की मौत

**जमालपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लेने से अस्पताल ले जाते समय 44 वर्षीय युवक ने रास्ते में दम तोड दिया। जानकारी के अनुसार अरविंद पटेल 44 वर्ष पुत्र मुलूक सिंह निवासी जयपट्टी कला ने बुधवार की रात संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया जिसकी जानकारी होते ही तुरंत परिजन ईलाज के लिए वाराणसी ले गए जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी मीनू सिंह, माता निर्मला देवी और पिता सहित परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हाल हो गया। वहीं गांव में मातमी माहौल छा गया। मृतक को एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं, जो वाराणसी में रहकर पढ़ाई करती हैं। परिजनों के अनुसार घर में सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था लेकिन इसी दौरान अचानक ऐसा कदम उठाने को लेकर सभी हैरान हैं। वहीं गांव में मौत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही थी।

### गंगा अवतरण दिवस पर किया गया मां गंगा का पूजन

**चुनार।** वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी गंगा उत्पत्ति दिवस के शुभ उपलक्ष्य में उत्तर वाहिनी गंगा सेवा समिति के तत्वावधान में प्रातः काल गंगा पूजन अभिषेक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्वान पंडित शशिकांत मिश्रा, शिवकांत पाठक, बृजेश चतुर्वेदी, सुशील त्रिपाठी एवम ज्ञान प्रकाश मिश्रा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ विधि पूर्वक पूजन कर मां गंगा का जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्रसाद भी वितरण किया गया। इस दौरान रामविलास साहनी, मदन गुप्ता, मनीष साहनी, किशन साहनी, अनिल साहनी, गुलाब साहनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक युवती के मां की तहरीर पर बुधवार को देर शाम दो युवकों द्वारा दुष्कर्म किए जाने की तहरीर पर मुकदमा कायम कर गुरुवार को नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता के तहरीर मे बताया कि उसकी लड़की शौच के लिए सीवान में गई हुई थी, कि पड़ोसी गांव के दो युवको क द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया पुलिस नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफतीस कर रही रही थी। मुखबिर से पता चला कि नारायणपुर रेलवे स्टेशन पर आरोपी मौजूद है जो कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, एसआई संजय सिंह हमराही के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### आकाशीय बिजली से भैंस की मौत

**मड़िहान।** सन्तनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरी दुबार खास में बुधवार की देर शाम आकाशीय बिजली से एक भैंस की मौत हो गई। गांव निवासी दयाशंकर अपनी भैंस की सेवा कर खुले आसमान के नीचे बांध कर सोने चले गए रात में तेज तूफान के साथ तेज गर्जना हुई। उसी समय भैंस की मौत हो गई। भैंस के दूध से ही परिवार बाह्य खर्च पर निर्भर था।

## 17 घंटे बाधित विद्युत से दर्जनों गांवों में छाया रहा अंधेरा

### विभाग की लापरवाही से आए दिन बाधित रहती है बिजली

**लालगंज।** विद्युत उपकेंद्र लालगंज बस्तरा फीडर की आपूर्ति 17 घंटे ठप रही। जिसके कारण कई दर्जनों गांव के ग्रामीणों को अंधकार में रहकर रात काटनी पड़ी। प्रायः यही स्थिति हल्की सी हवा और बारिश होने के बाद जर्जर तार टूट कर गिर जाते हैं, जिससे विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाती है। जब तक विद्युत तार बदला नहीं जाएगा तब तक विद्युत आपूर्ति की सही व्यवस्था नहीं बन पाएगी। लालगंज विद्युत उपकेंद्र का बस्तरा फीडर प्रायः जर्जर तार व विद्युत खंभे के टेढ़ापन के चलते आए दिन आपूर्ति ठप हो जाती है। हल्के-फुल्के हवाओं के चलते झूलते तार आपस में सट जा रहे हैं। जिसके कारण आपूर्ति ठप हो जा रही है। वही शाम को विद्युत कर्मी घर चले जाते हैं। पेट्रोलिंग के अभाव में जगह-जगह पेड़ों की डालियां टूटकर तार पर लटक गई हैं। कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग करके नौ बजे लाइन क्लीयर की। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बस्तरा फीडर उपकेंद्र सबसे कम विद्युत आपूर्ति करने वाला उपकेन्द्र है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अभिषेक मौर्य का कहना है कि तेज हवाओं और बारिश के चलते दिक्कतें आई थी जिसको दूर करा दिया गया है।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जमालपुर।** अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाएं गए अभियान के तहत गुरुवार को जमालपुर पुलिस ने एक आरोपी को देशी तमन्चा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर गोरखपुर माफी गांव के रमेश यादव 38 वर्ष पुत्र मेवालाल यादव को गोरखपुर माफी गांव के पास से एक तमन्चा व जिन्दा कारतूस पुलिस ने बरामद किया, जिसके आधार पर बरामदगी करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीकृत कर जेल भेजा दिया।

## बांस बल्ली के सहारे चल रही बिजली व्यवस्था

### छानबे की नई बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का टोटा

**लापरवाही**

### लटक रहे विद्युत तार दुर्घटना को दे रहे दावत

### ग्रामीण आधा किमी दूर से बिजली लेने पर मजबूर

**जनसंदेश न्यूज**



लटक रहे विद्युत तार

**विंध्याचल।** विकासखंड छानबे के मुकुंद बांध नई बस्ती गांव में मूलभूत सुविधाओं का टोटा नजर आ रहा है मुख्य सड़कें जर्जर अवस्था में है विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है वर्षों से बांस बल्ली पर लटक रहे बिजली के तार दुर्घटना को दावत दे रहे हैं ऐसी स्थिति में बस्ती के बाशिंदों को आधा किमी दूर से बिजली लेना पड़ रहा है सब कुछ जानते हुए भी संबंधित विभागों के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं।

जनपद मिजार्पुर के ब्लॉक छानबे स्थित मुकुंद बांध नई बस्ती गांव में विकास की किरण अभी तक नहीं पहुंच पाई है बस्ती के लोग वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाते चले आ रहे हैं बावजूद इसके उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है आज ही बस्ती में बांस बल्ली के सहारे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था संचालित की जा रही है बांस झूलते लटकते तार कभी भी बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं खस्ताहाल सड़कों पर गुजर ना ग्रामीणों के लिए कष्टदायक साबित हो रहा है बावजूद इसके सड़कों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है वाहनों को कौन कहे ध्वस्त सड़कों से पैदल गुजर ना थी मुश्किल हो रहा है नई बस्ती में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त होने के कारण गांव के ग्रामीणों को करीब 500 मीटर दूर से बिजली के कनेक्शन लेने पड़ रहे हैं मजे की बात तो यह है कि यह गांव भारतीय मानक समय के समीप ही स्थित है जहां पर आए दिन अधिकारियों का जमावड़ा लगा रहता है बावजूद इसके यहां पर विकास कोसों दूर नजर आ रही है इलाहाबाद मिजार्पुर हाईवे मार्ग से सटे सुलभ कांप्लेक्स से लेकर आंगनवाड़ी केंद्र तक 800 मीटर सड़क पर 450 मीटर तक सड़क खस्ताहाल है जिस पर बस्ती को लोगों को गुजारना कष्टदायक साबित हो रहा है इस मार्ग पर न बिजली के पोल लगे हुए हैं एक भी सीवर पाइप लाइन नहीं बिछाए गए हैं बारिश के मौसम में सड़क पर जलभराव होने के कारण ग्रामीणों को पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है ध्वस्त सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है स्कूली बच्चे आए दिन सड़क पर गिरते रहते हैं नई बस्ती के विवेकानंद झा ,ममता शुक्ला ,सूरज कुमार, वेद प्रकाश झा, टिंकू मिश्रा, रागिनी ठाकुर, विपिन मिश्रा, सोनी गुप्ता ,रीमा शर्मा ,पुष्पा झा, संगीता शर्मा, पप्पू गुप्ता, लोरिक यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि बारिश के पूर्व बस्ती में सीवर, सड़क निर्माण, बिजली के पोल के साथ ही कई अन्य प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए जिससे ग्रामीणों का जीवन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन से माफियाओं की कट रही चांदी

### खनन संबंधित विभाग उदासीन

**जनसंदेश न्यूज**

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत जुड़िया, गोपालपुर क्षेत्र अवैध पत्थर खनन का क्षेत्र बन चुका है। क्षेत्र में जोरदार ब्लास्टिंग कर पत्थरों को तोड़ा जा रहा है। बारूद के धमाके से आसपास के क्षेत्र हिल जाते हैं। ग्रामीण मौत के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं।

इन अवैध तरीके से तोड़े गए पत्थरों को ट्रैक्टर से ढुलाई करके खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं। वहीं वन विभाग चुप्पी साधे बैठा है। पिछले दिनों अवैध पत्थर की ढुलाई करते वक्त वन विभाग की टीम ने पत्थर लदे ट्रैक्टर को पकड़ा लेकिन लाखों रुपए की वसूली कर बिना कार्रवाई किए ही ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया। अवैध खनन माफिया पुलिस प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन व ढुलाई जोरों पर है। इन खनन माफियाओं को दिन के उजाले या रात के अंधेरे से कोई फर्क नहीं है। संबंधित विभाग से आपसी समझौते पर खनन माफिया ट्रैक्टर पर पत्थर लादकर खर्राटे भर रहे हैं।

> इस संबंध में डीएफओ अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की जानकारी नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी और गोरथरा ग्राम वन की पत्थर बाउंड्री को खनन माफिया उसे भी उठा ले गए हैं, इसकी भी जानकारी नहीं है। संबंधित खनन माफिया के खिलाफ जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और जिस भी विभागीय अधिकारी की संलिप्तता पायी गयी उसे भी नही बख्शा जाएगा।
>
> डीएफओ अरविंद कुमार मिश्रा

# स्पोर्ट्स

## पद्मश्री ओलंपियन मुक्केबाज कौर सिंह का निधन, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जताया शोक

**चंडीगढ़।** पंजाब के पद्मश्री ओलंपियन मुक्केबाज कौर सिंह (74) का बुधवार रात कुरूक्षेत्र के एक अस्पताल में निधन हो गया। कौर सिंह डायबिटीज की बीमारी से पीड़ित थे और दो दिन पहले उन्हें उपचार के लिए पटियाला और उसके बाद कुरूक्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार आज संगरूर के गांव खनाल खुर्द में किया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कौर सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मान ने ट्वीट किया , ओलंपियन बॉक्सर पदम श्री कौर सिंह जी... संगरूर के गाँव खनाल खुर्द ने एशियन गेम्स में भारत का दबदबा कायम रखा और देश को स्वर्ण पदक जीता... कौर सिंह आज हमें छोड़ कर चले गए... ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना। इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ सहानुभूति।



# पंजाब और लखनऊ के अहम मुकाबले में नजरें केएल राहुल के स्ट्राइक रेट पर

## नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण तीन मैच नहीं खेल सके लेकिन इस मैच में वापसी कर सकते हैं

**मोहाली।** पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मुकाबले में लखनऊ सुपर जाइंट्स को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमों ने सात में से चार मैच जीते हैं और कठिन होती जा रही प्लेआफ की दौड़ में अब हर मैच महत्वपूर्ण हो गया है।



लखनऊ की पिच बल्लेबाजी के लिए आदर्श नहीं रही है और शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 136 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए हारने के बाद कप्तान केएल राहुल का स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है। राहुल का स्ट्राइक रेट अभी तक 113 . 91 रहा है लेकिन वह इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

इस सत्र में पीसीए स्टेडियम पर अभी तक 200 रन नहीं बन सके हैं लेकिन पिच लखनऊ की तुलना में बेहतर है। तेज गेंदबाज मार्क वुड की गैर मौजूदगी में लखनऊ का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। वुड 15 अप्रैल के बाद से एक भी मैच नहीं खेल सके हैं और टीम को उनकी जल्दी वापसी की उम्मीद है।

वुड तीन मैच नहीं खेलने के बावजूद उनके लिये सर्वाधिक विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर पंजाब किंग्स पिछले दो मैच हारने के बाद वापसी की कोशिश में होगी।

नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण तीन मैच नहीं खेल सके लेकिन इस मैच में वापसी कर सकते हैं। पंजाब ने अपनी गलतियों से कुछ मैच गंवाये हैं लेकिन अब कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी।

शीर्षक्रम पर प्रभसिमरन सिंह और मैथ्यू शॉर्ट को टिककर खेलना होगा जबकि लियाम लिविंगस्टोन अभी तक अपनी लय में नहीं दिखे हैं। कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और वे इसे बरकरार रखना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह नयी और पुरानी दोनों गेंद से प्रभावी रहे हैं। टीम को अब कैगिसो रबाडा और नाथन एलिस में से एक को चुनना होगा जो आसान नहीं है।

***टीमें :***

पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राहुल चाहर, सैम कुर्रन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, विद्वाथ कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबाडा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायडे।

लखनऊ सुपर जायंट्सः केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## स्पेशल ओलंपिक खेलों के लिए भारत ने चुने 177 एथलीट, बर्लिन में दिखाएंगे अपना दमखम



**नोएडा।** जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 17 से 25 जून तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों के लिये भारत ने 177 स्पेशल एथलीटों सहित 380 सदस्यीय दल का चयन किया है। स्पेशल ओलंपिक भारत ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि देश के 23 राज्यों से आने वाले ये एथलीट यहां एमिटी यूनिवर्सिटी में युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित एथलीट राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 15 खेलों के लिये प्रशिक्षण लेंगे। इस अवसर पर भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं पद्मश्री रानी रामपाल, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, एसओ भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा, एसओ भारत साइक्लिंग एथलीट शिवानी, एसओ भारत के कार्यकारी निदेशक एलके शर्मा सहित विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। पद्मश्री रानी रामपाल ने एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं इस तरह के सुंदर प्रयास का हिस्सा बनकर बहुत खुश महसूस कर रही हूं, जो वैश्विक स्तर पर मानवीय भावना की सच्ची सुंदरता का प्रदर्शन कर रहा है। केवल खेलों में ही हम सभी को एक साथ लाने और मौजूदा बाधाओं को तोड़ने की शक्ति है। डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा, विश्व खेल एथलीटों के लिये अपनी काबिलियत, सकारात्मकता और आत्मविश्वास दिखाने का एक शानदार अवसर है। इस खेल आयोजन में दुनिया को विविधता और समावेशन की सुंदरता देखने को मिलती है।

# हम हार के हकदार थे, विराट कोहली ने दिया बयान

## केकेआर ने आरसीबी के सामने 201 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में आरसीबी 179 रन तक ही पहुंच सकी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों मिली 21 रन की शिकस्त के बाद कहा कि खराब फील्डिंग और लापरवाह बल्लेबाजी के कारण वह हार के हकदार थे। केकेआर ने बुधवार को खेले गये आईपीएल मुकाबले में आरसीबी के सामने 201 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में आरसीबी 179 रन तक ही पहुंच सकी। आरसीबी ने फील्डिंग करते हुए नीतीश राणा के दो कैच छोड़े और नीतीश ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 21 गेंद पर 48 रन बनाकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। कोहली ने मैच के बाद कहा, ₹सच कहूं तो हमने मैच उनके



हवाले कर दिया। हम हार के हकदार थे। हम पर्याप्त रूप से पेशेवर नहीं थे। हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन फील्डिंग निम्न स्तरीय थी। हमने मुफ्त में जीत उन्हें सौंप दी। उन्होंने कहा, फील्डिंग करते हुए हमने दो कैच छोड़े, जिसके कारण वे 25-30 रन ज्यादा बना सके। बल्लेबाजी करते हुए हमने अच्छी शुरूआत की लेकिन चार-पांच विकेट बहुत लापरवाही से गिरे।₹ लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने तेज शुरूआत की लेकिन फाफ डु प्लेसिस (सात गेंद, 17 रन) सुयष शर्मा की गेंद पर आउट हो गए, जबकि ग्लेन मैक्सवेल (पांच) भी बड़ा योगदान नहीं दे सके। विराट कोहली (37 गेंद, 54 रन) ने शुरूआती झटकों के बाद आरसीबी की पारी को संभाला लेकिन उनके आउट होने के बाद मेजबान टीम जीत से दूर जाती रही। कोहली ने कहा, हमारे बल्लेबाज जिन गेंदों पर आउट हुए वे विकेट लेने वाली गेंदें नहीं थीं। हमने उन्हें सीधा फील्डर के हाथों में खेला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एक साझेदारी हमें मैच में वापस ले आयी थी लेकिन एक और साझेदारी की जरूरत थी। हमें हमेशा चौकन्ना रहना होगा और आसानी से विकेट नहीं देने होंगे। आरसीबी का अगला मुकाबला एक मई को लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा।

## पीटी उषा ने पहलवानों के प्रदर्शन को गलत बताया, बजरंग बोले- उनसे ये उम्मीद नहीं थी



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कुछ कोच खिलाफ पहलवानों का प्रदर्शन पार्ट-2 पांचवें दिन भी जारी है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित कई खिलाड़ी रविवार (23 अप्रैल) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच गए थे। उसके बाद से वह धरने पर बैठे हैं। पहलवानों ने जनवरी में भी कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पीटी उषा के बयान पर बजरंग पूनिया ने निराशा जाहिर की है। उन्होंने कहा हमें आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से ऐसे कड़े जवाब की अपेक्षा नहीं थी, हमें उम्मीद थी कि वह हमारा साथ देंगी।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने आईओए की कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा, पहलवानों का सड़क पर प्रदर्शन करना अनुशासनहीनता है । इससे भारत की छवि खराब हो रही है । आईओए ने कुश्ती महासंघ के कामकाज के संचालन के लिये चुनाव होने तक एक तदर्थ समिति का गठन किया है, जिसमें पूर्व निशानेबाज सुमा शिरूर, भारतीय वुशू संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा और उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत न्यायाधीश हैं, जिनका नाम अभी तय नहीं हुआ है।

केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को लेकर कहा कि कुछ खिलाड़ी अगर आज जंतर-मंतर पर बैठे हैं उनके साथ किसने बात की मैं 12 घंटे उनके साथ बैठा। मैंने उनकी बात सुनी, कमेटी बनाई, हम निष्पक्ष जांच चाहते थे। इनके कहने पर बबीता फोगाट को कमेटी में शामिल किया गया। हर किसी को अपनी बात रखने का मौका दिया गया। किसी भी थाने में कोई भी एफआईआर दर्ज करवा सकता है। पुलिस ने कहा कि प्राथमिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे। मोदी सरकार हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ी रही है। हमारे लिए खेल प्राथमिकता है, जिसके साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे।

जनवरी में पहलवानों ने पहली बार कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पहलवान दिल्ली के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे थे। पहलवानों कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर मनमाने तरीके से संघ चलाने और कई महिला पहलवानों का यौन शोषण करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के कामकाज को दूर कर दिया गया और उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए समिति बना दी गई। इस समिति ने पांच अप्रैल को अपनी रिपोर्ट सौंप दी, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। इसके बाद पहलवानों ने रविवार (23 अप्रैल) को फिर से दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन शुरू कर दिया। ***एजेंसी***

# बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध : ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स का प्रमोशन, शिखा पांडे बाहर

**नई दिल्ली।** युवा विकेटकीपर ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स को बीसीसीआई के 2022 . 23 सत्र के लिये केंद्रीय अनुबंध में बी ग्रेड में प्रमोशन मिला है जबकि शिखा पांडे और तानिया भाटिया बाहर हो गई हैं। अनुबंध अक्टूबर से सितंबर का होता है लेकिन बीसीसीआई ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। ए ग्रेड वाले खिलाड़ी को मैच फीस से इतर 50 लाख, बी वाले को 30 लाख और सी श्रेणी में 10 लाख रुपये मिलते हैं। बोर्ड ने ए श्रेणी में सिर्फ कप्तान हरमनप्रीत कौर, बल्लेबाज स्मृति मंधाना और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को रखा है। स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को बी श्रेणी में डाल दिया गया है।



लेग स्पिनर पूनम यादव को अनुबंध नहीं मिला है जो पिछली बार ए श्रेणी में थी। वह मार्च 2022 के बाद से भारत के लिये नहीं खेली हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को भी करार नहीं मिला है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को बी श्रेणी का करार मिला है। पिछले साल महिला क्रिकेटरों के लिये समान वेतन का ऐलान करने वाले बीसीसीआई ने 17 महिला क्रिकेटरों को केंद्रीय अनुबंध दिये हैं।

***सूची :***

ए श्रेणी : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा

बी श्रेणी : रेणुका ठाकुर, जेमिमा रौड्रिग्स, शेफाली वर्मा, रिचाा घोष और राजेश्वरी गायकवाड़

सी श्रेणी : मेघना सिंह, देविका वैद्य, एस मेघना, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, राधा यादव, हरलीन देयोल और यस्तिका भाटिया।

## सनराइजर्स हैदराबाद को तगड़ा झटका, चोट के कारण आईपीएल से बाहर हुए वाशिंगटन सुंदर

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण गुरुवार को आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए जिससे खराब फॉर्म से जूझ रही उनकी टीम को एक और झटका लगा है। टीम ने सुंदर की चोट और बाकी सत्र के लिये उनके उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी। सनराइजर्स टीम ने ट्वीट किया, वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण आईपीएल 2023 के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना। सुंदर ने अभी तक सात मैचों में 8 . 26 की इकॉनामी से तीन विकेट लिये और 60 रन बनाए। सनराइजर्स सात मैचों में महज दो जीत के बाद दस टीमों में नौवे स्थान पर है।



# बीसीसीआई के अनुबंध में रेणुका ठाकुर की लंबी छलांग

**देहरादून।** हिमाचल की क्रिकेटर रेणुका ठाकुर ने बीसीसीआई के सालाना अनुबंध में लंबी छलांग लगाई है। बीसीसीआई ने रेणुका को सीधे ग्रेड श्रेणी में शामिल कर लिया है। 2022 के वनडे वर्ल्ड कप और इस साल हुए टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का रेणुका को इनाम मिला है। इसके अलावा हिमाचल की हरलीन देओल ने अपना ग्रेड बरकरार रखा है।

वह इस बार भी सी ग्रेड में हैं। बीसीसीआई की ओर से जारी नए अनुबंध में 17 महिला खिलाड़ियों को रखा गया है। बीसीसीआई ए-ग्रेड में शामिल महिला

## बी ग्रेड लेने वाली हिमाचल की पहली क्रिकेटर



खिलाड़ियों को सालाना फीस के तौर पर 50 लाख रुपये देती है। बी ग्रेड में मौजूद खिलाड़ियों को 30 लाख और सी ग्रेड में जगह बनाने वालों को 10 लाख रुपये फीस के तौर पर दिए जाते हैं।

***मां बोलीं, बेटी की मेहनत ला रही रंग***

रेणुका सिंह ठाकुर की माता सुनीता ठाकुर ने कहा कि कहा कि बीसीसीआई के सालाना अनुंबध में रेणुका को बी ग्रेड में शामिल करना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। रेणुका ने अपनी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि रेणुका के पिता ने जो सपना देखा था रेणुका ने इसे साकार कर दिया है।

***रेणुका का अब तक का प्रदर्शन***

रेणुका ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में में सात अक्तूबर 2021 को आस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू किया। रेणुका ने अब तक खेले कुल 32 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में 31 विकेट हासिल किए हैं। जिसमें एक मैच में रेणुका ने 15 रन देकर पांच विकेट हासिल किए हैं। सात एक दिवसीय मैचों में 18 विकेट चटकाएं है। कॉमनवेल्थ गेम्स में रेणुका सिंह ठाकुर सबसे अधिक 11 विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं।

## प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत ने एशियाई खेलों के लिए किया क्वालीफाई

***पुरुषों के वर्ग में खालिन जोशी ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला और 54 होल के बाद उनका कुल स्कोर 13 अंडर 203 रहा***



**कोलकाता।** बेंगलुरु की प्रणवी उर्स और एमेच्योर अवनि प्रशांत ने यहां ट्रायल्स में कुल 10 अंडर 206 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल करके इस साल सितंबर में चीन में होने वाले एशियाई खेलों की गोल्फ प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। भारत की स्टार गोल्फर अदिति अशोक पहले ही एशियाई खेलों की टीम ने जगह बना चुकी थी। इस तरह से अब महिला गोल्फ में भारत के तीन खिलाड़ी एशियाई खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रणवी रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में दूसरे दौर के बाद अवनी से एक शॉट पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने अंतिम दौर में 17वें होल में बोगी करने के बावजूद तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। अवनी ने अंतिम होल में बोगी की और आखिर में प्रणवी के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रही। पुरुषों के वर्ग में खालिन जोशी ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला और 54 होल के बाद उनका कुल स्कोर 13 अंडर 203 रहा। एसएसपी चौरसिया ने भी अंतिम दौर में 68 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर 11 अंडर 205 रहा जिससे वह दूसरे स्थान पर रहकर एशियाई खेलों में जगह बनाने में सफल रहे। जोशी और 2016 के ओलंपिक में भाग लेने वाले चौरसिया के अलावा पुरुष टीम में अनिर्बान लाहिड़ी और शुभंकर शर्मा एशियाई खेलों में भारत की चुनौती पेश करेंगे।

# मॉब लिंचिंग कराने का दोषी बाहुबली आनंद मोहन रिहा

## गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या के लिए भीड़ को उकसाने का लगा आरोप, डीएम की पत्नी बोली-फैसले से दुख हुआ, सियासत शुरू हुई

**बिहार।** गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की मॉब लिंचिंग कराने के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह अंतिम तौर पर आज जेल-मुक्त हो गए। राजनीति के लिहाज से यह एक राजपूत नेता की रिहाई है। दिवंगत आइएएस कृष्णैया की पत्नी उमा देवी इस रिहाई पर दुख जता चुकी हैं। रिहाई के एक दिन पहले पटना हाईकोर्ट में इसके खिलाफ जनहित याचिका दायर हुई है। इन सभी के साथ बिहार में राजनीति चरम पर है।




1994 में भारतीय प्रशासिनक सेवा (आइएएस) अधिकारी और गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी (डीएम) जी. कृष्णैया की मॉब लिंचिंग कराने के दोषी बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह अंतिम तौर पर गुरुवार को जेल-मुक्त हो गया है। उसे सहरसा जेल से गुरुवार सुबह 6:15 बजे रिहा कर दिया गया। जेल प्रशासन की मानें तो कागजी प्रक्रिया बुधवार रात तक पूरी हो गई। समर्थकों की भीड़ और विधि व्यवस्था को देखते हुए आनंद मोहन को अगले सुबह रिहा किया गया। राजनीति के लिहाज से यह एक राजपूत नेता की रिहाई है। दिवंगत आइएएस कृष्णैया की पत्नी उमा देवी इस रिहाई पर दुःख जता चुकी हैं। रिहाई के एक दिन पहले पटना हाईकोर्ट में इसके खिलाफ जनहित याचिका दायर हुई है। इन सभी के साथ बिहार में इस बात पर भी राजनीति चरम पर है कि आनंद मोहन के बहाने सरकार ने सत्तासीन जाति' के और भी '26 दुर्दांत को छोड़ने का नोटिफिकेशन जारी किया है। क्या हकीकत है, क्या नहीं? क्या हो रहा और क्या होगा? जानना जरूरी है।

***आनंद मोहन का फायदा किसे-कैसे-कितना?***

दरअसल, एक जमाने में बिहार पीपुल्स पार्टी की स्थापना कर क्षत्रिय राजनीति का पूरा सिस्टम खड़ा कर रहे आनंद मोहन को आज भी बिहार की राजनीति में राजपूतों के बीच प्रभावी माना जाता है। वह कितने प्रभावी बचे हैं, यह 2024-25 के लोकसभा-विधानसभा चुनावों में पता चलेगा। वह किसके साथ रहते हैं, यह भी काफी हद तक निर्भर करेगा। इसके अलावा यह भी बड़ी बात है कि 1994 से 2005 के बीच का यह बिहार नहीं बचा है। तब और अब के युवाओं की मनोदशा में काफी अंतर है। राजनीतिक रूप से उर्वर बिहार में अब आनंद मोहन राजपूतों का वोट कितना घुमा सकेंगे, यह अभी तीर या तुक्का ही है।

***सरकारी जाति के बाकी आरोपियों को छोड़ा जा रहा?***

आनंद मोहन के साथ कुल 27 को छोड़ने का नोटिफिकेशन जारी हुआ था। इनमें से एक की मौत पहले ही हो चुकी है। शेष 26 को छोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई और आनंद मोहन के पहले ही बहुत सारे छूट भी गए। कुछ तकनीकी कारणों से अभी रिहा नहीं हो सके हैं या उनकी रिहाई में वक्त भी लग सकता है। जहां तक जातीय समीकरण की बात है तो छोड़े जा रहे इन 27 में 8 यादव, 5 मुस्लिम, 4 राजपूत, 3 भूमिहार, 2 कोयरी, एक कुर्मी, एक गंगोता और एक नोनिया जाति से हैं। जातीय जनगणना की प्रक्रिया के बीच इनकी जातियों की चर्चा भी गरम है, फिर भी काफी प्रयास के बावजूद 27 जेल से रिहा होने वालों में 2 की जाति का पता नहीं चल सका है। *एजेंसी*

### कोरोना के नौ हजार से अधिक नये मामले , 20 संक्रमितों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के नौ हजार से अधिक नये मामले सामने आये और 20 लोग इस बीमारी से अपनी जान गंवा बैठे। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 4,358 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 220 करोड़ 66 लाख 54 हजार 444 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,49,24,811 हो गयी है। सक्रिय मामलों की संख्या 3,603 घटकर 57,410 रह गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,424 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 12,932 बढ़कर 4,43,35,977 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिम बंगाल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 185 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, झारखंड में 104, ओडिशा में 99, मिजोरम में 15, उत्तराखंड में 14, जम्मू-कश्मीर में छह, अरुणाचल प्रदेश में तीन, मेघालय और नागालैंड में एक-एक मामले बढ़े हैं।

## एक्टिंग के साथ पढ़ाई में भी अव्वल रही हैं सामंथा: दसवीं में पाए थे 88.7% मार्क्स



**मुंबई।** साउथ सिनेमा की लीडिंग एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु का दसवीं का रिपोर्ट कार्ड वायरल हो रहा है। उनका रिपोर्ट कार्ड देखने के बाद कहा जा सकता है कि एक्टिंग के साथ-साथ पढ़ाई में भी सामंथा काफी अव्वल रही हैं। सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पर इस रिपोर्ट कार्ड को शेयर भी किया है। इस मार्कशीट पर नजर डालें तो पता चलता है कि सामंथा ने लगभग हर सब्जेक्ट में टॉप किया है। उनके मैथमेटिक्स में 100 में से 99 नंबर हैं, वहीं फिजिक्स में उन्होंने 95 नंबर स्कोर किया है। इंग्लिश में भी उनके 90 मार्क्स हैं। सोशल मीडिया पर सामंथा का दसवीं का रिपोर्ट वायरल हुआ तो खुद एक्ट्रेस भी इसे शेयर करने से खुद को नहीं रोक पाईं। उन्होंने लिखा, 'हा हा, ये फिर से सामने आ गया।' सामंथा ने इसके साथ एक लव इमोजी भी शेयर किया है।

## खास खबर

### कालियागंज में 30 अप्रैल की सुबह तक बंद रहेगा इंटरनेट

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनापुर जिले के कालियागंज में 17 वर्षीय लड़की से कथित दुष्कर्म और उसकी मौत के बाद हिंसा भड़क गई। हिंसा में घायल हुए नागरिक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। उधर, जिला प्रशासन ने इलाके में इंटर सेवाएं बंद कर दी गई हैं। रायगंज पुलिस जिले के अंतर्गत कालियागंज सामुदायिक विकास खंड में 30 अप्रैल तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। ये रोक 30 अप्रैल की सुबह 8 बजे जारी रहेगा।

### हिमाचल के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता

हिमाचल प्रदेश के 2.15 लाख कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की तीन फीसदी किस्त देने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। कर्मचारियों को 1 जनवरी 2022 से महंगाई भत्ता दिया जाएगा। अप्रैल माह का महंगाई भत्ता मई माह में मिलने वाले वेतन के साथ अदा होगा। जबकि 1 जनवरी 2022 से 31 मार्च तक का महंगाई भत्ते का एरियर जीपीएफ खातों डाला जाएगा। इन जीपीएफ खातों पर ब्याज 1 जून 2023 से देय होगा। जो कर्मचारी 1 जनवरी 2022 से 31 मार्च तक की अवधि में सेवानिवृत हुए हैं उन्हें एरियर का नकद भुगतान किया जाएगा। कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की तीन फीसदी किस्त जारी होगी। 31 के बजाय अब 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

### यूपी के तीन आईपीएस जाएंगे कंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

यूपी के तीन आईपीएस अफसरों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती दी गई है। आईपीएस सुजाता सिंह को राष्ट्रीय जांच एजेंसी में एसपी के पद पर तैनाती दी गई है। उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। इसी तरह आईपीएस सत्येंद्र सिंह और आईपीएस डॉ. मीनाक्षी कात्यायन को भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा। इस संबंध में केंद्र से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। केंद्र ने दोनों ही अफसरों का जल्द ही भेजने का अनुरोध किया है।

## पीएलजीए ने ली ब्लास्ट की जिम्मेदारी

### कहा- सरकार के हमलों का जवाब, घटनास्थल पहुंचे डीजीपी, बस्तर को सैनिक छावनी में बदला गया



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार दोपहर हुए नक्सली हमले की जिम्मेदारी नक्सलियों की दरभा डिवीजन कमेटी ने ली है। वारदात को संगठन के (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) ने अंजाम दिया था। इसे लेकर दरभा डिविजन के सचिव साइनाथ ने प्रेस नोट जारी किया है। इसमें कहा है कि अरनपुर हमला सरकारों की ओर से उनके ऊपर की जा रही कार्रवाई का जवाब है। वहीं दूसरी ओर डीजीपी अशोक जुनेजा समेत सीआरपीएफ के आला अफसर अरनपुर पहुंचे और घटनास्थल का दौरा किया।

नक्सलियों की ओर से जारी प्रेसनोट में कहा गया है कि जनता पर किए जा रहे हमले के विरोध में यह जवाबी कार्रवाई की गई है। यह भी कहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले हमारे उन्मूलन की बात कही थी। इसी योजना के तहत हमारे खिलाफ युद्ध चला रहे हैं। इसके तहत अलग-अलग किस्म के सैनिक, अर्द्धसैनिक, कमांडोज को उतारकर बस्तर को सैनिक छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस भर्ती के लिए भी इसी के कारण मापदंडों को बदल दिया है। दंतेवाड़ा में शहीद जवानों को गुरुवार सुबह श्रद्धांजलि देने के बाद डीजीपी अशोक जुनेजा समेत अन्य अफसर सीधे घटना स्थल अरनपुर पहुंचे। करीब 24 घंटे बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने विस्फोट की जगह का बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी समेत सीआरपीएफ के अधिकारी भी मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री मोदी 18 राज्यों में फैले 91 एफएम ट्रांसमीटर का आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 91 एफएम ट्रांसमीटर्स का उद्घाटन करेंगे, जो सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में एफएम रेडियो संपर्क को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बताया कि आकांक्षी जिले और सीमावर्ती क्षेत्र इस प्रयास के केंद्र में हैं। पीएमओ के मुताबिक, इस प्रयास से रेडियो सेवाएं अतिरिक्त दो करोड़ लोगों तक पहुंचेंगी, जिनके पास अब तक इस माध्यम की पहुंच नहीं थी। इससे लगभग 35,000 वर्ग किमी क्षेत्र में कवरेज और बढ़ जाएगा। यह विस्तार प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी से दो दिन पहले किया गया है।

बयान के मुताबिक बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नागालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुल 84 जिलों में 100 वाट के 91 नए एफएम ट्रांसमीटर स्थापित किए गए हैं।

# सूडान से भारतीयों की घर वापसी

## 246 भारतीयों को लेकर एक और फ्लाइट मुंबई पहुंची, विदेश सचिव बोले- हर भारतीय की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से 246 भारतीयों को लेकर एक और फ्लाइट मुंबई पहुंची। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि सूडान में हालात बहुत जटिल और अप्रत्याशित बने हुए हैं। इस बीच भारत का उद्देश्य उस देश में फंसे हर भारतीय को खतरे से बाहर निकालने पर है। क्वात्रा ने 'ऑपरेशन कावेरी' पर जानकारी देते हुए कहा कि लगभग 1,700 से 2,000 भारतीय नागरिकों को संघर्ष क्षेत्रों से बाहर निकाला जा चुका है।

विदेश सचिव ने कहा कि भारत सूडान और दो युद्धरत गुटों के संपर्क में है। संबंधित पक्षों से सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद हम अपने नागरिकों को निकालने में सफल हो पा रहे हैं, क्योंकि वे समझते हैं कि नई दिल्ली खार्तूम के साथ एक बहुत मजबूत विकास साझेदारी साझा करता है। उन्होंने कहा कि हम रअफ्र(सूडानी सशस्त्र बल) और फ्रफ्र(रैपिड सपोर्ट फोर्स) दोनों के संपर्क में हैं। हमारे संबंध अच्छे रहे हैं। हम सभी पक्षों के साथ संपर्क में हैं, ताकि भारतीयों को सुरक्षित क्षेत्रों और फिर पोर्ट सूडान ले जाया जा सके। सूडान में भारतीयों की कुल संख्या के बारे में उन्होंने कहा कि लगभग 3,100 ने सूडानी राजधानी खार्तूम में भारतीय दूतावास के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कराया है, जबकि अतिरिक्त 300 मिशन के साथ संपर्क में हैं। सूडान में भी लगभग 900 से 1,000 पीआईओ (भारतीय मूल के व्यक्ति) हैं।

***ऐसे चल रहा अभियान***

खार्तूम और पोर्ट सूडान के बीच की दूरी लगभग 850 किलोमीटर है। बस से यात्रा का समय 12 से लेकर 18 घंटे तक होता है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत आईएनएस सुमेधा, आईएनएस तेग और आईएनएस तरकश को तैनात किया है, जबकि भारतीय वायु सेना ने अपने दो सी130जे परिवहन विमानों को भी मोर्चे पर लगा दिया है। भारतीयों को जेद्दा ले जाने के लिए जहाजों और विमानों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां से उन्हें भारत लाया जा रहा है।

***अब तक इतने लोग वापस आए***

क्वात्रा ने बताया कि लगभग 600 भारतीय नागरिक या तो भारत आ चुके हैं या रास्ते में हैं। जेद्दा से कल रात चार्टर्ड विमान से 360 भारतीय नई दिल्ली पहुंचे थे। वर्तमान में हमारे पास जेद्दा में 495 भारतीय नागरिक हैं। पोर्ट सूडान में 320 भारतीय हैं। पोर्ट सूडान में और लोगों को लाने के लिए हमारे पास और बसें हैं। विदेश सचिव ने यह भी कहा कि 42 भारतीय नागरिक दक्षिण सूडान चले गए हैं।

## मैं भी ठाकुर, योगी जी भी ठाकुर

### सपा की प्रत्याशी अनुराधा चौहान का वीडियो वायरल, बोलीं- मैं भी ठाकुर योगी जी भी ठाकुर, उनका मन जरूर मुझे आशीर्वाद देने के लिए करेगा




**रामपुर।** स्वार विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा की प्रत्याशी अनुराधा चौहान का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो कहती हुई नजर आ रही हैं कि मैं भी ठाकुर हूं, योगी जी भी ठाकुर हैं वह मेरे बड़े भाई हैं, उनका मन जरूर मुझे आशीर्वाद देने के लिए करेगा।

अनुराधा चौहान ने इस बात को स्वीकार किया है उन्होंने ऐसा बयान दिया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री तो सबके हैं। सपा नेता अब्दुल्ला आजम की विधायकी रद्द होने के बाद स्वार सीट पर उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव के लिए मतदान 10 मई को और मतगणना 13 मई को होगी। उपचुनाव के लिए सपा ने अनुराधा चौहान को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा गठबंधन की ओर से अपना दल (एस) के प्रत्याशी शफीक अंसारी और पीस पार्टी की प्रत्याशी डॉ. नाजिया सिद्दीकी सहित कुछ छह उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा गठबंधन की कोशिश आजम खां के इस मजबूत किले को फतह करने की है। वहीं सपा ने हिन्दू प्रत्याशी को उतारकर मुकाबले को रोमांचक कर दिया है। सभी प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू किया है। चुनाव प्रचार के दौरान सपा की प्रत्याशी अनुराधा चौहान ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर बयान दिया है। उनके इस बयान से सियासी हलके में चर्चा शुरू हो गई है।

# खुले बदरीनाथ धाम के कपाट

## हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा, पीएम मोदी के नाम से हुई पहली पूजा



**देहरादून।** सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हकहकूधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय की कामना की। पहली पूजा प्रधानमंत्री मोदी के नाम से की गई। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बदरीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। कपाटोद्घाटन के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया। हल्की बर्फबारी व बारिश के बीच सेना की टुकड़ी ने बैंड की मधुर धुन तथा स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत व नृत्य के साथ भगवान बदरीनाथ की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों के अनुरूप कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिसे देख श्रद्धालु गदगद हो उठे।

***भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद***

कपाट खुलने के एक दिन पूर्व से ही बदरीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ में अखण्ड ज्योति एवं भगवान श्री बद्रीनाथ के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है।

## राहुल-प्रियंका का प्रधानमंत्री पर निशाना

### बोले–युवाओं के आत्महत्या का पीएम द्वारा मजाक बनाना ठीक नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सुसाइड नोट से संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक मजाक को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का असंवेदनशील ढंग से मजाक बनाने के बजाय जागरुकता पैदा करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम के दौरान एक मजाक साझा किया जिसमें उन्होंने एक प्रोफेसर की बेटी के सुसाइड नोट में एक शब्द की वर्तनी की त्रुटि का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने यह मजाक उस वक्त किया जब उन्होंने कहा कि संबंधित चैनल के प्रमुख संपादक अच्छी हिंदी बोलने लगे हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, हजारों परिवार आत्महत्या के कारण अपने बच्चों को खोते हैं। प्रधानमंत्री को उनका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए! प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, अवसाद और आत्महत्या विशेषकर युवाओं की आत्महत्या कोई मजाक का विषय नहीं है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में 1,64,033 भारतीय नागरिकों ने आत्महत्या की। इसमें 30 साल से कम उम्र के लोगों की संख्या बहुत ज्यादा थी। यह त्रासदी कोई मजाक नहीं है।

# प्रकाश सिंह बादल पंचतत्व में विलीन

## पंजाब के पूर्व सीएम का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार, नड्डा, पवार और सीएम मान भी पहुंचे



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। पैतृक गांव बादल में गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे सुखबीर बादल ने उन्हें मुखाग्नि दी। गांव के श्मशान घाट में जगह कम होने की वजह से उनका उनके ही किन्नुओं के बाग वाले खेत में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पहले सुबह घर में पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया। यहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पंजाब के सीएम भगवंत मान, गवर्नर बीएल पुरोहित, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, एनसीपी चीफ शरद पवार भी शोक जताने पहुंचे। 95 साल के प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार रात करीब पौने 8 बजे मोहाली के अस्पताल में निधन हो गया था। उन्हें सांस की तकलीफ के बाद यहां भर्ती कराया गया था। वे पंजाब के 5 बार सीएम रहे। बादल जीवन में कुल 11 बार विधायक बने। वह एक बार मलोट, 5 बार गिदड़बाहा और 5 बार लंबी विधानसभा सीट से जीते। 75 साल के सियासी जीवन में बादल सिर्फ दो चुनाव 1967 और 2022 में हारे।

***केंद्रीय मंत्री भी शोक जताने पहुंचे***

हरियाणा के आइएनएलडी नेता अभय चौटाला, केंद्रीय मंत्री सोमनाथ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुरजीत जियाणी, कांग्रेसी नेता व पूर्व डिप्टी सीएम ओम प्रकाश सोनी भी बादल परिवार से दुख साझा करने के लिए पहुंचे। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर को नमन किया। वहीं एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी पहुंच सुखबीर बादल के साथ दुख जाहिर किया। अंतिम संस्कार के मौके पर बड़े सियासी नेताओं के पहुंचने पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए।

### संपत्ति छिपाने के कारण भाजपा विधायक की सदस्यता रद्द


**ईटानगर।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने चुनावी हलफनामे में संपत्ति की जानकारी छिपाने के कारण अरुणाचल प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक दसांगलू पुल की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने 25 अप्रैल को एक आदेश में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अंजाव जिले की हयुलियांग विधानसभा सीट से उनके (पुल) चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। दासंगलू पुल (45), अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की तीसरी पत्नी है। उन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद 2016 में उप चुनाव में पहली बार इस सीट पर जीत दर्ज की थी उसके बाद 2019 में वो हयुलियांग विधानसभा सीट से दोबारा चुनी गईं। वर्ष 2019 में पुल से हारने वाले कांग्रेस उम्मीदवार लुपलम क्री ने इसे चुनौती देते हुए अदालत में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति नानी तगिया की पीठ ने कहा कि प्रतिवादी उम्मीदवार ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 33 के अनुरूप अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया था।



**मौसम विभाग ने प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में अगले चार दिनों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार जताए हैं। मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल तक उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के कुछ स्थानों व शेष जनपदों में भी कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ ही बर्फबारी की संभावना है।**


# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा

## सेंसेक्स 348.80 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 60,649.38 अंक पर बंद



**नई दिल्ली।** विदेशी कोषों के प्रवाह तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में खरीदारी तेज होने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार चौथे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों में जमकर लिवाली होने से कारोबारी धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 348.80 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 60,649.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 397.73 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 101.45 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,915.05 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नेस्ले के शेयर लाभ में रहे। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स और विप्रो के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, जापान के निक्की, चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में बढ़त दर्ज की गई। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में सकारात्मक दिशा में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को काफी हद तक गिरावट के साथ बंद हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं। विदेशी निवेशकों का पूंजी प्रवाह बढ़ने और सकारात्मक तिमाही नतीजों से उसे बल मिल रहा है। हालांकि, अगले सप्ताह आने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति पर करीबी नजर रहेगी। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत चढ़कर 78.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार फिर से लिवाल साबित हुए हैं। एक्सचेंज से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने बुधवार को 1,257.48 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। विश्लेषकों का मानना है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच अल्पावधि में भारतीय बाजारों की चाल सीमित दायरे में रहने का अनुमान है। उनका मानना है कि बढ़ती ब्याज दरों, कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती, और भूराजनीतिक चिंताएं ताजा गिरावट की परवाह किए बगैर धारणा को नियंत्रित बनाए रखेंगी। हाल में आई गिरावट ने मूल्यांकन कुछ हद तक उपयुक्त बना दिया है।

## कोफोर्ज ने राजस्व में 1 अरब डॉलर को पार किया, कर्मचारियों को आईपैड उपहार में दिए




**नई दिल्ली।** वैश्विक आईटी समाधान प्रदाता कोफोर्ज (पूर्व में एनआईआईटी टेक्न ॉलोजीस) ने वित्त वर्ष 2023 में राजस्व में 1 अरब डॉलर (8,014 करोड़ रुपये से अधिक) को पार कर लिया, पीएटी को 8,117 मिलियन रुपये (811 करोड़ रुपये) दर्ज किया, जो 22.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) था। गुरुवार को इसकी घोषणा की गई।कंपनी ने इस उपलब्धि के लिए अपने 21,000 से अधिक कर्मचारियों में से प्रत्येक को एक एप्पल आईपैड उपहार देने की भी घोषणा की। मार्च तिमाही (वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही) के लिए राजस्व 264.4 मिलियन डॉलर (2,170 करोड़ रुपये) था, जनवरी-मार्च अवधि के लिए पीएटी 232 करोड़ रुपये था। कोफोर्ज के सीईओ, सुधीर सिंह ने कहा, हमारा मानना है कि तिमाही के दौरान हमारा प्रदर्शन दो प्रमुख उपलब्धियों द्वारा चिह्नित किया गया था। पहली त्रैमासिक अनुक्रमिक यूएस 5 डॉलर प्रतिशत की वृद्धि थी। दूसरा प्रमुख मील का पत्थर 1 अरब डॉलर राजस्व चिह्न को पार करने वाली फर्म रही है। वित्त वर्ष 2024 में हमारा प्रदर्शन हमें मजबूत विकास देने के लिए तैयार करता है। वित्त वर्ष 2024 के लिए, फर्म ने निरंतर मुद्रा के संदर्भ में 13-16 प्रतिशत का वार्षिक राजस्व वृद्धि मार्गदर्शन जारी किया, उम्मीद है कि सकल मार्जिन में लगभग 50 बीपीएस की वृद्धि होगी और समायोजित ईबीआईटीडीए मार्जिन वित्त वर्ष 2023 के समान स्तर पर होगा। बोर्ड ने 19 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की है और इस भुगतान के लिए रिकॉर्ड तिथि 9 मई, 2023 होगी। कोफोर्ज अपने ग्राहकों के लिए वास्तविक दुनिया व्यापार प्रभाव देने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों और गहरी डोमेन विशेषज्ञता का लाभ उठाता है। फर्म की नौ देशों में 25 डिलीवरी केंद्रों के साथ 21 देशों में मौजूदगी है।

## पेप्सी ने सामंथा रुत प्रभु को बनाया अपना ब्रैंड एंबेसडर

**कानपुर।** आज युवाओं के जबरदस्त जोश और न डिगने वाली भावनाओं को नए बदलाव लाने वाली कहानियों के माध्यम से साकार करते हुए पेप्सी ने अपनी नई बेहतरीन ब्रैंड पोजिशनिंग राइज अप, बेबी! नए अंदाज में पेश किया है। इस अभियान में जानी-मानी अभिनेत्री, युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय और देश भर की महिलाओं की प्रेरणा बन चुकी सामंथा रुत प्रभु दिखाई देंगी। इसके साथ ही सामंथा नए ब्रैंड एंबेसडर के तौर पर पेप्सीज्से जुड़े सितारों की दुनिया का हिस्सा बन जाएंगी। सौम्या राठौड़, कैटेगरी लीड, पेप्सी कोला, पेप्सिको इंडिया ने कहा, पेप्सी ने हमेशा ही युवा पीढ़ी की भावनाओं को दशार्ने की कोशिश की है।

अपने पिछले दो अभियानों के माध्यम से हमने युवाओं की भावनाओं को उजागर करने की कोशिश की क्योंकि वे सामाजिक बाधाओं से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस अभियान के लिए हमारा पूरा ध्यान भारत की महिलाओं के लिए एक ताकतवर अभियान बनाने और उनके बेजोड़ आत्मविश्वास और अभिमान को सम्मानित करने की ओर था।

## लचीला बैंक वित्तीय और संगठनात्मक रूप से मजबूत होना चाहिए : आरबीआई गवर्नर



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि एक लचीला भविष्य के लिए तैयार बैंक को वित्तीय, परिचालन और संगठनात्मक रूप से मजबूत होने की जरूरत है।कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स द्वारा आयोजित वित्तीय लचीलापन पर वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि लचीला होने के लिए, एक बैंक के पास पर्याप्त पूंजी बफर होना चाहिए और गंभीर व्यापक आर्थिक झटकों के समय भी कमाई करने में सक्षम होना चाहिए। दास ने कहा- इसके पास विभिन्न स्थितियों में अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता भी होनी चाहिए। इसलिए, वित्तीय लचीलापन बैंक के व्यवसाय मॉडल और रणनीति से निकटता से जुड़ा हुआ है। इसलिए, रिजर्व बैंक ने बैंकों के व्यवसाय मॉडल को अधिक बारीकी से देखना शुरू कर दिया है। आरबीआई गवर्नर ने साइबर जोखिमों की ओर इशारा करते हुए कहा कि वित्तीय संस्थानों के वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर 2023 के लिए शीर्ष 10 परिचालन जोखिमों में इसकी पहचान की गई है। उन्होंने कहा, मजबूत आईटी और सूचना सुरक्षा शासन संचालन में अनिश्चितता में वृद्धि और अनिश्चितता में कमी लाने में मदद करेगा, सूचना सुरक्षा संबंधी घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करेगा और परिचालन लचीलापन बढ़ाएगा। दास ने कहा कि यहां तक कि जी20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नर भी तीसरे पक्ष की निर्भरता से उत्पन्न होने वाले जोखिमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरबीआई ने हाल के वर्षों में उन्नत विश्लेषणात्मक और निगरानी उपकरणों के उपयोग के साथ-साथ फिशिंग सिमुलेशन और साइबर टोही अभ्यास जैसी तकनीकों के उपयोग के साथ बैंकों और अन्य पर्यवेक्षित संस्थाओं में आईटी और साइबर सुरक्षा शासन प्रक्रियाओं को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा- प्रौद्योगिकी और आईटी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने वाले तृतीय-पक्षों पर निर्भरता से विभिन्न जोखिमों के लिए विनियमित संस्थाओं (आरई) के बढ़ते जोखिम के संदर्भ में, रिजर्व बैंक ने 10 अप्रैल को बैंकों, एनबीएफसी और अन्य विनियमित संस्थाओं द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी आउटसोर्सिंग पर व्यापक दिशानिर्देश जारी किए थे। हाल के दिनों में, हमने एनबीएफसी, फिनटेक और लोन ऐप्स द्वारा डिजिटल ऋण देने का प्रसार देखा है। इस तरह का उधार अपने साथ कुछ चुनौतियां भी लाता है, विशेष रूप से उचित प्रथाओं और उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में। दास ने कहा- इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, रिजर्व बैंक ने सितंबर 2022 में डिजिटल ऋण देने के लिए व्यापक दिशानिर्देश निर्धारित किए थे। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आरई और उनके भागीदारों जैसे ऋण सेवा प्रदाताओं द्वारा विवेकपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से ऋण गतिविधियां संचालित की जाती हैं।

## हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की पेशकश की

**नई दिल्ली।** हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की पेशकश की है।रिलायंस कैपिटल की एक इकाई रिलायंस जनरल इंश्योरेंस को सॉल्वेंसी स्तर बनाए रखने के लिए नकदी की जरूरत है।

हिंदुजा के स्वामित्व वाली इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने बुधवार को दूसरी नीलामी में रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली लगाई। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने आईआरडीए की सॉल्वेंसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पिछले साल दिसंबर में ऋणदाताओं से 600 करोड़ रुपये नकद की मांग की थी।

उधारदाताओं ने पहले अपनी जेब से फंड डालने की मांग को खारिज कर दिया था, जिससे आने वाले निवेशक पर सामान्य बीमा कंपनी की जिम्मेदारी आ गई थी।

## हरकी ने कलारी और 360 वन असेट से 40 लाख डॉलर की फंडिंग हासिल की



**बेंगलूरू।** भारत में महिलाओं के लिए अग्रणी करियर एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म हरकी ने कलारी, 360 वन असेट (पूर्व में आईआईएफएल असेट मैनेजमेंट) और एंजेल निवेशकों जैसे जिया मोदी, पुनीत डालमिया, प्रमित झावेरी, अदिति एवं सुचि कोठारी, केपी बलराज, रंजन पई, नीरज बजाज, आकाश भंसाली एवं अन्य से 40 लाख डॉलर की फंडिंग हासिल करने की घोषणा की है। पूर्व में जाब फार हर के तौर पर जानी जाने वाली हरकी ने स्वयं को एक ऐसे करियर एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म में तब्दील किया है जो भारत में महिलाओं को करियर के क्षेत्र में चैंपियन से जोड़कर उनके लिए अवसरों का दोहन करती और सीखने एवं समुदायों में शामिल होने की सुविधा देती है। इस प्लेटफॉर्म का प्रयास भारतीय कार्यबल में लिंग भेद की समस्या से निपटना है जहां केवल 20 प्रतिशत महिलाएं श्रम बल में हिस्सा लेती है, जबकि चीन में यह 60 प्रतिशत और अमेरिका में 55 प्रतिशत है। यह कंपनी महिलाओं को एक विराम के बाद दोबारा करियर शुरू करने में समर्थ बनाकर प्रारंभ हुई और अब यह महिलाओं को करियर शुरू करने, दोबारा करियर शुरू करने और करियर में आगे बढ़ने में समर्थ बनाकर आगे बढ़ रही है। हरकी की संस्थापक और सीईओ नेहा बगारिया ने इस फंडिंग पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, श्भारत में महिलाओं के लिए और अधिक समावेशी कार्यबल का सृजन करने में हमारा सहयोग करने के लिए हम हमारे निवेशकों के बेहद आभारी हैं।श नेहा के नेतृत्व में यह कंपनी देशभर में 35 लाख से अधिक महिलाओं को सेवा दे रही है और कंपनी की योजना यह स्तर बढ़ाकर भारत में तीन करोड़ महिलाओं को सशक्त बनाने की है।

## वोल्टास लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ में गिरावट दर्ज की,

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड ने मार्च 2023 को समाप्त चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ में 21.6% की गिरावट दर्ज की, जिससे इसके शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में एयर कंडीशनिंग निमार्ता का समेकित शुद्ध लाभ 182.71 करोड़ रुपये से घटकर 143.23 करोड़ रुपये हो गया; हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 22-23 के दौरान परिचालन से राजस्व में लगभग 300 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। ईएमपीएस सेगमेंट में घाटे और यूसीपी सेगमेंट में मार्जिन संकुचन के कारण अपेक्षा से कम मार्जिन के बावजूद, अनुसंधान विश्लेषक प्रवीण सहाय वोल्टास स्टॉक खरीदने की सलाह देते हैं क्योंकि ईपीएस राजस्व अपेक्षाओं से बेहतर हुआ जबकि मुख्य रूप से घरेलू परियोजनाओं से ऑर्डर प्रवाह मजबूत था। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज वित्त वर्ष 25ई ईपीएस पर 35७ के निहित पी/ई के साथ स्टॉक पर होल्ड कॉल बनाए रखता है।

## धीमी मांग के कारण एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का पहली तिमाही का लाभ 23 प्रतिशत घटा



**सोल।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने गुरुवार को कहा कि व्यापक आर्थिक संकट के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में उसका परिचालन लाभ एक साल पहले की तुलना में 23 प्रतिशत कम हो गया, जिसने उपभोक्ता मांग को कम कर दिया। दक्षिण कोरियाई टेक कंपनी ने 1.49 ट्रिलियन (1.1 अरब डॉलर) का पहली तिमाही का परिचालन लाभ पोस्ट किया, जो एक साल पहले से 22.9 प्रतिशत कम था, लेकिन योनहाप न्यूज एजेंसी की वित्तीय डेटा फर्म योनहाप इन्फोमैक्स के औसत अनुमान से 20.6 प्रतिशत अधिक था। बिक्री 2.6 प्रतिशत घटकर 20.41 ट्रिलियन वोन हो गई। शुद्ध लाभ 546.5 अरब वोन पर आ गया, जो एक साल पहले की तुलना में 61 प्रतिशत कम है। एलजी का तिमाही परिचालन लाभ वास्तव में एक साल पहले से बढ़ा है, पेटेंट लाइसेंस से 80 अरब वोन वाले लाभ को देखते हुए, जो कि टेक फर्म ने पिछले साल की पहली तिमाही में बनाया था। कंटेंट की लागत को स्थिर करने और उच्च अंत घरेलू उपकरणों की स्थिर बिक्री ने फर्म को अपेक्षाकृत ठोस आय परिणाम प्राप्त करने में मदद की। एलजी ने कहा है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच धीमी मांग से निपटने के लिए कंपनी के प्रयासों (जैसे कि शिपिंग लागत को कम करना और अपने व्यापार पोर्टफोलियो का पुनर्गठन करना) ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में मदद की है। यूरोपीय बाजार में टीवी की मांग में सुधार, एलजी के सबसे बड़े ओएलईडी टीवी बाजार और इन्वेंट्री के स्तर और विपणन लागत में कमी के कारण एलजी के टीवी व्यवसाय ने पिछले तीन लगातार तिमाहियों के नुकसान के बाद साल के पहले तीन महीनों में बदलाव किया।

## मेड इन इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स का ग्रैंड टेक्नोलॉजी रोड शो एंड बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ



**नई दिल्ली।** ईआरडी ग्रुप द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में मेड इन इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स का ग्रैंड टेक्नोलॉजी रोड शो और बिजनेस कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया गया और पूरे भारत के डीलरों और वितरकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। भारत में मोबाइल फोन एक्सेसरीज के निर्माण में अग्रणी, ईआरडी ग्रुप ने संगठन की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर 2दिवसीय भव्य व्यापार सम्मेलन और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का आयोजन किया इस आयोजन में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, त्रिपुरा, असम, मणिपुर और देश भर के 600 से अधिक डीलरों ने भाग लिया तकनीकी श्रेष्ठता, बाजार नेतृत्व और भविष्य की दृष्टि पिछले 26 वर्षों से ईआरडी की पहचान रही है। ईआरडी ग्रुप के फाउंडर एवं सीएमडी, संजीव भारद्वाज ने कहा पीएम मोदी की मेक इन इंडिया पहल के बाद कंपनी के नवाचार पर लगातार ध्यान देने के कारण हम काफी हद तक सफलता की ओर अपना मार्ग प्रशस्त करने में सक्षम हुए हैं हमने चार्जर्स के निर्माण में अग्रणी बनने का प्रयास किया है हमारे सभी उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाले हैं क्योंकि वे भारत में डिजाइन विकसित, और निर्मित किए गए हैं। हम पूरी तरह से नीति का समर्थन करते हैं और एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का लक्ष्य रखते हैं। इस कार्यक्रम में अभिनव उत्पादों का एक रोड शो और एक विशेष सत्र, ईआरडी जोश, डॉ. उज्ज्वल पाटनी, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, बिजनेस कोच, देश भर के डीलरों को बिसनेस में वृद्धि के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विचारों और रणनीतियों को साझा किया। ईआरडी ग्रुप के निदेशक श्री अर्जुन भारद्वाज ने कहा ईआरडी ग्रुप के पास सख्त गुणवत्ता नियंत्रण मानकों के तहत उत्पादों के डिजाइन, डेवलपमेंट,और निर्माण के लिए अत्याधुनिक सुविधा है प्रत्येक निर्माण प्रक्रिया अच्छी तरह से संस्थागत है और सटीक परीक्षण उपकरणों से सुसज्जित है। उत्पादन और उत्पाद की गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए। 100 प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हर घटक की जांच और परीक्षण किया जाता है। हम बाजार में असाधारण गति से नवीन शक्ति समाधान सुनिश्चित करते हैं। ईआरडी ग्रुप स्मार्ट फोन चार्जर, मोबाइल फोन बैटरी, कार चार्जर, मोबाइल पावर बैंक, यूएसबी केबल, ब्लूटूथ स्पीकर, नेक बैंड, एलईडी लाइट, एसएमपीएस एडेप्टर, बिजली की आपूर्ति, टीडब्ल्यूएस आदि का निर्माण करता है। ईआरडी ग्रुप हमेशा सस्ती कीमतों पर सबसे नवीन तकनीकी उत्पाद प्रदान करता है। ब्रांड ने हाल ही में ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ब्लूटूथ उपकरणों के निर्माण में प्रवेश किया है।

## एलपीजी वाहनों पर मंडराता खतरा, बिक्री में आई 80 फीसदी से ज्यादा की गिरावट



**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी चालित वाहनों का दायरा सिकुड़ रहा है। हालांकि वैकल्पिक हरित ईंधन जैसे सीएनजी और बिजली चालित वाहनों (इवी) को अपनाने की गति धीमी है। दुनियाभर में पेट्रोल और डीजल के बाद सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाला ईंधन एलपीजी है। देश में हाल यह है कि बीते पांच वर्षों के दौरान एलपीजी चालित कारों की बिक्री में भारी 82 फीसदी की गिरावट आई है। सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 (वित्त वर्ष 23) में केवल 23,168 छढ्ढ्रचालित वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ जबकि 2018-19 में 1,28,144 यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ था। वित्त वर्ष 23 के दौरान भारत में 2,22,24,702 वाहनों की बिक्री हुई। इनमें एलपीजी चालित वाहनों की हिस्सेदारी केवल 0.11 फीसदी थी जबकि हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) के अन्य विकल्पों जैसे सीएनजी चालित वाहनों की हिस्सेदारी 3 फीसदी और बिजली चालित वाहनों की हिस्सेदारी 5 फीसदी थी। एलपीजी चालित वाहन कम उत्सर्जन करते हैं। भारत में अप्रैल, 2000 से एलपीजी चालित वाहनों की कानूनी वैधता मिली थी। साल 2019 में एलपीजी चालित वाहनों की मांग उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। इस साल के दौरान 1,28,144 इन वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। उद्योग के विशेषज्ञों के मुताबिक, छढ्ढ्रचालित चार पहिए वाले वाहनों के कलपुर्जों और हिस्सों की मांग बढ़ने के कारण 2019 में इन वाहनों की मांग बढ़ी थी। एलपीजी चालित वाहनों की 80 फीसदी से अधिक मांग तिपहिया वाहनों के सेगमेंट से आती है। वित्त वर्ष 23 में चार पहिए वाले एलपीजी खंड की हिस्सेदारी गिरकर 14 फीसदी पर आ गई जबकि 2018-19 (वित्त वर्ष 19) में 18 फीसदी थी। वित्त वर्ष 23 में केवल 3,495 एलपीजी चालित चार पहिया वाहन पंजीकृत हुए जबकि वित्त वर्ष 19 में ऐसे 23,695 चार पहिया वाहनों का पंजीकरण हुआ था। महानिदेशक सुयश गुप्ता ने कहा, पैसेंजर वाहन सेगमेंट से वाहन के तैयार नए कलपुर्जों की मांग के कारण 2018 से 2020 तक एलपीजी वाहन उद्योग को बढ़ावा मिला था। हालांकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अविवेकपूर्ण नियमों, किट की मूजंरी की उच्च लागत झ्र हर तीन साल में पुनः प्रमाणीकरण प्राप्त करने झ्र एलपीजी मॉडलों की अनुपलब्धता के कारण उपभोक्ताओं की रुचि में गिरावट आई।ह्लएलपीजी चालित वाहनों के लिए विकल्प ही सीमित हो गए।

### संक्षेप

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का वित वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के परिणाम

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख जीवन बीमाकाओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 29,589 करोड़ का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज कराया, जबकि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष में यह 25,457 करोड़ था। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष की तुलना में नियमित प्रीमियम में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एसबीआई लाइफ का प्रोटेक्शन न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए 3,636 करोड़ रहा, जो 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सुरक्षा पर इसके द्वारा स्पष्ट रूप से जोर दिए जाने को दर्शाता है। प्रोटेक्शन इंडिविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष में 996 करोड़ रहा। इंडिविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत बढ़कर 20,906 करोड़ हो गया। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष में एसबीआई लाइफ का कर-पश्चात लाभ 1,721 करोड़ दर्ज किया गया। 31 मार्च, 2023 को कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात मजबूती के साथ 2.15 बना रहा, जबकि विनियामक आवश्यकता 1.50 की थी। एसबीआई लाइफ की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 15प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2023 को 3,07,339 करोड़ रुपये दर्ज की गई, जो 31 मार्च, 2022 को 2,67,409 करोड़ रुपये था; और ऋण-इक्विटी मिश्रण 71:29 था। 94 प्रतिशत से अधिक ऋण निवेश एएए और सॉवरेन उपकरणों में हैं। कंपनी के पास 2,75,374 प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का विविधतापूर्ण वितरण नेटवर्क है और देश भर में 992 कार्यालयों के साथ इसकी व्यापक उपस्थिति है, जिसमें मजबूत बैंकएश्योरेंस चैनल, एजेंसी चैनल और कॉर्पोरेट एजेंट, ब्रोकर, पॉइंट ऑफ सेल पर्संस (पीओएस), बीमा मार्केटिंग फर्म, वेब एग्रीगेटर्स एवं डाइरेक्ट बिजनेस व अन्य शामिल हैं।

## गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने भारत में अपनी होम लॉकर श्रेणी को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस की एक हिस्सा, गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने खुलासा किया है कि उसने अपने होम लॉकर (एचएल) श्रेणी के लिए वित्त वर्ष'23 में लगभग 1,000 काउंटर जोड़े हैं। इसके अलावा, व्यवसाय ने घोषणा की कि वह अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में आईओटी- सक्षम लॉकर्स और तिजोरियों की विस्तृत रेंज जोड़कर होम लॉकर्स श्रेणी में अपनी वर्तमान 70 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने पर लगातार जोर देता रहेगा। देश भर में इस ब्रांड के 7000 से अधिक काउंटर मौजूद हैं। इसका लक्ष्य अगले एक साल में इस श्रेणी को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना है। भारत में घरेलू तिजोरी और लॉकर का बाजार करीब 300 करोड़ रुपये का है और यह सालाना 15 फीसदी से ज्यादा की दर से बढ़ रहा है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस वितरकों, 360 डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, एमटीओ आउटलेट्स (राष्ट्रीय और स्थानीय), कोको स्टोर्स और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों में अपनी उपस्थिति को बढ़ाकर सभी माध्यमों के जरिए अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। इस घोषणा के बारे में गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड, श्री पुष्कर गोखले ने बताया-गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस का प्रयास घरेलू ग्राहकों को ऐसे सुरक्षा समाधान प्रदान करना है जिनसे न केवल उन्हें उनके कीमती सामान और प्रियजनों को सुरक्षित करने में मदद मिले, बल्कि वो उनके दैनिक जीवन को भी सुरक्षित, अधिक सुविधाजनक एवं कम तनावपूर्ण बनाने में सहायक हों। अपने काउंटरों की संख्या बढ़ाकर 8500 से अधिक करने महत्वाकांक्षी योजना के साथ, हम नई-नई पेशकशों के माध्यम से सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। हमें विश्वास है कि यह विकास एक सुरक्षा प्रदाता के रूप में हमारी अग्रणी स्थिति को बनाए रखेगा और ग्राहकों को सुरक्षित एवं सुरक्षित जीवन जीने में सशक्त बनाएगा।

## डाबर नेपाल में 9.68 अरब रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगा

**काठमांडू।** भारत की तेजी से बढ़ती उपभोक्ता सामान कंपनी डाबर ने नेपाल में 9.68 अरब रुपये का अतिरिक्त निवेश करने का फैसला किया है।निवेश बोर्ड नेपाल और डाबर नेपाल प्राइवेट लिमिटेड ने निजी निवेश अवधारणा के तहत क्षमता निर्माण और उत्पाद विविधीकरण परियोजनाओं के निर्माण, संचालन और प्रबंधन के लिए गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हालांकि निवेश बोर्ड नेपाल ने पिछले साल फरवरी में डाबर द्वारा अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दे दी थी, लेकिन समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को ही हस्ताक्षर किए गए। इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल के सीईओ सुशील भट्ट और डाबर नेपाल के बिजनेस हेड हरकीरत सिंह बेदी ने संबंधित पक्षों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह के बाद जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी ने कोविड महामारी के प्रकोप से पहले नेपाल में अतिरिक्त निवेश करने की मांग की थी, लेकिन नेपाल और भारत में लंबे समय तक कोविड की लहर के कारण इसे लंबित रखा गया था। प्रस्ताव के अनुसार, नेपाल में विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ, सौंदर्य और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों का उत्पादन करने वाली डाबर नेपाल अपनी क्षमता वृद्धि और विविधीकरण को बढ़ाएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद बेदी ने क्षमता वृद्धि और उत्पादों के विविधीकरण के लिए नेपाल में कंपनी की संचित पूंजी का एक हिस्सा निवेश करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। निवेश बोर्ड नेपाल नेपाल सरकार का विशेष वाहन है, जिसके पास देश में 6 अरब रुपये से अधिक के किसी भी निवेश को मंजूरी देने और सुविधा प्रदान करने का अधिकार है।

## गेहूं, चावल की खरीद सहज स्तर पर : केंद्र

**नई दिल्ली।** रबी मार्केटिंग सीजन 2023-24 के दौरान गेहूं की खरीद सीजन की कुल खरीद से अधिक हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।26 अप्रैल 2023 तक 2023-24 सीजन के दौरान गेहूं की खरीद 195 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) थी, जबकि 2022-23 में खरीद 188 एलएमटी थी। सूत्रों ने कहा कि इससे किसानों को काफी हद तक फायदा हुआ है, क्योंकि चल रहे गेहूं खरीद कार्यो के दौरान लगभग 41,148 करोड़ रुपये का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पहले ही लगभग 15 लाख किसानों को दिया जा चुका है। विशेष रूप से खरीद में प्रमुख योगदान पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश के तीन गेहूं खरीद राज्यों से क्रमशः 89.79 एलएमटी, 54.26 एलएमटी और 49.47 एलएमटी की खरीद के साथ आता है। इस वर्ष प्रगतिशील खरीद में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। सूत्रों ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण चमक में कमी को देखते हुए खरीदे जा रहे गेहूं की गुणवत्ता विनिदेर्शों में केंद्र द्वारा छूट दिया जाना। सूत्रों ने कहा कि इससे किसानों की मुश्किलें कम होंगी और किसी तरह की संकटकालीन बिक्री पर रोक लगेगी। चावल की खरीद में भी अच्छी प्रगति हुई है, क्योंकि 2022-23 के खरीफ विपणन सीजन के दौरान 26 अप्रैल तक 354 एलएमटी की खरीद की जा चुकी है और 140 एलएमटी की खरीद अभी बाकी है। इसके अलावा, खरीफ विपणन सीजन 2022-23 की रबी फसल के दौरान 106 एलएमटी चावल की खरीद का अनुमान है।

## गैर-टेक कंपनियां वितीय वर्ष 28 तक 10 लाख टेक नौकरी देगी : टीमलीज

**चेन्नई।** बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा), कंसल्टिंग, कम्युनिकेशन मीडिया एंड टेक्नोलॉजी, रिटेल और कंज्यूमर बिजनेस, लाइफ साइंसेज एंड हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग अनुसंधान और विकास, और ऊर्जा और संसाधन जैसे गैर-प्रौद्योगिकी उद्योगों द्वारा दस लाख से अधिक प्रौद्योगिकी प्रतिभाओं को काम पर रखा जाएगा, टीमलीज सर्विसेज की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।कंपनी ने एच1-2024 के लिए अपनी रिपोर्ट डिजिटल पीपल सप्लाई चेन रिपोर्ट- टेक इन नॉन-टेक लॉन्च की है। रिपोर्ट के अनुसार, तेजी से बढ़ रहे 7.53 प्रतिशत सीएजीआर पर, ऊपर सूचीबद्ध उद्योगों जैसे उद्योग वित्त वर्ष 2027-28 तक 1 मिलियन (11.15 लाख) से अधिक टेक प्रतिभा को रोजगार देने के लिए तैयार हैं।

# आधार कार्ड बनाकर सिम कार्ड एक्टिव करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जनपद की औराई कोतवाली और साइबर सेल ने एक ऐसे गैंग के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कूटरचित आधार कार्ड बनाकर नया सिम कार्ड एक्टिव करते थे। फरवरी महीने में जिले में धान खरीद घोटाले में इसी गैंग ने करीब 1100 से ज्यादा नए सिम कार्ड धान खरीद फजीर्वाड़ा करने वालों को उपलब्ध कराए थे। उन्हीं सिम कार्ड के माध्यम से फर्जी किसानों का सत्यापन और पंजीकरण हुआ था नए सिम कार्ड ओटीपी के लिए प्रयोग किए गए थे। भदोही जनपद में बीते फरवरी महीने में पुलिस ने धान खरीद में फजीर्वाड़ा के प्रकरण में 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। नए सिम कार्ड के माध्यम से 1100 से ज्यादा किसानों का पंजीकरण व सत्यापन कराया गया था। उस प्रकरण में पुलिस इतनी बड़ी संख्या में सिम कार्ड एक्टिव करने वाले गैंग की तलाश कर रही थी मामले अब पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि मोबाइल की दुकान पर नया सिम लेने जो लोग आते थे उन्हीं का आधार कार्ड यह अपने पास रख लेते थे और आधार की फोटो में करेक्शन कर एक ही आधार पर कई सिम कार्ड जारी कर लेते थे। भारी मात्रा में आधार और सिम कार्ड मिले आकाश बरनवाल, कन्हैया जयसवाल और संतोष कुमार गुप्ता ने मिलकर धान खरीद के फजीर्वाड़े में 1100 से ज्यादा नए सिम कार्ड उपलब्ध कराए थे। गिरफ्त में आए इन तीनों के पास से 8 आधार कार्ड, 15 कूट रचित आधार कार्ड की छाया प्रति, विभिन्न कंपनियों के 47 सिम कार्ड, 4 मोबाइल, एक लैपटॉप, एक प्रिंटर और दो थब्स एप्रेशन मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया है।



आधार कार्ड बनाकर सिम कार्ड एक्टिव करने वाले पकड़े गए गिरोह को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

## हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद**

**ज्ञानपुर।** आगामी नगर निकाय चुनाव 2023 को सकुशल निष्पक्ष व पारदर्शी सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उक्त के क्रम में गुरुवार को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त निवासी भजईपुर, अकबरपुर खमरिया थाना औराई जनपद भदोही को अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु.अ.सं..69/2023 धारा.3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया। हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त के विरुद्ध जनपद भदोही व जौनपुर में गैंगस्टर सहित लूट एनडीपीएस व आयुध अधिनियम के अंतर्गत आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

## उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु निजी औद्योगिक पार्को के विकास की योजना लागू

**ज्ञानपुर।** जिला उद्योग अधिकारी उमेश चन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु निजी औद्योगिक पार्को के विकास की योजना लागू की गई है। जिसके अन्तर्गत निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने पर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल में 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट तथा औद्योगिक पार्क विकसित करने पर 1 प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र भदोही में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## संक्षेप

### आज निकलेगी भाजपा की विकास रथ यात्रा



**जौनपुर।** जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया की कल 28 अप्रैल को नगरपालिका क्षेत्र में भाजपा की विकास रथ यात्रा निकलेगी। उन्होंने आगे बताया की यह रथ यात्रा भण्डारी स्टेशन से सुबह 7:30 बजे से रथ यात्रा निकलकर सुतहट्टी बाजार में पहुंचेगी वहां पर उपस्थित महिलाओं द्वारा रथ यात्रा का स्वागत किया जायेगा। उसके उपरान्त कोतवाली चौराहा पर पहुंचेगी वहां भी रथ यात्रा का फूल से स्वागत किया जायेगा। उसके उपरान्त रथ यात्रा चहारसू चौराहा से होते हुये ओलन्दगंज से होते हुये रोडवेज तिराहा, लाइन बाजार, अंबेडकर तिराहा पर पहुंचेगी जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुनः कलेक्ट्रेट तिराहा होते हुये पुनः ओलन्दगंज चौराहा पर पहुंचेगी जहां पर लगभग 10:30 बजे समापन होगा।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का वार्षिकोत्सव व भंडारा आयोजित

**जौनपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तारापुर (बदलापुर पड़ाव) का वार्षिकोत्सव बुधवार को सायंकाल हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री विष्णु, मां लक्ष्मी, भगवान शंकर, हनुमान जी व शनिदेव की मूर्तियों व मंदिर परिसर की भव्य साज-सज्जा व विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। महिलाओं ने सुंदर कांड का पाठ किया। भक्तों को प्रसाद वितरण व भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित लोगों में मंदिर परिसर में संचालित समर्पित हास्पिटल के संचालक डा. नीरज गुप्ता, डा. रेनू गुप्ता, कमला देवी, ओम श्रीवास्तव, अंजू जायसवाल, अनुपमा श्रीवास्तव, एकता गुप्ता, अपर्णा श्रीवास्तव, हिमांशी श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, पार्थ श्रीवास्तव आदि रहे।

### पूर्व प्रधान के निधन से शोक

**खुटहन।** पिलकिछा गांव के पूर्व प्रधान फूलचंद्र यादव का बुधवार की रात लखनऊ के वेदान्ता अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। श्री यादव महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। पखवाड़ा पूर्व इन्हें उपचार हेतु लखनऊ ले जाया गया था। तीन पंचवर्षीय तक प्रधान रहे 65 वर्षीय श्री यादव की अल्पायु में निधन की खबर लगते ही गांव में शोक छा गया। उनका शव? लखनऊ से घर लाकर गांव के ही शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र आलोक यादव ने दिया।

### प्रदेश में नाम रोशन करने वाले छात्र का हुआ सम्मान



**सुजानगंज।** क्षेत्र के ऊंचगाव ग्राम सभा निवासी पीयूष सिंह पुत्र अजय सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज ऊंचगांव में दसवीं का छात्र था। यूपी बोर्ड परीक्षा में उसने 600/585 अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करते हुए माता पिता का नाम रोशन किया। इससे प्रभावित होकर राजपूत एकता मंच के संरक्षक डॉ. प्रमोद के सिंह, संघ के पदाधिकारियों में गंगेश बहादुर सिंह, विपुल सिंह, महेश सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, विकास सिंह, विजय प्रताप सिंह आदि लोगों की मौजूदगी में संगठन के द्वारा उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र को अंगवस्त्र तथा माल्यार्पण करते हुए कर्मवीर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**सम्मान**

**मुन्नर राम इन्टर कॉलेज में छात्र सम्मान समारोह आयोजित**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** मुन्नर राम इंटर कॉलेज सरायख्वाजा के परिसर में सर्वोच्च अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें अच्छी पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बता दे कि मुन्नर राम इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें हाई स्कूल व इंटर के छात्र छात्राओं ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। हाई स्कूल में रीतिक यादव सर्वाधिक 94.33 फीसदी अंक, पूनम यादव 92.66 व सोनम गुप्ता, संदीप यादव 89 फीसदी अंक हासिल कर कालेज टाप फाईव में जगह बनाई। इसके अलावा क्लास में दो दर्जन से अधिक छात्रों ने 85 फीसदी के ऊपर अंक बरकरार रखा। इसी तरह इंटर कक्षा में ऋषभ यादव 90.4, सत्यम यादव 90 फीसदी, सत्यम प्रजापति 88 अंक हासिल कर टाप थ्री में रहे। इनके अलावा करीब एक दर्जन छात्र 85 फीसदी से ऊपर अंक हासिल करने में सफल रहे। छात्रों के लिए बुधवार को कालेज परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अन्य छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया कि वह किस तरह से तैयारी करें। मेधावियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें तैयारी के लिए शॉर्टकट छोड़ने और मेहनत से पढ़ने की नसीहत दी और अच्छी तैयारी की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थापक प्रबंधक डॉ. रामानंद यादव, प्रधानचार्य अनीता यादव ने छात्रों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र दिया और उनके इस सफलता पर सभी ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अवनीश यादव, उमेश कुमार, जितेंद्र गुप्ता, शुभाशीष, कुंडू, परशुराम, अनिल यादव व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

## उद्योग के लिए सरकार दस लाख का कर्ज

**गाजीपुर।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड में राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित है। इस योजना में शिक्षित बेरोजगार तथा परम्परागत कारीगर विभिन्न उद्योग हेतु बैंकों के माध्यम से अधिकतम दस लाख तक ऋण दिये जाने का प्राविधान है। उक्त योजना में सामान्य जाति के लाभार्थियों को 4 प्रतिशत का वार्षिक ब्याज तथा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला को शून्य ब्याज (पूँजीगत ऋण) पर बैंको के माध्यम से खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उक्त योजना हेतु युवक/युवतियों की उम्र 18 से 50 वर्ष होना चाहिए। आवेदन पत्र विभाग की बेबसाईट पर आनलाईन करके आवेदन प्रति की हार्ड कापी कार्यालय कार्य दिवस में उपलब्ध कराना होगा। विशेष जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 44, आमघाट सहाकारी कालोनी से सम्पर्क किया जा सकात है।

## उच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित



विद्यालय परिवार ने उच्च अंक प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत संग्राम बालिका इंटर कॉलेज की प्रथम, द्वितीय और तृतीय अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधा सिंह के द्वारा इंटर में प्रथम स्थान पाने वाली अंजली खरवार, द्वितीय श्रेया यादव और तृतीय काजल यादव तथा हाईस्कूल में प्रथम अनुजा कन्नौजिया, द्वितीय साक्षी यादव और तृतीय स्थान पाने वाली खुशी गुप्ता को तिलक लगाते हुए माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विद्यालय के संरक्षक शिवशंकर सिंह ओम के द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन करते हुए छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधक संजय सिंह, सहायक अध्यापक प्रियंका सिंह, मालती सिंह, सबिता, सरिता, वरिष्ठ अध्यापक बृजमोहन यादव, कबिता सिंह, यशवंत सिंह, निशा निगम, बड़े बाबू राजन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरबीआई द्वारा जीआईसी में आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता

जनसंदेश न्यूज



आरबीआई द्वारा जीआईसी में आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता में पेपर देखते अधिकारी

**ज्ञानपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के क्रम में विभूति नारायण इंटर कालेज, ज्ञानपुर में अखिल भारतीय वित्तीय शिक्षा प्रश्नोत्तरी (क्विज) का भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजन गुरुवार को किया गया।

परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र समूह की घोषणा की गई और उन्हें जनपद स्तर पर प्रतिभा के लिए चयनित किया गया। विकास खंड स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में पाँच हजार, द्वितीय स्थान के लिए चार हजार और तृतीय स्थान के लिए तीन की धनराशि सुनिश्चित की गई। परीक्षा स्थल पर जनपद के सभी 3 तहसीलों से 27 स्कूलों के 54 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

परीक्षा स्थल के प्रभारी श्री विजय सिंह यादव, प्रधानाचार्य, डी आई ओ एस विकायल भारती, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रवीण कुमार झा, प्रबंधक रघुवंश तिवारी, भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से सहायक महाप्रबंधक शिव सिंह अधिकारी एवम् अन्य शिक्षक आदि उपस्थित रहे। जी एच एस कसिदहा, अभिया, एवम् रामनगर के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब ये बच्चे जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पुरस्कार की राशि विजेता बच्चों के खाते में सीधे आरबीआई द्वारा भेजी जायेगी।

## निकाय चुनाव के मद्देनजर उड़नदस्ता टीम ने की सघन जांच

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को दोपहर उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मौर्या अपने सहयोगी उपनिरीक्षक नान्हू यादव, हेडकांस्टेबल छोटे सिंह, सुग्रीव यादव, कैमरामैन राजेश के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग किया। उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मौर्या ने बताया कि सघन चेकिंग नगरीय चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा है जिसमें चेकिंग के दौरान कोई भी आदमी अपने डिग्गी में अपने गाड़ी में चुनाव में इस्तेमाल होने वाले अनावश्यक सामग्री न ले जाने पाए। वही आदर्श आचार संघिता के अनुपालन में भी कोई खलल नही पड़े।



## मंत्रोचारण से शुरू हुआ आदर्श भारती संस्कृत महाविद्यालय का विद्यारम्भ सत्र

**पहल**

**स्कूल चलो अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम**

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**खेतासराय।** कस्बे के उत्तरी छोर पर स्थित आदर्श भारती संस्कृत माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार की सुबह विधि-विधान से विद्यारम्भ सत्र शुरू हुआ। इसके पूर्व कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय ने मां सरस्वती की चित्र पर माल्यापर्ण कर तथा दीप प्रज्ववलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रज्वलन के उपरांत रुचि विश्वकर्मा, रंजना सिंह द्वारा संरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अथिति के रूप में उपस्थित हुए प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में उपस्थित अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं में नवीन ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले विद्यार्थी पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पढ़ाई करें तभी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए विद्वान शिक्षक आपको उन तमाम गुणों से भर देगा जिससे लक्ष्य को प्राप्त करना सुगम हो जाएगा। इस अवसर पर डॉ. धर्मराज पांडेय, मुकेश कुमार पाठक, चन्द्रवीर सिंह, अखिलेश चन्द्र मिश्र, डॉ. श्यामजीत पाण्डेय, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय, विकास पाण्डेय, प्रधानाचाय सुनीता मिश्रा, सफिया खान, विभा पाण्डेय सहित समस्त अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अजय कुमार तिवारी ने किया तथा अध्यक्षता उमादत्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विनय सिंह ने आगन्तुको के प्रति आभार प्रकट किया।

# नगरीय चुनाव में अध्यक्ष के 79 व सदस्य के 676 वैध उम्मीदवार मैदान में



तहसील भदोही में आरओ से जानकारी लेते तहसीलदार विजय यादव

**चुनाव**

**सभी सातों नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के 14 व सदस्य पद के 52 उम्मीदवारों ने अभ्यर्थन वापस लिया**

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन.2023 में नगर पालिका परिषद भदोही के अध्यक्ष के 07 उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापस के लेने के बाद वैध उम्मीदवारों की संख्या 16 है। 17 सदस्य उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापसी के उपरान्त सदस्य उम्मीदवारों की संख्या 238 है। नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अध्यक्ष पद का कोई उम्मीदवार अभ्यर्थन वापस नही लिया, वैध उम्मीदवारों की संख्या 06 है। 12 सदस्य उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापस लेने के उपरान्त वैध सदस्य उम्मीदवारों की संख्या 114 है। इसी क्रम में नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष पद के 02 उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापसी के उपरान्त वैध उम्मीदवार 08 है। 06 सदस्य उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापसी के पश्चात 58 वैध उम्मीदवार है। नगर पंचायत सूरियावॉ में अध्यक्ष 02 उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापसी के उपरान्त वैध उम्मीदवार 09 व सदस्य के 09 उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापसी के उपरान्त वैध उम्मीदवार 68 है। नगर पंचायत नई बाजार में अध्यक्ष पद के किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नही लिया। सदस्य पद के 04 उम्मीदवारों ने अभ्यर्थन वापस के उपरान्त वैध उम्मीदवार 58 है। नगर पंचायत खमरिया में अध्यक्ष पद के 03 उम्मीदवारों द्वारा अभ्यर्थन वापस लेने के उपरान्त वैध उम्मीदवार 24 व सदस्य पद के 02 उम्मीदवार अभ्यर्थन वापस के उपरान्त 88 सदस्य वैध उम्मीदवार है। नगर पंचायत घोसिया अध्यक्ष पद के किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नही लेने के उपरान्त 07 वैध उम्मीदवार है। सदस्य पद के 02 उम्मीदवारों ने अभ्यर्थन वापस के उपरान्त वैध उम्मीदवार 52 है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## न्यायालय के कार्यावधि में बदलाव

**गाजीपुर।** न्यायाधीश संजय कुमार के आदेशानुसार माह मई व जून 2023 में न्यायालय,कार्यालय का कार्यावधि समय निम्नवत निर्धारित किया किया जाता है। जिसमें माह मई 01, से माह जून 30 तक कार्यालय समय प्रातः 06:30 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक, न्यायालय समय प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक, भोजनावकाश समय प्रातः 10:30 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है।

## चोरी का मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत पवांरा बाजार निवासी बेदीलाल जायसवाल पुत्र केदारनाथ जायसवाल ने थाने पर प्रार्थना-पत्र दिया कि 11 अप्रैल दिन मंगलवार को मेरे दुकान के पीछे चहारदीवारी के अन्दर से धान कूटने की मशीन व पुल्ली सफिन अजीज पुत्र मकबूल निवासी-पवरडीह थाना पवांरा व उनके कुछ अज्ञात साथियों द्वारा चोरी कर लिया गया। इसके पहले भी दो-तीन बार चोरी कर चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# नगरीय निकायों को आठ सुपर जोन, पन्द्रह जोन एवं तीस सेक्टर में बाटा गया जनपद

जनसंदेश न्यूज

**कार्यक्रम**

**सभी सेक्टरों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढ़ंग से मतदान कराये सम्पन्न**

**चुनाव में नियुक्त समस्त मजिस्ट्रेट अपने कार्यस्थल पर समय से पहुंचना करें सुनिश्चित**

**भदोही।** सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराने के लिए जोनल, सुपर जोनल एवं मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को देखते हुए जनपद के नगरीय निकाय को आठ सुपर जोन, 15 जोन एवं 30 सेक्टरो में बांटा गया है। नगरीय निकाय निर्वाचन मे नियुक्त समस्त मजिस्ट्रेट ड्यूटी के स्थान पर समय से पहुंचे यह भी सुनिश्चित कराएं कि मतदान दिवस के दिन मतदेय स्थल के 200 मीटर के क्षेत्र में निमार्णाधीन कार्यों के लिए प्रयुक्त ईट व गिट्टी ना रखे हो इसे संबंधित के माध्यम से हटवाना सुनिश्चित करें। डीसी मनरेगा राजा राम ने बताया कि मतदाता की पहचान हेतु आयोग द्वारा निर्धारित 15 अभिलेख-भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत किये गए हैं। मास्टर ट्रेनर राकेश सिंह ने बताया कि सेक्टर जोन में स्थित मतदान केंद्रों पर सुगम और न्यूनतम समय में पूरा राउंड लेने के लिए कौन सा मार्ग उचित होगा तदनुसार उसका रूट चार्ट तैयार कराए।

उन्होंने कहा कि रूट चार्ट की एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय एवं दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रख ले। सभी अधिकारी मतदान केंद्रों पर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कोविड-19 नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे। 11 मई 2023 को मतदान दिवस के अवसर पर प्रातः 7:00 बजे से मतदान प्रारंभ कराते हुए सकुशल संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर ,ज्ञानपुर उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, उप जिलाधिकारी भदोही, उप जिलाधिकारी औराई, डी0सी0 मनरेगा राजा राम, डिप्टी एनआरएलएम श्याम जी, जोनल, सुपर जोनल, एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# सदन में पहले था सुकून अब होता है हंगामा

नगर निगम सदन तब और अब





जनहित के मुद्दों पर चर्चा का तरीका बदल चुका है

परिवर्तन संग जनहित के मुद्दे निजी स्वार्थ में बदल गये

पहले सदन में विचारों में मतभेद था मनभेद नहीं

राधेश्याम कमल

वाराणसी। नगर निगम के सदन में पहले सुकून और शांति हुआ करती थी लेकिन अब हंगामा होता है। सदन में जनहित के मुद्दों पर चर्चा तो आज भी होती है लेकिन अब उसका तरीका बदल गया है। परिवर्तन के साथ ही अब जनहित के मुद्दे निजी स्वार्थ में बदल गये हैं। पहले सदन में विचारों में मतभेद के बावजूद सभी में आपस में समझदारी थी, लेकिन अब ऐसा नहीं दिखता है। ये कहना है सात बार शहर दक्षिणी से भाजपा के विधायक रहे 83 वर्षीय श्यामदेव राय चौधरी दादा का। श्यामदेव राय चौधरी दादा 1968 से लेकर 1973 तक नगर निगम के पार्षद भी रहे। श्यामदेव राय चौधरी पहली बार 1989 में शहर दक्षिणी से भाजपा विधायक बने थे। इसके बाद 2017 तक लगातार सात बार विधायक चुने जाते रहे। श्याम देव राय चौधरी को 'जनता के नेता' के रूप में ही जाना जाता है। वह अपनी सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने में नहीं हिचकते थे। उनका मानना था कि विधायक या जनप्रतिनिधि किसी भी पार्टी का हो, उसका पहला फर्ज है जनसमस्या को दूर करने में हमेशा आगे रहना। यही कारण है कि चाहे बिजली की समस्या हो या फिर पेयजल का संकट हो अथवा फिर शहर का कोई भी ज्वलंत मुद्दा हो, दादा सभी के लिए हमेशा खड़े रहते थे। बिजली की समस्या को लेकर मैदागिन में लगातार कई दिनों तक चले उनके आमरण अनशन के बाद अखिलेश यादव सरकार ने उनकी मांगें पूरी की थी।



सात बार के विधायक रहे **श्यामदेव राय चौधरी दादा** से **खास मुलाकात**

श्यामदेव राय चौधरी अब अस्वस्थ होकर घर पर पड़े हैं। कहा कि अब पॉलिटिक्स से मेरा कोई नाता नहीं रहा। मैं अपनी पारी खेल चुका हूं। नगर निगम का सदन तब और अब संदर्भ को लेकर पूर्व विधायक श्यामदेव राय चौधरी दादा से उनके बड़ादेव (हौजकटोरा) स्थित आवास पर मुलाकात की गई। इस दौरान जनसंदेश टाइम्स ने उनसे इस मुद्दे पर लंबी बातचीत की।

## पहले पार्षद ही चुनते थे मेयर, नहीं होता था चुनाव

श्यामदेव राय चौधरी बताते हैं कि 1973 के बाद नगर निगम में चुनाव नहीं हुआ। 1979 में चुनाव हुआ था। पुराने संस्मरणों को याद करते हुए वे बताते हैं कि पहले मेयर पद के लिए चुनाव नहीं होता था। पार्षद ही मेयर चुनते थे। कहा कि वैसे तो हर क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। नगर निगम के सदन में भी परिवर्तन हुआ है। हमारे समय में नगर निगम का माहौल काफी अच्छा था। नैतिक मूल्यों पर चर्चा होती थी। विचारों में भले ही मतभेद रहा हो लेकिन आपस में समझदारी बहुत ही ज्यादा रहती थी। सदस्य जिन मुद्दों को सदन में रखते थे, उसका मतलब होता था। आज भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा होती है लेकिन उसका तरीका बदल गया है। अब तो जनहित के मुद्दे व्यक्तिगत स्वार्थ में बदल गये हैं। कहा कि सदन में पहले शांति हुआ करती थी। काफी सुकून था लेकिन आज हंगामे का सहारा लिया जा रहा है। अब तो सदस्यों को हंगामा दिखाने के लिए मीडिया का सहारा लेना पड़ता है। पहले इतना हंगामा नहीं था। बिना शोर शराबे के बातें सुनी जाती थीं। लेकिन आज सब कुछ बदल गया।

## जनता अपनी ताकत को पहचाने

श्यामदेव राय चौधरी दादा बताते हैं कि जनता को अपनी ताकत पहचाना चाहिए। इसके साथ ही उसका सही उपयोग करना चाहिए। इससे देश व समाज में सुधार आ सकता है। कहा कि जनता हमेशा सर्वोपरि रही है और रहेगी। लेकिन जरुरत है अच्छे लोगों की पहचान करने की।

## जनता का जो प्यार पहले था आज भी है बरकरार

यह सवाल किये जाने पर कि क्या जनता आज भी आपके पास आती है? कहा कि वैसे तो मैं कुछ भी नहीं हूं। जहां शक्ति है वहीं भक्ति भी है। लेकिन मुझे संतोष है कि इस स्थिति में भी जो जनता का प्यार पहले था आज भी बरकरार है। किसी भी व्यक्ति के लिए यह संतोष की बात हो सकती है। आज भी कोई आदमी हमारे पास कोई काम लेकर आता है तो हम किसी ने किसी को माध्यम बना कर कोशिश करते हैं कि उसका कार्य हो जाय। लेकिन राजनीति हित के लिए कोई काम नहीं करते हैं। टिकट के लिए कभी नहीं किया।



## ईश्वर से है शिकायत, सुख-दु:ख तो जीवन का हिस्सा

श्यामदेव राय चौधरी दादा रोजाना सुबह पांच बजे उठते हैं। पहले रोज टहलने के लिए निकलते थे और लोगों से घंटों मुलाकात भी करते थे। वे बताते हैं कि उन दिनों समय का पता ही नहीं चलता था। अब तो एक उम्र ही बीत गई। उम्र व शारीरिक कारणों से अब वह बात नहीं रह गई है जिसकी मुझे भगवान से शिकायत है। बोले, लेकिन भगवान भी क्या करेंगे। उम्र का तकाजा जो है। डाक्टर भी हंसी मजाक में कहते हैं कि आप पैदल इतना चल चुके हैं कि आपका सब कुछ खर्च हो चुका है। आपको अफसोस नहीं होना चाहिए। कहा कि मुझे तो शारीरिक के साथ ही मानसिक कष्ट भी हुआ। कोरोना काल में पुत्र के निधन से उनको सबसे बड़ा कष्ट पहुंचा था। संतान को तो वृद्धावस्था की लाठी कहते हैं। कोविड ने तो न जाने कितने ही लोगों का जीवन छीन लिया। वैसे सुख-दु:ख तो जीवन के हिस्से हैं। उन रास्तों से हमें गुजरना पड़ता है।

## देश व समाज की असली मालिक तो है जनता

श्यामदेवराय चौधरी दादा बताते हैं कि समाज एक आइना है। समाज ही बता सकता है कि कौन कैसा है। सभी कहते हैं कि हम अच्छा हैं। कहा कि देश व समाज का असली मालिक तो जनता है। जनता के हित के सिवाय हमने कुछ जाना नहीं है। जनता के हित के लिए ही लोग चुने जाते हैं। उसका हित सर्वोपरि है लेकिन अब परिस्थितियां बदलती जा रही है।

## और अंत में...दादा जैसा जनप्रतिनिधि चिराग लेकर ढूंढेंगे

राजनीति में मजबूत पोजीशन बना लेने वाले नेताओं को हम हर जगह पाएंगे। लेकिन श्यामदेव दादा सरीखे पाएदार नेता जमीन से जुड़े होने की एक मिसाल रहेंगे। लोगों के सुख में हर वक्त दिखते थे तो दुख में भी चौबीसों घंटे नजर आते थे। क्या मरनी और क्या करनी, हर जगह हम उन्हें पाते रहे हैं। यूपी के कैबिनेट मंत्री थे तो सरकारी गाड़ी को ठुकरा दिया कि ये मेरे स्वभाव का हिस्सा नहीं। बड़ी उलझन होती है। लखनऊ से इंटर सिटी पकड़कर कैंट आते और रिक्शे से बड़ादेव स्थित आवास पर आते बारहा देखा गया है। जो नहीं जानते थे, उन्हें यकीन नहीं होता था कि ये कैबिनेट मंत्री हैं। सत्ता के बगलगीर होने के बाद भी शहर या मुहल्ले में उनका कभी कोई गैंग नहीं था। नेताओं के हम सब गैंग बनते देखते रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी पावर सेंटर नहीं बनाया। आने वाले दिनों में हम सब खोजेंगे ऐसे नेता, पर मिलेंगे नहीं।

# गंगा सप्तमी पर महिलाओं ने चढ़ाई चुनरी

**त्योहार**

### कहीं पर सूर्य को अर्घ्यदान तो कहीं हुआ दुग्धाभिषेक

### शोभायात्रा के साथ गंगा को चढ़ायी गई चुनरी



**वाराणसी।** गंगा के अवतरण दिवस गंगा सप्तमी पर गुरुवार को वाराणसी के दशाश्वमेध समेत अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर दुग्धाभिषेक किया। गंगा घाटों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी रही। घाटों पर कई जगह सूर्य को अर्घ्यदान भी अर्पित किया गया। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी के नेतृत्व में ढुढ़ीराज गणेश से गंगा सप्तमी पर शोभायात्रा निकाली गई। इसके साथ ही दशावमेधघाट पर महिलाओं ने गंगा को आरपार की चुनरी भी चढ़ायी। हर-हर गंगे के साथ आस्थावानों की भीड़ को लेकर जल पुलिस सभी घाटों पर चक्रमण करती रही। दुग्धाभिषेक करने वालों में राजनेता, अफसर के साथ ही गंगा श्रद्धालु शामिल रहें। इन लोगों ने मां गंगा के अविरल निर्मल प्रवाह की कामना की। भगीरथ तप के बाद ब्रह्म कमंडल से निकलीं गंगा के प्रति लोगों में आस्था नजर आई। कई घाटों पर गंगा के धरती पर आने का जश्न परंपरागत तरीके से मनाया गया। गंगा सप्तमी के दिन दशाश्वमेध घाट पर खेल जगत, उद्योग, शासन और प्रशासन के लोगों ने इस नदी के अविरलता और निर्मलता के लिए संकल्प लिया।





# दक्षिण भारतीयों को 29 को वर्चुअल संबोधित करेंगे पीएम

**संबोधन**

### मानसरोवर घाट पर संबोधन का तेलुगु अनुवाद सुनेंगे तीर्थयात्री

### सायंकाल सात बजे से सिर्फ 12 मिनट का होगा संबोधन

**वाराणसी।** गंगा पुष्करालु कुंभ को लेकर काशी आये दक्षिण भारतीय तीर्थयात्रियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अप्रैल को हिंदी में वर्चुअल संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंदी में क्या बोल रहे हैं इसकी जानकारी घाट किनारे तेलुगु भाषाभाषियों को हो इसके लिए अनुवादक की सेवाएं ली जायेगी। पीएम का प्रस्तावित सयम सायं सात बजे है। दिल्ली से आनलाइन होने वाला यह संबोधन करीब 12 मिनट का होगा। हिंदी व तेलुगु पर समान अधिकार रखने वाले तीन विद्वानों के नामों पर विचार किया जा रहा है। इनमें किसी एक विद्वान का नाम अनुमोदित होगा। निर्णय काशी तेलुगु समिति करेगी। समिति के सचिव वीवी सुंदर शास्त्री ने बताया कि पीएम के संबोधन के लिए क्षेमेश्वरघाट व मानसरोवर घाट के मध्य बड़े प्लेटफार्म पर मंच व मंडप बनाया जायेगा। इसमें लगभग 500 दक्षिण भारतीयों के अलावा वैदिक छात्र व आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना के करीब एक हजार तीर्थयात्री रहेंगे। मंच पर आन्ध्र के प्रवचनकर्ता आचार्य साग्वेद षडमुख शर्मा व समिति के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिंहा राव होंगे।



# भारत के लिए कौन सी मुसीबत खड़ी कर रहा म्यांमार

**आशंका**

### कोको द्वीप में चीन रक्षा विस्तार में लगा हुआ है



म्यांमार सरकार की एक हरकत भारत के लिए चिंता का कारण बनती जा रही है। उसने कोको द्वीप पर चीन को सैन्य सुविधाएं बनाने की इजाजत दे दी है। भारत ने इस पर अपनी चिंता भी जताई है हालांकि म्यांमार सरकार ने इससे इनकार किया है।2005 में भारत के तत्कालीन नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दौरे पर थे। पोर्ट ब्लेयर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा था, म्यांमार सरकार के मुताबिक कोको द्वीप में चीन की कोई मौजूदगी नहीं है और हम इस बात पर यकीन करते हैं। उनकी इस आधिकारिक यात्रा के चंद महीने पहले म्यांमार के नौसेना प्रमुख, सो थेन, दिल्ली आए थे और एडमिरल प्रकाश से लंबी बातचीत का दौर चला था।1948 में म्यांमार की आजादी के पहले तक दूसरे विश्व युद्ध में जापानी सेना कोको द्वीप को अपने नौसेना अड्डे के तौर पर इस्तेमाल करती थी। म्यांमार का हिस्सा बनने के बाद 20वीं सदी के अंत तक यहां पर एक रडार स्टेशन हुआ करता था। खास बात ये है कि 'ग्रेट कोको आइलैंड' (द्वीप) भारत के अंडमान-निकोबार के महज 55 किलोमीटर उत्तर में स्थित है।

### म्यांमार के रास्ते समंदर तक पहुंचा चीन, भारत को कितना खतरा?

ब्रिटेन की नामचीन पॉलिसी इंस्टिट्यूट चैटम हाउस की एक नई रिपोर्ट के बाद कोको द्वीप दोबारा से अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनने की कगार पर है। इस शोध के मुताबिक, ताजा और भरोसेमंद सैटलाइट तस्वीरें इस द्वीप पर तेज हुई गतिविधियों की ओर इशारा करती हैं, जो भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है। तस्वीरें इस ओर भी इशारा करती हैं कि म्यांमार बहुत जल्द ही इस द्वीप से खुफि या समुद्री निगरानी की शुरूआत कर सकता है। कुछ जानकरों को ये भी मत है कि म्यांमार के सबसे मजबूत पड़ोसी चीन को इस द्वीप में अपने लिए एक सामरिक-आर्थिक उम्मीद दिख रही है।

दरअसल, महीनों की रिसर्च के बाद ये तस्वीरें सैटलाइट इमेजरी में दुनिया में शीर्ष मानी जाने वाली मैक्सर टेक्नॉलजीज ने जारी की हैं, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बंगाल की खाड़ी के बीच स्थित कोको द्वीप में निर्माण काम जारी है। डेमियन साइमन और जॉन पॉलक ने चैटम हाउस की जिस रिसर्च को तैयार किया है, उसके मुताबिक, हवाई जहाज को सुरक्षित रखने वाले दो हैंगर, रहने के क्वार्टर और पहले से बनी हुई 1,300 मीटर लंबी हवाई पट्टी को बढ़ाकर करीब 2,300 मीटर लंबा कर दिया गया है। रक्षा मामलों की नामचीन पत्रिका जेन डिफेंस वीकली के मुताबिक, फाइटर जेट्स और बड़े मालवाहक फौजी विमानों को लैंड और टेक-ऑफ करने के लिए 1,800 मीटर से लेकर 2,400 मीटर तक की लंबी हवाई पट्टी चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने हाल ही में इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, भारत उस तरह की सभी गतिविधियों पर अपनी नजर लगातार बनाए हुए है, जिनका वास्ता देश की सुरक्षा से है।

उधर म्यांमार की फौजी सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जाव मिन तुन ने इस तरह के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि, म्यांमार किसी भी विदेशी सरकार को अपनी धरती पर सैन्य अड्डा बनाने की इजाजत नहीं देगा। भारत सरकार को पता है कि उस द्वीप पर सिर्फ.म्यांमार के सुरक्षा बल हैं जो अपने देश की रक्षा करते हैं। म्यांमार में सेना के तख़्तापलट के बाद से देश में विदेशी हस्तक्षेप के बढ़ने की खबरें आती रही हैं. इसे म्यांमार में चीन के बढ़ते रसूख के तौर पर समझा जाता है।चीन ने दशकों से अपने आयात-निर्यात और ऊर्जा संबंधी जरूरतों को समुद्री कारोबार के जरिए पूरा करने के लिए 'मलक्का स्ट्रेट' पर नजरें गड़ाई हुई हैं।करीब 800 किलोमीटर लंबा ये समुद्री रास्ता इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर के बीच में पड़ता है, जिससे होकर चीनी जहाज हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी के जरिए पश्चिमी दुनिया तक पहुँचते हैं। आर्थिक पाबंदियों और आंतरिक राजनीतिक संकटों से झेल रहा म्यांमार चीन के लिए एक उपयुक्त सहयोगी साबित हो सकता है। चीन म्यांमार का सबसे प्रमुख डिफेंस सप्लायर है और दूसरा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक भी।

एक सामरिक जानकार का कहना है कि पश्चिमी ताकतों ने पिछले कुछ दशकों में जिस तरह म्यांमार की घेराबंदी की और सख़्ती से पेश आए, उसी के चलते म्यांमार और चीन की नजदीकियाँ बढ़ती रहीं। म्यांमार की राष्ट्रवादी सेना भले ही चीन की महत्वकांक्षा से परिचित हो लेकिन अंतरराष्ट्रीय पटल पर अलग-थलग पड़ने पर उसके पास चारा भी क्या है।

# 'काशी फिर आएंगे' के संकल्प संग लौटे तेलगु समाज के लोग

**हुए विदा**

### समारोह में के. गीतामूर्ति का हुआ सम्मान, गंगा पुष्कर महोत्सव में आने वाले का किया आभार



**वाराणसी।** आदिशंकराचार्य भक्त समाज एवं तत्वम चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से काशी में आयोजित छः दिवसीय जगदगुरू आदिशंकराचार्य जयंती महोत्सव एवं 12 वर्षों बाद पड़ने वाला गंगा पुष्कर महोत्सव कार्यक्रम की पूर्णाहुति अस्सी घाट पर नारायण बलि एवं देर रात्रि तक अस्सी स्थिति छोटा नागपुर वाटिका में वैदिक विद्वानों के आशीवर्चन के साथ सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम को पूर्ण करने के उपरांत कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रा, तेलंगाना, महाराष्ट्र से आए बड़ी संख्या में तेलुगु समाज के बंधुओं की स्वराज वापसी शुरू हो गई। गुरुवार को भी अधिकांश श्रद्धालुजनों ने गंगा में डुबकी लगाई। शहर कोतवाल काल भैरव, दण्डपाणि, बाबा विश्वनाथ, माता अन्नपूर्णा एवं श्री संकटमोचन मंदिर में मत्था टेका। यहां का प्रसाद आशीर्वाद काशी की नयनाभिराम झांकी और काशीवासियों के आतिथ्य से तृप्त होकर तेलुगु समाज के लोग पुनः आने की बात कहकर लौट गए।अस्सी घाट पर नारायण बलि से पूर्व कार्यक्रम संयोजक आदि शंकराचार्य भक्त समाज के संस्थापक अध्यक्ष श्रीनिवास बंगारइया शर्मा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि तेलंगाना भाजपा महिला मोर्चा की राज्य अध्यक्ष श्रीमती के. गीतामूर्ति ने कहा कि यहां आकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने से हमारा जीवन सार्थक हुआ। समारोह के वैदिक विद्वान ब्रह्मश्री प्रसिद्ध कथा वाचक सामवेदम सन्मुख शर्मा भवन ट्रस्ट के ट्रस्टी मरू मामुला, वेंकटरमण शर्मा, मान्डुगुल पुरूषोत्तम शर्मा, कोडगण्डला राधाकृष्ण शर्मा, तासुल चंद्रशेखर शर्मा एवं तेलुगू समाज के अन्य विशिष्ट जनों ने श्रीमती के गीता मूर्ति को अंगवस्त्रम व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में संस्था अध्यक्ष श्री रमेश गुप्ता, श्री मल्लइया गुप्ता, श्री भीमसेन मूर्ति, श्री प्रभाकर शर्मा, श्री शिवशंकर, श्रीमती राजेश्वरी, श्रीमती राणी, श्रीमती लक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।